वार्षिक प्रतिवेदन

उत्तर प्रदेश

लोक सेवा आयोग

इलाहाबाद

सन् १९६२-६३

इलाहाबाद

अधीक्षक, राजकीय मुद्रण तथा लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश (भारत)

१९६४

प्रस्तावना

भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२३ के खण्ड (२) के उपबन्धों के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को सन् १९६२-६३ का अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं।

राधाकृष्ण अध्यक्ष

मुहम्मद हम्माद फारूकी सदस्य

रामधर ,,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा ,,

जैकरन नाथ उग्रा ,,

इलाहाबाद,

[illegible] नवम्बर, १९६३।

विषय-सूची

परिशिष्ट

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सन् १९६२-६३ के कार्य का वार्षिक प्रतिवेदन।

१---आयोग के सदस्य

श्री राधा कृष्ण, एम० ए०, एल-एल० बी० पूरे वर्ष भर अध्यक्ष तथा डा० मुहम्मद हम्माद फारुकी, एम० ए०, एल-एल० बी०, पी० एच० डी०, बार-एट-ला, डा० रामधर, एम० ए०, पी० एच० डी० एवं श्री आर० पी० वर्मा, बी० ए०, एल-एल० बी०, सदस्य बने रहे। श्री गिरीश चन्द्र, एम० ए०,एल-एल० बी० १४ अप्रैल, १९६२ तक सदस्य रहे। तत्पश्चात् ६० वर्ष की आयु के हो जाने पर वे अपने पद से अलग हुए। उनके स्थान पर श्री जैकरन नाथ उग्रा, एम० ए०, एल-एल० बी० ने १४ अप्रैल, १९६२ के अपरान्ह से आयोग के सदस्य के पद का कार्यभार ग्रहण किया।

२---आयोग के कर्मचारिवर्ग

श्री पूरन चन्द्र पांडे, आई० ए० एस० पूरे वर्ष भर आयोग के सचिव बने रहे। श्री बेनी कृष्ण शर्मा २ अप्रैल, १९६२ को उपसचिव हो कर आये और १ जनवरी, १९६३ के पूर्वान्ह में चले गये। श्री पांडे ४ जून से १० जुलाई, १९६२ तक अवकाश पर रहे। इस अवधि में श्री बेनी कृष्ण शर्मा सचिव, श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना, उपसचिव तथा श्री जे० ई० कर्न्स सहायक सचिव के पद पर स्थानापन्न रहे। श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना ३१ दिसम्बर, १९६२ तक सहायक सचिव रहे और ५ अप्रैल, १९६२ से उस पद पर स्थायी कर दिये गये। वे १ जनवरी, १९६३ से उपसचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किये गये और वर्ष के अन्त तक चलते रहे। वे १६ अक्तूबर से २७ अक्तूबर, १९६२ तक अवकाश पर रहे। उनके छुट्टी जाने से रिक्त स्थान पर कोई नियुक्ति नहीं की गई। अतिरिक्त सहायक सचिव के पद के स्थान पर, जिसके पदधारी श्री शिव चरन लाल गुप्त थे, शासन ने १ अप्रैल, १९६२ से सहायक सचिव का एक स्थायी पद स्वीकृत किया। श्री गुप्त उस पद पर वर्ष भर बने रहे, सिवाय १४ फरवरी से २ मार्च, १९६३ की अवधि के, जिसमें वे अवकाश पर थे। उनके अवकाश पर जाने से रिक्त स्थान पर कोई नियुक्ति नहीं की गई थी। श्री गुप्त उक्त पद पर २४ जुलाई, १९६२ से स्थायी कर दिये गये। श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना के उपसचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत हो जाने पर श्री जे० ई० कर्न्स १ जनवरी, १९६३ से सहायक सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किये गये।

२---निम्नलिखित अस्थायी पदों का कार्यकाल प्रतिवेदनाधीन वर्ष के अन्त तक के लिये बढ़ा दिया गया---

उपसचिव	...	...	१
अधीक्षक	...	...	१
सहायक अधीक्षक	...	...	६
प्रवर वर्ग सहायक	...	...	१२
आशु लिपिक	...	...	१

निर्देश लिपिक	...	...	१
अवर वर्ग सहायक	...	...	१२
टंकक	...	...	१

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में एक प्रवर वर्ग सहायक अनियमितता उन्मूलन संबंधी कार्य के लिये स्वीकृत किया गया। ८०–२०० रु० के वेतन–क्रम में एक पूछ–ताछ सहायक भी स्वीकृत किया गया। इनके अतिरिक्त, निम्नलिखित निम्नश्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति की स्वीकृति भी प्राप्त हुई :—

१—अटेन्डर जमादार	...	...	१
२—चौकीदार	...	...	१
३—माली	...	...	१
४—ट्यूब वेल आपरेटर	...	...	१
५—भिश्ती	...	...	१

३—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग के कार्यालय में आकस्मिक कार्याधिक्य को निपटाने के लिये आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु अध्यक्ष के अधिकार में २,००० रु० की एकमुश्त धनराशि रखी गयी।

४—वर्ष के आदि और अन्त में कर्मचारिवर्ग की स्वीकृत संख्याओं का एक तुलनात्मक विवरण परिशिष्ट १४ में दिया गया है।

३—आय–व्यय

गत वर्ष आयोग की आय ६,३७,१९३ रुपये थी। इस वर्ष की आय बढ़कर ६,९७,८११ रुपये हो गई अर्थात् कुल ६०,६१८ रुपये की वृद्धि हुई। इस वृद्धि का कारण यह था कि खंड विकास अधिकारी के पदों के लिये प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या बहुत थी तथा राज्य की अभियन्त्रण सेवाओं में भर्ती के लिये एक नई प्रतियोगिता परीक्षा चालू की गई। वर्ष भर में कुल १०,०१,३४९ रु० व्यय हुए, जब कि गत वर्ष ९,८४,९०० रुपये व्यय हुए थे। व्यय में १६,४४९ रु० की वृद्धि का कारण मुख्यतः यह था कि विभिन्न परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि हो गई थी।

४—आयोग की बैठकें

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विभिन्न परीक्षाओं तथा चुनावों के संबंध में व्यक्तित्व उप–परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों को करने के लिये आयोग ने २६१ दिन अपनी बैठकें कीं। इन साक्षात्कारों के लिये कई दिन दो या अधिक परिषदों का निर्माण किया गया। वर्ष में विभिन्न परिषदों की बैठकों की कुल संख्या ७०७ थी। जो मामले चरित्रा–वलियों को घुमाने से निपटाये न जा सके थे, उन मामलों पर विचार–विमर्श करने के लिये भी आयोग ने जब जब आवश्यकता पड़ी, अपनी बैठकें की।

५--परीक्षा द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष, १९६२--६३, में आयोग ने :

(१) परिशिष्ट २ में मद संख्या १ से १०, १२ तथा १९ के सामने उल्लिखित १२ परीक्षाओं का परीक्षा-फल घोषित किया;

(२) उपर्युक्त परिशिष्ट के मद ७ से २० के सामने उल्लिखित १४ परीक्षाओं के संबंध में लिखित विषयों में परीक्षा ली;

(३) उपर्युक्त परिशिष्ट के मद १, २, ३, ५, ७, ८, १० तथा १२ के सामने उल्लिखित ८ परीक्षाओं के संबंध में व्यक्तित्व उप परीक्षायें लीं [ये सब परीक्षायें ऊपर (१) में सम्मिलित हैं] शेष ४ परीक्षाओं के संबंध में जो मद ४, ६, ९ तथा १९ के सामने उल्लिखित हैं, व्यक्तित्व उप परीक्षाओं की आवश्यकता नहीं थी।

(४) उपर्युक्त परिशिष्ट के मद २१ से २५ के सामने उल्लिखित ५ परीक्षाओं का विज्ञापन निकाला गया, जिनका संचालन १९६३--६४ में किया जायगा।

२--परिशिष्ट २ को देखने से पता चलेगा कि प्रथम ६ परीक्षाओं के अंकों को छोड़कर जिनकी लिखित परीक्षा गत वर्ष ली जा चुकी थी, विज्ञापित रिक्तियों की कुल संख्या १,३६९ थी। कुल १३,८२१ आवेदन-पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें से कुल १२,६६२ अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी किन्तु कुल ९,९७३ अभ्यर्थी परीक्षाओं में बैठे।

३--जिन १२ परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित किये गये थे, उनके आधार पर कुल २४४ रिक्तियों को भरने का निश्चय किया गया था। आयोग ने कुल ३८९ अभ्यर्थियों को संस्तुत किया। वर्ष की समाप्ति तक नियुक्ति प्राधिकारियों ने १९५ अभ्यर्थियों को नियुक्त किया। जिन मामलों में नियुक्ति आदेश प्राप्त हुए थे, उन सब में नियुक्तियां आयोग के परामर्शानुसार की गई थीं।

४--वर्ष में कुल १,०३७ अभ्यर्थी व्यक्तित्व उप परीक्षाओं के लिये बुलाये गये थे।

५--चौदह परीक्षाओं के परीक्षाफल १९६१--६२ में प्रकाशित किये गये थे। उन परीक्षाओं के परीक्षाफल के आधार पर पहले कुल ३७३ रिक्तियों को भरने का निश्चय किया गया था। बाद में ४५ और रिक्तियों को भरने का निश्चय किया गया। इस प्रकार रिक्तियों की कुल संख्या ४१८ हो गई। उस वर्ष के अन्त तक ९३ अभ्यर्थियों (१९६१--६२ के वार्षिक प्रतिवेदन के परिशिष्ट २ के मद ४ के सामने उल्लिखित ११ अभ्यर्थियों को लेकर, जिनके विषय में रिक्तियों की संख्या का पता नहीं था, क्योंकि वह एक अर्हकारी उपपरीक्षा थी) की नियुक्ति के आदेश प्राप्त हो गये थे। १८८ अभ्यर्थियों (उन १८ रिक्तियों को छोड़कर जिनके लिये अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हुए थे, जैसा १९६१-६२ के प्रतिवेदन के परिशिष्ट २ के मद ६, ९ तथा ११ के सामने उल्लिखित किया गया था) की नियुक्ति के आदेश प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्राप्त हुए। शेष ११९ रिक्तियों के विषय में स्थिति इस प्रकार थी:--

(१) उत्तर प्रदेश सचिवालय तथा सूचना निदेशालय में प्रवर वर्ग सहायकों की ९१ रिक्तियां तथा अवर वर्ग सहायकों की ३३ रिक्तियां

१९६० की परीक्षा के आधार पर भरी जाने को थीं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक प्रवर वर्ग सहायक के पदों पर ३८ अभ्यर्थियों तथा अवर वर्ग सहायक के पदों पर १८ अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेश प्राप्त हुए। प्रवर वर्ग सहायक के पदों पर ५३ अभ्यर्थियों तथा अवर वर्ग सहायक के पदों पर १५ अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेशों की प्रतीक्षा प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

(२) पांच विभिन्न सेवाओं तथा पदों में २६ रिक्तियां सम्मिलित राज्य सेवा परीक्षा, १९६० के परीक्षाफल के आधार पर भरी जाने को थीं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक ऐसी २३ रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति आदेश प्राप्त हुए। ३ अभ्यर्थियों अर्थात् उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा के लिये १ अभ्यर्थी, उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के लिये १ अभ्यर्थी तथा सहायक सामान्य प्रबन्धक के पद के लिये १ अभ्यर्थी के विषय में नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित रहे।

(३) सहायक बिक्री कर अधिकारियों की ३० रिक्तियां तथा मनोरंजन कर निरीक्षकों की २ रिक्तियां १९६० की परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर भरी जाने को थीं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक सहायक बिक्रीकर अधिकारियों की ३० रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति आदेश प्राप्त हो गये। मनोरंजन कर निरीक्षक की रिक्तियों के विषय में नियुक्ति आज्ञाओं की प्रतीक्षा की जाती रही।

(४) अधीनस्थ स्थानीय निधि लेखा परीक्षा सेवा में सहायक लेखा परीक्षक के पदों के लिये ली गई १९६१ की परीक्षा के आधार पर ६ रिक्तियां भरी जाने को थीं। ६ अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश भेजे गये, किन्तु केवल चार ने अपने पदों का कार्यभार ग्रहण किया। इस प्रकार केवल २ रिक्तियां भरने को रह गई थीं, किन्तु बाद में ३ की सेवायें समाप्त कर दी गईं। भरने से रहगई इन रिक्तियों में नियुक्ति के विषय में परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा, उत्तर प्रदेश से पत्र-व्यवहार हो रहा है।

(५) उत्तर प्रदेश सचिवालय में, सूचना निदेशालय में तथा लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में प्रवर वर्ग सहायकों की ९६ रिक्तियां तथा अवर वर्ग सहायकों की २० रिक्तियां १९६१ की परीक्षा के आधार पर भरी जाने को थीं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक प्रवर वर्ग सहायक के पदों पर ५४ अभ्यर्थियों तथा अवर वर्ग सहायक के पदों पर १८ अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेश प्राप्त हुए। प्रवर वर्ग सहायक के पदों पर ४२ अभ्यर्थियों तथा अवर वर्ग सहायक के पदों पर २ अभ्यर्थियों के विषय में नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित रहे।

६--सामान्यतया परीक्षाओं का केन्द्र, इलाहाबाद में आयोग का परीक्षा भवन रहता है, किन्तु ५ परीक्षाओं के केन्द्र बाहर भी खोलने पड़े अर्थात् एक लखनऊ में, एक इलाहाबाद, लखनऊ और आगरा में, एक इलाहाबाद, मेरठ, गोरखपुर तथा लखनऊ में, एक इलाहाबाद, मेरठ, आगरा तथा लखनऊ में और एक इलाहाबाद, मेरठ, आगरा, गोरखपुर, बरेली, कानपुर तथा लखनऊ में। आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यगण बाहर के कुछ परीक्षा केन्द्रों में किये गए प्रबन्ध को देखने के लिये वहां गये।

७--अनुसूचित जातियों के हेतु आरक्षित रिक्तियों के लिये उनकी प्राप्यता के विषय में स्थिति का दिग्दर्शन निम्नलिखित प्रविवरण में कराया गया है :--

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या	अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की संख्या जो संस्तुत किये गये	उन रिक्तियों की संख्या जिनके लिये अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो सके	३१-३-६३ तक नियुक्त अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५	६	७
१	नायब तहसीलदार, १९६१	५	१५	..	४	शेष अभ्यर्थियों के विषय में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा है।
२	कलेक्शन नायब तहसीलदार, १९६१	४				
३	उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा, १९६१	५	१	४	१	५ अभ्यर्थी व्यक्तित्व उप परीक्षा के लिये बुलाये गये थे, किन्तु और कोई उपयुक्त नहीं पाया गया।
४	उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा, १९६१	२	...	..	२	२ उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के संबंध में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा है।
५	उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा, १९६१	२	६	..	..	
६	उत्तर प्रदेश वित्त तथा लेखा सेवा, १९६१	२	५	..	..	नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा है।

१	२	३	४	५	६	७
७	उत्तर प्रदेश अधीनस्थ प्रति–निबन्धक सेवा में प्रति–निबन्धक, १९६१	४	२	२	२	४ अभ्यर्थी व्यक्तित्व उप परीक्षा के लिये बुलाए गये थे, किन्तु और कोई उपयुक्त नहीं पाया गया।
८	सहायक बिक्री–कर अधिकारी, १९६१	७	१४	..	..	नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा है।
९	मनोरंजन कर–निरीक्षक, १९६१	१				
१०	उत्तर प्रदेश सचिवालय में आशुलिपिक, १९६१	७	..	७	..	कोई अर्ह नहीं हो सका।
११	फारेस्ट रेंजर्स कोर्स, १९६२–६४	२	१	१	..	नियुक्ति के लिये एक मात्र अभ्यर्थी जो संस्तुत किया गया था, वह चुनाव के लिये विहित शारीरिक एवं स्वास्थ्य उप परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुआ।
१२	वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९६३–६४	२	१	१	१	व्यक्तित्व उप परीक्षा के लिये और कोई अभ्यर्थी अर्ह नहीं हुआ।
	योग ..	४३	४५	१५	१०	

८—परिशिष्ट २ की मद संख्या ४, ६ और १९ के सामने दिखलाई गई परीक्षाओं के विषय में अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये किसी रिक्ति को आरक्षित करने का प्रश्न नहीं उठा, क्योंकि वे वास्तव में अर्हकारी उप परीक्षायें थीं, जो पुनरीक्षित वेतन क्रम में नियुक्ति के लिये उपयुक्तता के निश्चयन हेतु, पदोन्नति हेतु अथवा स्थायी पदों में स्थायीकरण के पूर्व एक विषय में उत्तीर्ण होने के लिये ली गई थीं।

ऊपर के विवरण से पता चलता है कि १२ परीक्षाओं में, जिनके परीक्षाफल इस वर्ष घोषित किये गये, अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रिक्तियों की कुल संख्या ४३ थी और यद्यपि अनुसूचित जातियों के कुल ४५ अभ्यर्थी संस्तुत किये गये थे, उन अभ्यर्थियों की वास्तविक संख्या, जो वर्ष के अन्त तक नियुक्त किये गये, १० थी। १५ रिक्तियों के लिये अनुसूचित जातियों के उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो सके।

९—६२ रिक्तियों के विषय में, जो गत वर्ष अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित थीं, नियुक्ति आज्ञाओं की प्रतीक्षा थी, देखिये गत वर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ५ के पैरा ७ में दिया हुआ विवरण। इनमें से ४९ रिक्तियों के विषय में नियुक्ति आदेश प्रतिवेदनाधीन वर्ष में जारी किये गये अथवा शीघ्र बाद ही प्राप्त हुये और आयोग के परामर्श के अनुसार थे। शेष १३ पदों के लिये संस्तुत किये गये अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हुये क्योंकि वे उसके बाद अन्य पदों के लिये चुन लिये गये थे।

१०—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ५ के पैरा ५ में यह उल्लेख किया गया था कि १९६०–६१ की ४० रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उन सब के संबंध में नियुक्ति आदेश जारी किये गये।

११—१९६१–६२ के अध्याय ५ के पैरा ९ में उल्लेख किया गया था कि उस वर्ष की समाप्ति तक ५ रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उन सब के नियुक्ति आदेश जारी किये गये।

१२—१९६१–६२ के अध्याय ५ के पैरा १० में यह उल्लेख किया गया था कि पशुलिपिक के पद पर एक अभ्यर्थी की नियुक्ति का मामला, जो शासन द्वारा आयोग के पुनर्विचारार्थ भेजा गया था, उस वर्ष की समाप्ति तक पत्र व्यवहारान्तर्गत रहा। आयोग उसकी नियुक्ति से सहमत हुये और प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आदेश प्राप्त हो गये।

६—चुनाव द्वारा भर्ती

१९६२–६३ के वर्ष में विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के पश्चात् चुनाव करके सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या गतवर्ष के अग्रेनीत अंकों को शामिल करके ७,३०६ थी और उसी अवधि में उन आवेदन-पत्रों की कुल संख्या, जिन पर विचार करना था, ५२,१२१ थी। प्रतिवदनाधीन वर्ष में परिशिष्ट ३ के स्तम्भ (३) व (४) में उल्लिखित ५,३४९ रिक्तियों तथा ३०,७७६ आवेदन-पत्रों के विषय में चुनाव कार्य यहां तक पूरा हो गया था कि साक्षात्कार कर लिये गये थे अथवा नियुक्ति प्राधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया था अथवा थोड़े से मामलों में विज्ञापन निरस्त कर दिये गये थे। किन्तु परिशिष्ट ३–क के स्तम्भ (३) व (४) में उल्लिखित शेष १९५७ रिक्तियों तथा २१,३४५ आवेदन-पत्रों के विषय में वर्ष के अन्त तक उपर्युक्त कार्यवाही पूरी नहीं की जा सकी। वर्ष में किये गये चुनावों के संबंध में १४,१२९ अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलाया

गया, पर वास्तव में कुल १०,८७० अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया और कुल ५,४९१ अभ्यर्थी चुने गये।

२--ऊपर पैरा १ में प्रतिवेदित रिक्तियों की संख्या अर्थात् ७,३०६ में वे ४१० रिक्तियां नहीं शामिल हैं, जिनके विषय में अर्थना-पत्र तो वर्ष के भीतर आ गये थे, किन्तु विज्ञापन नहीं निकाले जा सके थे, क्योंकि या तो संबंधित प्राधिकारियों से प्रस्तावित अर्हताओं को पुनरीक्षित करने के संबंध में पत्र-व्यवहार हो रहा था, या अर्थना-पत्र वर्ष की समाप्ति के समय प्राप्त हुये थे अथवा अन्य कोई कारण थे।

३--निम्नलिखित १५ मामलों में प्रत्येक के सामने उल्लिखित कारणों से निकाले गये विज्ञापनों को निरस्त करना पड़ा अथवा चुनावों को स्थगित करना पड़ा :--

क्रम संख्या	परिशिष्ट ३ में मद संख्या	पद का नाम	संख्या		निरस्तीकरण अथवा स्थगन के कारण
			विज्ञापित पदों की	प्राप्त आवेदन-पत्रों की	
१	२	३	४	५	६
१	५६२	सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में ज्येष्ठ विश्लेषण सहायक (खाद्य)	१	५	चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक के अनुरोध पर विज्ञापन निरस्त किया गया।
२	५६५	उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय की पावर लूम योजना में प्राविधिक प्रबन्धक	२	५	पद तोड़ दिये गये।
३	५६६	पी० आर० ए० आई०, उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों में सीनियर असोशियेट (कृषि अभियन्त्रण)	१	११	मितव्ययिता के विचार से पद बन्द कर दिया गया।
४	५६७	बरेली में हाथी दांत की पच्चीकारी तथा लकड़ी तारकशी के काम की योजना के अन्तर्गत हाथी दांत का पच्चीकारी विशेषज्ञ	१	९	योजना बन्द हो जाने के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।
५	५६८	गुड़िया तथा कोमल खिलौना निर्माण विकास योजना, लखनऊ में सहायक विकास अधिकारी (खिलौने)	१	११	योजना बन्द हो जाने के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।

१	२	३	४	५	६
६	५६९	उत्तर प्रदेश श्रमायुक्त के अधीन लखनऊ तथा कानपुर में कार्मिक परामर्श सेवा स्थापन के लिये कार्मिक परामर्शदाता	२	१२	योजना बन्द हो जाने के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।
७	५७०	ंचायत निदेशालय में पत्रकार	१	६	पद तोड़ दिया गया।
८	५७५	स० ना० चि० महाविद्यालय, आगरा में सर्जरी में प्राध्यापक	१	४	पद पर एक अवकाश प्राप्त प्राध्यापक की पुनर्नियुक्ति संबंधी शासन के प्रस्ताव से आयोग के सहमत हो जाने के कारण विज्ञापन निरस्त किया गया।
९	५७६	नगर तथा ग्राम नियोजन विभाग में रूरल हाउसिंग सेल के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता (नगर नियोजन)	१	१	राष्ट्रीय संकट के कारण पद तोड़ दिया गया।
१०	५७७	नगर तथा ग्राम नियोजन विभाग में क्षेत्रीय-सहित-औद्योगिक नियोजक	१	१	राष्ट्रीय संकट के कारण पद तोड़ दिया गया।
११	५७८	समाज कल्याण विभाग में राजकीय उत्तर रक्षा गृहों के लिये अन्वेषक	४	४३	पद बन्द कर दिये गये।
१२	५७९	भिक्षुक कर्मशाला अधीक्षक	१	११	तदेव
१३	५८१	प्रधानाचार्य, ठाकुर दान सिंह बिष्ट राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल	१	१८	चुनाव स्थगित कर दिया गया क्योंकि वर्तमान पद-धारी की पुन नियुक्ति की अवधि दिसम्बर, १९६३ तक के लिये बढ़ा दी गई थी।

१	२	३	४	५	६
१४	५८२	राष्ट्रीय हारटोरियम, मेरठ में सहायक औद्यानिक	१.	२०	शासन के अनुरोध पर विज्ञापन निरस्त किया गया।
१५	५८३	विधि आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में विधि नक्शानवीस	१	८	राष्ट्रीय संकट के कारण पद आस्थगित कर दिया गया।

निम्नलिखित मामलों में संबंधित पद पुनरीक्षित अर्हताओं अथवा वेतन-क्रमों के साथ पुनर्विज्ञापित किये गये अथवा परिवर्तन की घोषणा करते हुये शुद्धि-पत्र जारी किये गये :—

१—एच० बी०टी० आई०, कानपुर में विद्युत् अभियन्त्रण में सहायक प्राध्यापक।

२—राजकीय केन्द्रीय वस्त्र संस्थान, कानपुर में टेक्सटाइल टेक्नोलाजी में प्राध्यापक।

३—एच० बी० टी० आई, कानपुर में सहायक प्राध्यापक (हीटट्रांसफर आपरेशंस)।

४—औद्यानिक, राजकीय पर्वतीय फल अनुसंधान स्टेशन, चौबटिया रानीखेत।

५—सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश में सीनियर आर्किटेक्ट।

६—जन सम्पर्क अधिकारी, रिहन्द बांध प्रोजेक्ट, मिर्जापुर।

७—उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय की गुण चिन्हांकन योजनाओं के अधीन अधीक्षक (रेशमी वस्तु), वाराणसी।

८—अर्थशास्त्र में व्याख्याता, राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर/नैनीताल/रामपुर।

९—एच० बी० टी० आई०, कानपुर में अभियन्त्रण प्राध्यापक, अभियन्त्रण सहायक प्राध्यापक, सिलीकेट टेक्नोलाजी सहायक प्राध्यापक, थर्मोडाइनमिक्स सहायक प्राध्यापक, चित्रकला तथा सहायक प्राध्यापक इन्स्ट्रूमेन्टेशन

विज्ञापनों को निरस्त करने अथवा उनका शुद्धि-पत्र निकालने से जनता के धन का अनावश्यक अपव्यय ही नहीं होता है, बल्कि आयोग और उनके कर्मचारिवर्ग में जो पहले से ही कार्यभार से दबे हुये हैं, पर्याप्त समय एवं शक्ति का भी अपव्यय होता है। अतः जनता के हित में नियुक्ति प्राधिकारियों को चाहिये कि वे जहां तक संभव हो, अपनी आवश्यकताओं का हिसाब ठीक-ठीक रक्खें और तब अपने अर्थनापत्रों को आयोग के पास भेजें।

४—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग ने जिन पदों के लिये विज्ञापन निकाला था, उनमें से ११३३ पदों के लिये वे अभ्यर्थियों की संस्तुति नहीं कर सके। इनमें से ७९ पदों के लिये ४३८ अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र भेजे थे, २२५ साक्षात्कार के लिये बुलाये गये थे, १६० साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुये, पर आयोग ने

किसी को नियुक्ति के लिये उपयुक्त नहीं समझा, ९० पदों के लिये ५० साक्षात्कार के लिये बुलाये गये थे किन्तु आयोग के समक्ष उनमें से कोई नहीं आया। ७२ पदों के लिये १४९ आवेदन पत्र आये थे, पर साक्षात्कार में बुलाये जाने के लिये कोई उपयुक्त नहीं पाया गया। ४० पदों के लिये कोई अभ्यर्थी था ही नहीं। शेष ८५२ पदों के लिये आयोग ने यद्यपि अभ्यर्थियों की एक बड़ी संख्या का साक्षात्कार किया, पर नियुक्ति के लिये वे किसी भी अभ्यर्थी को संस्तुत न कर सके। इससे यह सिद्ध होता है कि तकनीकी अर्हताओं वाले पदों के लिये अभ्यर्थियों की दुर्लभता अभी भी बनी हुई है। ऐसे मामलों में आयोग ने नियुक्ति प्राधिकारियों को सुझाव दिया कि वे निजी बातचीत द्वारा उपयुक्त अभ्यर्थियों को प्राप्त कर लें, पदों के कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुये अर्हताओं को पुनरीक्षित करें तथा/अथवा वेतन क्रमों को पुनरीक्षित करें अथवा शासन के अन्य विभागों से अभ्यर्थियों को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करें। कुछ मामलों में आयोग ने सुझाव दिया कि कुछ एकलित पद नियमित संवर्गों के साथ मिला दिये जायं। सभी संभव द्वारों को खटखटाने के विचार से आयोग ने अपने विज्ञापनों का विस्तृत प्रकाशन भी किया। कुछ मामलों में भावी अभ्यर्थियों को सूचित करने के लिये जारी किये गये विज्ञापनों की प्रतियां विदेशों में स्थित भारतीय राजनयिक मिशनों के अध्यक्षों तथा भारत की शैक्षिक तथा/अथवा प्राविधिक संस्थाओं के अध्यक्षों के पास भी भेजी गई। कुछ मामलों में आयोग ने संबंधित राष्ट्रीय अथवा तकनीकी विद्यालयों, विद्वत्समितियों अथवा विशिष्ट क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों से भी उपयुक्त अभ्यर्थियों को प्राप्त करने के लिये सम्पर्क स्थापित किया।

५—शासन के नियुक्ति विभाग द्वारा जारी किये गये कार्यालय ज्ञाप संख्या ०–५२५०/२–बी—५४–४८, दिनांक २९ दिसम्बर, १९४८ के अनुसार संबंधित नियुक्ति प्राधिकारियों को चाहिये कि वे आयोग की संस्तुतियों को पाने की तिथि से दो मास के भीतर उन पर की गई कार्यवाही की सूचना आयोग को अवश्य दें। किन्तु इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट १३ को देखने से पता चलेगा कि ५७८ पदों के लिये नियुक्ति आज्ञाओं में ६ मास से अधिक विलम्ब किया गया, कुछ मामलों में एक वर्ष से अधिक का या ऐसा ही विलम्ब हुआ। इतना असाधारण विलम्ब होने से चुने हुये अभ्यर्थी अधर में लटके रहते हैं और अपनी भावी योजना ठीक–ठीक नहीं बना पाते हैं।

६—गत वर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ६ के पैरा ७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि आयोग ने जनवरी, १९६० में सूचना निदेशालय में जिला सूचना अधिकारी के ५१ पदों तथा अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी के १३ पदों (स्थायी विकास संग्रहालय, बनारसी बाग, लखनऊ के लिये सहायक प्रदर्शिनी अधिकारी के एक पद को शामिल करते हुये) के लिये चुनाव किया था किन्तु इस मामले में शासन से पत्र–व्यवहार होता रहा और नियुक्ति आदेश नहीं प्राप्त हुये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी उक्त पदों के लिये आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों की एक भारी संख्या के बारे में नियुक्ति आदेश अनिस्तारित रहे। वर्ष समाप्त होने पर शासन ने लिखा कि उन्होंने विद्यमान पदधारियों को स्थायी करने का विनिश्चय कर लिया है। बतलाया गया कि उक्त विनिश्चय "जन हित में" किया गया था। इस विनिश्चय का आशय यह हुआ कि आयोग द्वारा नियुक्ति के लिये मुख्य सूची में संस्तुत १८ अविभागीय अभ्यर्थियों के विषय में उन के परामर्श को कार्यान्वित नहीं किया गया। आयोग खेद के साथ कहते हैं कि शासन ऐसा विनिश्चय जन हित की आड़ में, जो एक अस्पष्ट पद है, करे। वास्तव

में यदि खुली भर्ती में तुलनात्मक श्रेष्ठता के आधार पर उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों में से सभी नियुक्तियां की जातीं और आयोग द्वारा नियमित रूप से न चुने गये अस्थायी रूप से नियुक्त व्यक्तियों को प्रश्रय न दिया जाता तो जन हित की अधिक सेवा होती।

७--कार्य का बोझ अत्यधिक बढ़ जाने के कारण आयोग को श्रमायुक्त को यह परामर्श देना पड़ा कि वे श्रम विभाग में विद्युत् ओवरसियर के पदों को उनके विचार क्षेत्र से निकाल देने तथा उन पदों का चुनाव एक विभागीय चुनाव समिति द्वारा करने के संबंध में शासन से अनुरोध करें। आयोग से सहमत होकर शासन ने तदनुसार आदेश जारी किये।

इसी प्रकार विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश के अधीन सहायक विकास अधिकारी (ग्राम अभियन्त्रण) के पदों के संबंध में आयोग ने परामर्श दिया कि उन पदों को उनके विचार क्षेत्र से निकाल देने के विषय में शासन से अनुरोध किया जाय और जब तक इस मामले में विनिश्चय न हो जाय तब तक उक्त पदों का चुनाव एक तदर्थ समिति द्वारा करके उसकी संस्तुतियों को आयोग के परामर्श के लिये भेजा जाय। इस मामले में तदर्थ समिति की संस्तुतियों की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

८--आयोग खेद के साथ यह लिखते हैं कि गत वर्षीय प्रतिवेदन के पैरा ११ (१) में निर्दिष्ट सहायक फोरमैन के पद के लिये एक अभ्यर्थी के विषय में नियुक्ति आदेश प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी नहीं जारी किये गये।

९--गत वर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ६ के पैरा १३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय के अन्तर्गत रेशम उत्पादन निरीक्षक के पद के लिये १९५८ की जुलाई में संस्तुत एक अभ्यर्थी के विषय में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा थी। निर्देशाधीन अभ्यर्थी प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी नहीं नियुक्त किया गया और आयोग ने इस मामले को स्वयं मुख्य मंत्री के समक्ष रक्खा है।

१०--मार्च, १९६० में आयोग ने शासन के अनुरोध पर नैनीताल/ज्ञानपुर के राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में प्राध्यापक के दो पदों (एक वनस्पति विज्ञान के लिये तथा एक प्राणिशास्त्र के लिये) को विशेष रूप से उच्चतर अर्हताओं अथवा अनुभव वाले अभ्यर्थियों को ६५० रु० मासिक तक उच्चतर प्रारम्भिक वेतन देने की व्यवस्था के साथ ५००--१२०० रु० वेतन-क्रम में विज्ञापित किया। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करके आयोग ने सितम्बर, १९६० में वनस्पति विज्ञान के लिये दो अभ्यर्थियों को और प्राणिशास्त्र के लिये एक अभ्यर्थी को संस्तुत किया। फरवरी, १९६१ में शासन ने आयोग को सूचित किया कि राजकीय डिग्री महाविद्यालयों से सम्बद्ध प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक के पदों के वेतन-क्रम पुनरीक्षित हो गये हैं और यह कि प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक के पद के लिये संस्तुत अभ्यर्थी को पुनरीक्षित कम किये हुये वेतन अर्थात् ३५०--८०० रु० के वेतन-क्रम में नियुक्ति के लिये आमंत्रित किया गया था। अभ्यर्थी ने अनुरोध किया कि उस विज्ञापित वेतनक्रम अर्थात् ५००--१,२०० रु० का वेतनक्रम दिया जाय, किन्तु शासन सहमत नहीं हुये और उन्होंने नियुक्ति का आमंत्रण वापस ले लिया। बाद में अगस्त, १९६१ में शासन का एक पत्र आया जिसमें यह लिखा हुआ था कि शासन ने वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक के पद के लिये संस्तुत अभ्यर्थी को ५००--१२०० रुपये के वेतन-क्रम में नियुक्त कर दिया था। इस पत्र को पाने पर आयोग ने शासन से पूछा कि जब वनस्पति विज्ञान तथा प्राणिशास्त्र दोनों के

पद एक ही वेतनक्रम में विज्ञापित किये गये थे और उन दोनों पदों के नियुक्ति के लिये अभ्यर्थी एक साथ ही संस्तुत किये गये थे, तब शासन ने भेद करके वनस्पति विज्ञान तथा प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक के पदों पर दो अभ्यर्थियों को भिन्न-भिन्न वेतनक्रमों में नियुक्त करने का आमंत्रण क्यों भेजा। शासन ने इसका स्पष्टीकरण अपने २८ मई, १९६२ के पत्र में किया। उनका मुख्य तर्क यह था कि वनस्पति विज्ञान के लिये संस्तुत अभ्यर्थी शिक्षा विभाग का एक स्थायी कर्मचारी था, जब कि प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक के पद के लिये संस्तुत अभ्यर्थी बाहरी था। पूर्व अभ्यर्थी के पूर्ववृत्त के सत्यापन की आवश्यकता नहीं थी और वह पुनरीक्षित वेतनक्रम के आदेश निकलने के पहले ही नियुक्त कर दिया गया था। आयोग ने स्थिति का अध्ययन करके यह विचार प्रकट किया कि प्राणिशास्त्र के पद के अभ्यर्थी को निम्न वेतनक्रम देना उचित नहीं था जबकि वह उसी पद पर उच्चतर वेतन-क्रम के लिये चुना गया था। जब इस तथ्य को दृष्टि में रखकर विचार किया जाय कि दूसरा अभ्यर्थी, जो वनस्पति विज्ञान के लिये था और जिसे भी आयोग ने उसी चुनाव में चुना था, आयोग द्वारा विज्ञापित उच्चतर वेतन-क्रम में नियुक्ति के लिये आमंत्रित किया गया था, तब शासन के उक्त निर्णय का अनौचित्य और बढ़ जाता है। आयोग के विचार से शासन ने वनस्पति विज्ञान तथा प्राणि-शास्त्र के प्राध्यापक के पदों के लिये संस्तुत दो अभ्यर्थियों के समक्ष नियुक्ति की भिन्न-भिन्न शर्तों को रखकर अनुचित रूप से भेद किया था। अतः उन्होंने शासन से प्राणिशास्त्र के प्राध्यापक के पद के लिये संस्तुत अभ्यर्थी के मामले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। एक वर्ष से अधिक हो गया किन्तु कई अनुस्मारकों के बाद भी शासन से अभी तक कोई उत्तर नहीं मिला है।

७—बिना विज्ञापन के भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में लिखित परीक्षा अथवा अन्य प्रकार की चुनाव की सामान्य प्रक्रिया को शिथिल करके २४९ अभ्यर्थियों (इनमें गत वर्ष के ५९ अभ्यर्थियों के मामले भी शामिल हैं) की नियुक्ति के विषय में विचार करने के लिये आयोग से अनुरोध किया गया। इनमें से परिशिष्ट ४ में उल्लिखित १३६ अभ्यर्थियों के मामले प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये, किन्तु परिशिष्ट ४-क में वर्णित ११३ अभ्यर्थियों के मामले आगामी वर्ष के लिये बच रहे।

२—आगामी वर्ष के लिये बच रहे ११३ अभ्यर्थियों के मामलों में से, ४३ अभ्यर्थियों से संबंधित एक मामला चरित्रावलियों तथा चरित्रावलियों की प्रविष्टियों के अभाव में निपटाया नहीं जा सका, क्योंकि चरित्रावलियां और प्रविष्टियां वर्ष की समाप्ति तक उपलब्ध नहीं हो सकीं थीं। ५९ अभ्यर्थियों के मामले प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति के समय प्राप्त हुये थे, अतः निपटाये न जा सके।

३—प्रत्येक मामले में जिस तरह का परामर्श दिया गया है, उसे बहुत संक्षेप में परिशिष्ट ४ के स्तम्भ ४ में लिख दिया गया है। उससे पता चलेगा कि १३६ अभ्यर्थियों में से, जिनके मामले वर्ष में निपटाये गये, ११३ नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गये और शेष २३ अनुमोदित नहीं किये गये।

४—ऊपर पैरा १ में जिन अभ्यर्थियों के मामले निबटाये गये बतलाये गये हैं, उनमें से ७२ अभ्यर्थियों के बारे में वर्ष की समाप्ति तक नियुक्ति प्राधिकारियों के आदेश प्राप्त नहीं हुये थे। जिनके बारे में आदेश प्राप्त हुये, उनमें आयोग के परामर्श यथाविधि मान लिये गये थे।

५---१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा ४ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि १३२ अभ्यर्थियों के बारे में नियुक्ति प्राधिकारियों के आदेश वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उपर्युक्त मामलों में स्थिति इस प्रकार रही :

(१) ४२ अभ्यर्थियों के बारे में नियुक्ति प्राधिकारियों के आदेश प्राप्त हुये और वे आयोग के परामर्शानुसार थे।

(२) ४२ अभ्यर्थियों के बारे में सचिव, विधान मंडल, उत्तर प्रदेश ने नवम्बर, १९६२ में आयोग को विधान परिषद् के सभापति तथा विधान सभा के अध्यक्ष के इस निश्चय की सूचना दी कि विद्यमान स्थिति में विधान परिषद् सचिवालय तथा विधान सभा सचिवालय दोनों के कर्मचारिवर्ग आयोग के विचार क्षेत्र के बाहर थे। अतः उन्होंने स्थायी रिक्तियों में कर्मचारियों के पुष्टिकरण के आदेश जारी कर दिये थे। इस प्रकार जारी किये गये आदेशों की प्रतियां आयोग को पृष्ठांकित नहीं की गई थीं।

(३) १ अभ्यर्थी के बारे में स्थिति यह थी कि उसकी चरित्रावली में अनुवर्ती खराब प्रविष्टियों के कारण उसका पुष्टिकरण स्थगित कर दिया गया था। मार्च, १९६३ में आयोग ने सुझाव दिया कि जून, १९६३ में उसके मामले का निर्देश उनको किया जाय।

(४) ९ अभ्यर्थियों के बारे में उप परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने अक्तूबर, १९६२ में आयोग को सूचित किया कि उनमें से कोई अभ्यर्थी परिवहन विभाग में पदों पर नियुक्त होने के लिये इच्छुक नहीं था।

(५) ३६ अभ्यर्थियों के बारे में अतिरिक्त कृषि निदेशक ने शासन के आदेश पर अपने प्रस्तावों को वापस ले लिया।

(६) शेष २ अभ्यर्थियों के बारे में नियुक्ति प्राधिकारियों के आदेशों की प्रतीक्षा वर्ष के अन्त तक की जाती रही।

६---१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा ७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उद्योग विभाग में २५०-८५० रु० के वेतन-क्रम में लेखाधिकारी के पद को विज्ञापित करने की आयोग की संस्तुति खटाई में डाल दी गई थी। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में शासन ने उपर्युक्त पद के चुनाव के सम्बन्ध में स्थिति का स्पष्टीकरण किया और पद आयोग द्वारा विज्ञापित किया गया।

७---१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा ८ में यह उल्लेख किया गया था कि ६ अभ्यर्थियों के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में :

(१) ३ अभ्यर्थियों के बारे में आयोग का परामर्श यथाविधि मान लिया गया ;

(२) १ अभ्यर्थी का पुष्टिकरण उसकी चरित्रावली में की गई पश्चाद्वर्ती प्रविष्टियों के कारण स्थगित कर दिया गया था। मार्च, १९६३ में आयोग ने सुझाव दिया कि जून, १९६३ में उसके मामले का निर्देश उन्हें किया जाय ; तथा

(३) शेष दो अभ्यर्थियों के मामले फरवरी, १९६३ में आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास भेजे गये, किन्तु वर्ष की समाप्ति तक इन्हें निपटाया न जा सका।

८—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा ९ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि १६ अभ्यर्थियों के बारे में नियुक्ति प्राधिकारियों के आदेशों की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में :

(१) १ अभ्यर्थी के बारे में आयोग का परामर्श मान लिया गया ;

(२) २ अभ्यर्थियों के मामले आयोग के पुनर्विचारार्थ जून, १९६२ में उनके पास फिर भेजे गये और आयोग का परामर्श शासन को अक्तूबर, १९६२ में भेज दिया गया। शासन के निश्चय की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

(३) शेष १३ अभ्यर्थियों के बारे में शासन के आदेश* वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे।

९—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ७ के पैरा १० में यह उल्लेख किया गया था कि २ अभ्यर्थियों के बारे में उस वर्ष की समाप्ति तक कोई आदेश नहीं प्राप्त हुये थे। नवम्बर, १९६२ में शिक्षा निदेशक ने आयोग को सूचित किया कि उक्त दोनों अभ्यर्थियों को सी० टी० ग्रेड में विलीन करने का विनिश्चय किया गया है।

१०.—१९६१–६२ के अध्याय ७ के पैरा ११ में यह उल्लेख किया गया था कि २ अभ्यर्थियों के मामले उस वर्ष नहीं निपटाये जा सके थे, क्योंकि वर्ष की समाप्ति तक उन पदों पर चुनाव की कसौटी का निश्चय नहीं किया जा सका था। नवम्बर, १९६२ में सचिव, विधान सभा मंडल, उत्तर प्रदेश ने विधान परिषद् के सभापति तथा विधान सभा के अध्यक्ष के इस निश्चय की सूचना दी कि विद्यमान स्थिति में विधान परिषद् सचिवालय तथा विधान सभा सचिवालय दोनों के कर्मचारिवर्ग आयोग के विचारक्षेत्र के बाहर थे। किन्तु आयोग को यह स्थिति स्वीकार्य नहीं थी।

८—पदोन्नति द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग से परिशिष्ट ५ व ५–क में उल्लिखित ३,०८५ रिक्तियों में पदोन्नति के मामलों पर विचार करने के लिये अनुरोध किया गया था। इनमें से १२३२ रिक्तियों से सम्बन्धित मामले आयोग द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये, जिन में परिशिष्ट ५ में उल्लिखित ३,४५० कर्मचारियों पर विचार करना पड़ा और परिशिष्ट ५–क में वर्णित १,८५३ रिक्तियों से सम्बन्धित मामले वर्ष की समाप्ति तक निपटाये नहीं जा सके।

२—परिशिष्ट ५ में वर्णित मामलों में से एक रिक्ति के लिये एक अभ्यर्थी के मामले पर आयोग ने उसके विरुद्ध हो रही जांच की समाप्ति पर पुनर्विचार किया और जांच के परिणाम को दृष्टि में रखते हुये, उन्होंने सम्बन्धित अभ्यर्थी के बारे में की गई अपनी पूर्व संस्तुति को वापस ले लिया और उसे स्थायी पदोन्नति के लिये उपयुक्त नहीं समझा। एक रिक्ति के लिये एक अभ्यर्थी के दूसरे मामले में आयोग भूतपूर्व राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में न्याय के प्राध्यापक के पद पर उसकी पदोन्नति से सहमत नहीं हुये। इन दो मामलों को छोड़ कर ५४६ रिक्तियों के सम्बन्ध में दिये गये आयोग के परामर्श पर सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारियों के विनिश्चय वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे। उपर्युक्त परिशिष्ट में वर्णित अन्य सभी रिक्तियों के सम्बन्ध में आयोग के परामर्श यथाविधि मान लिये गये।

---

*इन अभ्यर्थियों के बारे में स्थिति का वर्णन अधिक विस्तार से अध्याय ६ के पैरा ६ में किया गया है।

३.--६४७ रिक्तियों के लिये चुनाव आयोग के अध्यक्ष अथवा किसी सदस्य की अध्यक्षता में चुनाव समितियों द्वारा लगभग १,३०३ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के बाद किया गया। शेष मामलों में चुनाव चरित्रावलियों के आधार पर ही किया गया।

४--आयोग द्वारा पहले अस्थायी पदों के लिये सीधी भर्ती द्वारा तथा पदोन्नति द्वारा चुने गये अभ्यर्थियों को स्थायी पदों पर नियुक्त करने की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न है। सर्वथा अस्थायी करके विज्ञापित पदों के लिये आयोग द्वारा सीधी भर्ती द्वारा चुने गये अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में कार्यालय ज्ञाप संख्या २९४९/२-बी--१००-५३, दिनांक १० दिसम्बर, १९५३ लागू होता है और उसके अनुसार विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के बाद आयोग द्वारा चुने गये अभ्यर्थी अस्थायी पद के स्थायी हो जाने पर, आयोग से अग्रेतर परामर्श करके स्थायी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किये जा सकते हैं। किन्तु पदोन्नति द्वारा चुनाव के सम्बन्ध में ऐसा नहीं होता। इसमें, यदि किसी सेवा नियमावली में प्रतिकूल व्यवस्था न हो तो, नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या १५७१/२-बी--५०-५५, दिनांक १५ मई, १९५६ लागू होता है। उस कार्यालय ज्ञाप की व्यवस्था के अनुसार स्थायी पदों पर पदोन्नति के लिये नया चुनाव किया जाता है और उसमें ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि पहले अस्थायी तथा स्थानापन्न रिक्तियों के लिये चुने गये अभ्यर्थियों की स्थायी रिक्तियों में नियुक्ति अपने आप हो जायगी। उत्तर प्रदेश आबकारी सेवा में पदों पर चुनाव के सम्बन्ध में भी ऐसा ही है। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में एक ऐसा मामला आया, जिसमें शासन ने एक अस्थायी सहायक आबकारी आयुक्त को पदोन्नति द्वारा नये चुनाव की प्रक्रिया का अनुसरण किये बिना ही एक स्थायी पद पर पुष्ट करने का प्रस्ताव किया, क्योंकि १९५७ में वह एक अस्थायी रिक्ति के लिये नियमित रूप से चुना गया था और १९५६ से वह उस पद पर सन्तोषजनक रूप से कार्य कर रहा था। जब आयोग ने परामर्श दिया कि स्थायी रिक्ति के लिये नया चुनाव करना आवश्यक है तो शासन सहमत नहीं हुये और सम्बन्धित व्यक्ति के पुष्टीकरण के आदेश जारी कर दिये। तदनन्तर शासन ने इस विचार की पुष्टि में कि उत्तर प्रदेश आबकारी सेवा नियमावली के उपबन्धों के होते हुये नये चुनाव की आवश्यकता नहीं है, उप विधि परामर्शी द्वारा लिखी गई एक टिप्पणी की प्रतिलिपि को अग्रसारित किया। आयोग ने उस पर अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक विचार किया और उप विधि परामर्शी के विचार से सहमत होने में अपनी असमर्थता प्रकट की। उनके विचार से उत्तर प्रदेश आबकारी सेवा नियमावली के नियम ५ व ७ के उपबन्धों के अधीन भी स्थायी रिक्ति होने पर नया चुनाव करना आवश्यक था।

५--आयोग ने अगस्त, १९५६ में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में न्याय के प्राध्यापक के स्थायी पद को विज्ञापित किया, किन्तु उसके बाद शीघ्र ही शासन ने चुनाव न करने का अनुरोध किया, क्योंकि उन्होंने राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के स्थान पर वाराणसी में एक संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित करने का विनिश्चय किया था और यह आशंका थी कि जो व्यक्ति चुना जायगा, वह सम्भव है विश्वविद्यालय में नियुक्ति के लिये उपयुक्त न पाया जाय। अतः आयोग ने चुनाव न करने का निश्चय किया और सभी आवेदकों के आवेदन-शुल्क लौटा दिये गये। छः वर्ष के बाद शिक्षा निदेशक ने आयोग से अनुरोध किया कि वे श्री 'ख', न्याय के सहायक प्राध्यापक, की स्थायी नियुक्ति को अनुमोदित कर दें, जिसे न्याय के प्राध्यापक के पद पर पूर्वगामी प्रभाव से १८ सितम्बर, १९५५ से स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया गया था। चूंकि शिक्षा निदेशक ने इतने दिनों तक उक्त अधिकारी की कार्य संचालनार्थ नियुक्ति के बारे में कोई निर्देश न भेज कर आयोग के कार्य सीमन विनियमों के विनियम ६ (ग) के उपबन्धों की अवहेलना की थी, इसलिये आयोग ने उस पद पर उसकी स्थायी नियुक्ति से सहमत होने से इन्कार कर दिया।

६——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा ३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि २६५ रिक्तियों के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारियों के विनिश्चय वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में :

(१) २४७ रिक्तियों के सम्बन्ध में आयोग के परामर्शानुसार आदेश प्राप्त हुये;

(२) ७ रिक्तियों के सम्बन्ध में पुनरीक्षित निर्देश प्राप्त हुये, देखिये परिशिष्ट ५ की मद संख्या ४७ व ६१ तथा परिशिष्ट ५—क की मद संख्या ६०;

(३) ३ रिक्तियों के बारे में सचिव, विधान मंडल ने नवम्बर, १९६२ में आयोग को सूचित किया कि सभापति, विधान परिषद् तथा अध्यक्ष, विधान सभा ने विनिश्चय किया है कि विद्यमान स्थिति में विधान सभा सचिवालय एवं विधान परिषद् सचिवालय दोनों के कर्मचारिवर्ग आयोग के विचार क्षेत्र से बाहर हैं। अतः उन्होंने स्थायी रिक्तियों में कर्मचारियों के पुष्टीकरण के आदेश जारी कर दिये हैं। इस प्रकार जारी किये गये आदेशों की प्रतियां आयोग को पृष्ठांकित नहीं की गई थीं, तथा

(४) शेष ८ रिक्तियों के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारियों के विनिश्चय की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

७——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा ५ में यह उल्लेख किया गया था कि ६ रिक्तियों से सम्बन्धित मामले आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये थे और पत्र—व्यवहाराधीन रहे थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में ५ रिक्तियों से सम्बन्धित मामले आयोग द्वारा निपटाये गये और उनके परामर्शानुसार उक्त मामलों के बारे में एक नया निर्देश प्राप्त हुआ, जो फिर निपटा दिया गया, देखिये परिशिष्ट ५ की मद संख्या ७५। शेष एक रिक्ति से सम्बन्धित मामला वर्ष की समाप्ति तक निपटाया नहीं जा सका।

८——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा ८ मे उल्लिखित मामला प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अन्तिम रूप से निपटाया गया, देखिये परिशिष्ट ५ की मद संख्या ३३।

९——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा ९ में उल्लिखित मामला प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अन्तिम रूप से निपटाया गया, देखिये परिशिष्ट ५ की मद संख्या २८।

१०——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा १० की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। गन्ना विकास निरीक्षक के २२ पदों पर पदोन्नति से सम्बन्धित वांछित सामग्री आयोग को १९६२—६३ वर्ष में भी प्राप्त नहीं हुई।

११——१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ८ के पैरा १३ में यह उल्लेख किया गया था कि अधीनस्थ शिक्षा सेवा (राजपत्रित) में प्रधानाध्यापक के संवर्ग में स्थायी, अस्थायी तथा स्थानापन्न रिक्तियों को भरने के लिये निर्देश आयोग को वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे। वांछित निर्देश जनवरी, १९६३ में प्राप्त हुआ, देखिए परिशिष्ट ५—क की मद संख्या १३।

९--अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण

१९६२-६३ में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४ के विनियम ५ (क) तथा ६ (ग) के अधीन एक वर्ष से अवधि अधिक की अथवा एक वर्ष से अधिक अवधि की हो जाने की सम्भावना वाली अस्थायी नियुक्तियों के लिये परिशिष्ट ६ तथा ६-क में उल्लिखित २,६६७ कर्मचारियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के हेतु आयोग से अनुरोध किया गया। इनमें से, परिशिष्ट ६ में उल्लिखित १,०१० कर्मचारियों के मामले वर्ष में निपटाये गये, किन्तु परिशिष्ट ६-क में उल्लिखित १,६५७ कर्मचारियों के मामले वर्ष की समाप्ति तक निपटाये नहीं जा सके। न निपटाये जा सकने के कारण, जहां कहीं हैं, परिशिष्ट ६-क के स्तम्भ ४ में लिख दिये गये हैं। उससे यह पता चलेगा कि अधिकांश मामले वांछित सूचना तथा/अथवा चरित्रावलियों के अभाव में निपटाये नहीं जा सके।

२--परिशिष्ट ६ में उल्लिखित आयोग द्वारा निपटाये गये मामलों में प्रत्येक मामले में जिस प्रकार का परामर्श दिया गया है, उसे प्रत्येक के सामने उस परिशिष्ट के स्तम्भ ४ में बहुत संक्षेप में दिखला दिया गया है। उस स्तम्भ में जहां प्रसंग से अन्य अर्थ न निकलता हो, वहां "अनुमोदित" शब्द का अर्थ यह है कि यदि पद अदीर्घावधि के लिये था तो अस्थायी या स्थानापन्न नियुक्ति के लिये अनुमोदन पद की अवधि की समाप्ति तक अथवा उस समय तक के लिये दिया गया था जब तक कि पदोन्नति या सीधी भर्ती द्वारा नियमित रूप से चुने हुये अभ्यर्थी उपलब्ध न हो जायं।

३--परिशिष्ट १२ में उन मामलों का उल्लेख किया गया है, जिनमें विभिन्न नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४ के विनियम ५(क) तथा ६ (ग) के अधीन की गई अस्थायी अथवा स्थानापन्न नियुक्तियों के नियमितकरण के सम्बन्ध में निर्देश विलम्ब से भेजे गये थे। प्रसन्नता की बात है कि इस वर्ष ऐसे मामलों की संख्या घटकर १५२ रह गई है, जब कि गतवर्षीय प्रतिवेदन के परिशिष्ट १२ में यह संख्या ३९० दिखलाई गई थी।

४--राजकीय केन्द्रीय प्रयोगशाला, कानपुर के एक सहायक अलकोहल टेक्नोलाजिस्ट को उसी प्रयोगशाला में २७ नवम्बर, १९५६ से अलकोहल टेक्नोलाजिस्ट के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया गया था, किन्तु शासन ने उसकी कार्यसंचालनार्थ नियुक्ति के नियमितकरण के लिये आयोग के पास एक रीतिक निर्देश मार्च, १९६० में भेजा। चूंकि आयोग ने सीधी भर्ती द्वारा चुनकर उसको अलकोहल टेक्नोलाजिस्ट के पद पर नियुक्ति के लिये संस्तुत किया था, इसलिये २७ नवम्बर, १९५६ से नियमित चुनाव तक की उसकी कार्यसंचालनार्थ नियुक्ति का कार्योत्तर अनुमोदन आयोग ने दे तो दिया, किन्तु उन्होंने इस बात की ओर संकेत किया कि शासन की ओर से यह बड़ी भारी अनियमितता की गई कि उस अधिकारी को आयोग के पास निर्देश भेजे बिना ही लगभग साढ़े तीन वर्ष तक उक्त पद पर स्थानापन्न रहने दिया गया।

५--जुलाई, १९६० में श्री 'क' अधीनस्थ कृषि सेवा के ग्रुप दो का एक अस्थायी कर्मचारी कारागार विभाग में क्लास दो के कृषि-सहित-औद्योगिक कैम्प, सितारगंज, जिला नैनीताल के प्रबन्धक के एक पद पर नियुक्त किया गया था। सितम्बर, १९६१ में शासन के गृह (कारागार) विभाग ने आयोग से अनुरोध किया कि वे श्री 'क' की उस पद पर अस्थायी नियुक्ति को तब तक के लिये अनुमोदित कर दें, जब तक कि जिस योजना के अधीन उक्त पद को सृजित किया गया था, उस योजना के चलते रहने के सम्बन्ध में शासन अन्तिम विनिश्चय न करलें। नवम्बर, १९६१ में आयोग ने शासन को बतलाया कि श्री "क" की नियुक्ति का मामला प्रतिनियुक्ति का नहीं, बल्कि एक विभाग की अधीनस्थ सेवा से दूसरे विभाग की

राज्य सेवा में पदोन्नति का था। यह नहीं मालूम था कि किन कारणों से उक्त पद के लिये विशेष रूप से श्री "क" को ही चुन लिया गया था और यह कि उसका चुनाव समान रूप से पात्र तथा उपयुक्त व्यक्तियों में से कठोर श्रेष्ठता के आधार पर किया गया था या नहीं। यह भी नहीं स्पष्ट था कि वह किसी पद को मौलिक रूप से धारण किये था, जिसका अनुमोदन आयोग ने किया हो। तदनुसार शासन से अनुरोध किया गया कि वे श्री "क" तथा उसके द्वारा अवक्रमित ज्येष्ठ सहकर्मियों एवं अन्य पात्र कर्मचारियों, यदि कोई हों, की अद्यावधिक चरित्रावलियों और उनके विवरणों के साथ सभी संगत सूचना भेजे। अप्रैल १९६२ में शासन ने सूचित किया कि श्री "क" ने २२ फरवरी, १९६२ को प्रबन्धक के उक्त पद का कार्य-भार सौंप दिया और २३ फरवरी, १९६२ को वे अपने मूल विभाग में लौट गये और यह कि आयोग द्वारा मांगी गई सूचना कृषि विभाग से प्राप्त होते ही भेजी जायगी। शासन ने वांछित सूचना आदि अक्तूबर, १९६२ में भेजा। शासन द्वारा भेजे गये कागज-पत्रों को देखने से यह स्पष्ट हो गया कि प्रबन्धक के उक्त पद पर श्री "क" की नियुक्ति न तो कठोर श्रेष्ठता के आधार पर की गई थी और न ज्येष्ठता के आधार पर। मालूम पड़ता था कि उसकी नियुक्ति मनमाने ढंग से की गई थी। अतः आयोग ने उक्त पद पर श्री "क" की अस्थायी नियुक्ति का कार्योत्तर अनुमोदन देने में अपनी असमर्थता प्रकट की। फरवरी, १९६३ में शासन ने मामले को आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर भेजा। पुनर्विचार करने पर भी आयोग को अपने पूर्व मत से भिन्न मत कायम करने का कोई कारण नहीं मिला और उक्त पद पर उसकी अस्थायी नियुक्ति का कार्योत्तर अनुमोदन देने में फिर अपनी असमर्थता प्रकट करते हुये उन्होंने शासन को मई, १९६३ में तदनुसार सूचित किया।

६--नवम्बर, १९६१ में शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश ने एक निर्देश में आयोग से अनुरोध किया था कि वे प्रशिक्षित स्नातकवर्ग में सहायक अध्यापिका के पदों पर की गई कुछ अस्थायी नियुक्तियों को नियमित चुनाव होने तक के लिये अनुमोदित करें। मामले पर विचार करने पर पता चला कि कई नियुक्तियां बिना आयोग के अनुमोदन के एक वर्ष से अधिक अवधि तक चलती रही। कुछ नियुक्तियां गत ३ या ४ वर्षों से चली आ रही थीं और ऐसा करने में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४ के विनियम ५ (क) की अवहेलना की गई थी। एक मामले में यहां तक पाया गया कि एक सहायक अध्यापिका की अस्थायी नियुक्ति के लिये आयोग का अनुमोदन बिलकुल ही नहीं प्राप्त किया गया था, यद्यपि वह अध्यापिका सितम्बर, १९५३ से विभाग में कार्य कर रही थी। फरवरी, १९६२ में शिक्षा निदेशक से पूछा गया कि आयोग के अनुमोदन के लिये पहले क्यों नहीं लिखा गया था। १३ नवम्बर, १९६२ को शिक्षा निदेशक ने सूचित किया कि उस सहायक अध्यापिका को ११ अगस्त, १९६२ से सेवा मुक्त कर दिया गया, किन्तु इस बात का कोई उत्तर नहीं दिया कि उसकी नियुक्ति का अनुमोदन पहले क्यों नहीं प्राप्त किया गया था। इसके अतिरिक्त, १३ नवम्बर, १९६२ के उसी पत्र में उसी वेतन-क्रम की कुछ अन्य सहायक अध्यापिकाओं की अस्थायी नियुक्ति को अनुमोदित करने के लिये आयोग से अनुरोध किया गया था, जिससे यह पता चला कि दो और सहायक अध्यापिकायें, बिना आयोग के अनुमोदन के अगस्त, १९५५ से अब तक विभाग में कार्य कर रही हैं। इन दो सहायक अध्यापिकाओं की अस्थायी नियुक्ति के अनुमोदन के लिये आयोग से अनुरोध करने में इतना असाधारण विलम्ब करने का कोई कारण शिक्षा निदेशक ने नहीं दिया था। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में यह मामला आयोग के विचाराधीन रहा।

७--दिसम्बर, १९६१ में शासन के निर्वाचन विभाग ने श्री 'ख' की सहायक निर्वाचन निदेशक के अस्थायी पद पर, जो अक्तूबर, १९६० में सृजित किया गया था और जिस पर वह निरन्तर कार्य कर रहा था, उसकी नियुक्ति को अनुमोदित करने के लिये आयोग से अनुरोध किया। आयोग ने मार्च, १९६२ में उत्तर दिया कि जब तक भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२० (३) (क) तथा (ख) के अनुसार पद के लिये चुनाव सम्बन्धी सिद्धान्त

आयोग के परामर्श से निश्चित नहीं हो जाते तब तक आयोग पद पर श्री "ख" की कार्य संचालनार्थ नियुक्ति के मामले पर विचार नहीं करेंगे और उन्होंने शासन से अनुरोध किया कि वे इस मामले में शीघ्र ही निर्देश भेजें। वांछित निर्देश भेजने के बजाय, शासन ने अगस्त, १९६२ में आयोग को सूचित किया कि पद की अवधि ३१ दिसम्बर, १९६२ तक बढ़ा दी गई थी और श्री "ख" को उस पद पर चलते रहने की अनुमति भी दे दी गई थी। तदनन्तर अक्तूबर, १९६२ में शासन को सूचित किया गया कि बिना आयोग के अनुमोदन के उक्त पद पर श्री "ख" का चलते रहने देना अनियमित था और आयोग ऐसी अनियमित नियुक्ति को अनुमोदित नहीं करेंगे। उक्त पद पर चुनाव सम्बन्धी सिद्धान्तों के विषय में अक्तूबर, १९६२ में आयोग को निर्देश भेजा गया और फरवरी, १९६३ में आयोग ने सुझाव दिया कि पद के लिये चुनाव असैनिक सचिवालय के उन स्थायी प्रवर वर्ग सहायकों तथा सहायक अधीक्षकों में से कठोर श्रेष्ठता के आधार पर किया जाय, जो प्रवर वर्ग सहायक अथवा सहायक अधीक्षक के रूप में कम से कम १० वर्ष तक की निरन्तर सेवा कर चुके हों और जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्व-विद्यालय की विधि (ला) में डिग्री हो, किन्तु चुनाव कार्य में उनके अनुभव आदि को बिल्कुल न देखा जाय। तदनुसार, नियमित चुनाव में और अधिक देर न होने पावे इस विचार से, शासन से पात्र अभ्यर्थियों के पूर्ण विवरण तथा उनकी चरित्रावलियों को भेजने के लिये लिखा गया। किन्तु मार्च, १९६३ में शासन ने आयोग को सूचित किया कि उक्त पद ३१ दिसम्बर, १९६२ से समाप्त कर दिया गया था। इस प्रकार श्री "ख" की अनियमित नियुक्ति २ वर्ष से अधिक समय तक चलती रही।

८--काशी नरेश राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर (वाराणसी) का एक अर्थशास्त्र में सहायक प्राध्यापक ७ फरवरी, १९५९ से डी० एस० बिष्ट राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल में अर्थशास्त्र में प्राध्यापक के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया गया था; किन्तु उसकी स्थानापन्न नियुक्ति के नियमितकरण के लिये निर्देश आयोग को जुलाई, १९६२ में किया गया, पहले नहीं। इसका कारण यह था कि प्राध्यापक के पद का स्थायी पदधारी भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर गया था, और उसकी प्रतिनियुक्ति की अवधि समय-समय पर बढ़ानी पड़ी थी। आयोग ने सम्बन्धित अधिकारी की स्थानापन्न नियुक्ति को २ जून, १९६३ तक के लिये अनुमोदित किया, किन्तु अपना यह विचार प्रकट किया कि किसी कर्मचारी को बहुत अधिक समय तक प्रतिनियुक्ति पर रहने देना उचित नहीं है। राज्य सरकार ने भारत सरकार को साफ-साफ लिख दिया था कि प्राध्यापक के पद के स्थायी पदधारी को २ जून, १९६३ के बाद प्रतिनियुक्ति पर रहने देना संभव न होगा। आयोग ने राज्य सरकार के इस कार्य को भी अनुमोदित किया और आयोग ने इस बात पर भी बल दिया कि यदि उक्त तिथि तक वह कर्मचारी भारत सरकार में स्थायी रूप से नियुक्त न कर लिया जाय, तो उसे राज्य सरकार में वापस बुला लेना वांछनीय होगा।

९--जनवरी, १९६२ में शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश ने आयोग से विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में वोकेशनल गाइड के पद पर एक व्यक्ति की तथा उसी सेवा में सहायक मनोवैज्ञानिक के पदों पर तीन व्यक्तियों की कार्य संचालनार्थ पदोन्नति को नियमित चुनाव होने तक अनुमोदित करने के लिये अनुरोध किया। दिसम्बर, १९६२ में आयोग ने वोकेशनल गाइड के पद पर प्रथम व्यक्ति की कार्य संचालनार्थ पदोन्नति को १ जुलाई, १९६० से केवल उस समय तक के लिये अनुमोदित किया जब तक कि उसके स्थान पर यथाविधि चुने हुए व्यक्ति की नियुक्ति न हो जाय, किन्तु शिक्षा निदेशक ने आयोग के परामर्श की नितान्त अवहेलना करके, आयोग से यथाविधि चुने हुए अभ्यर्थियों की सूची पा जाने पर भी उक्त व्यक्ति को वोकेशनल गाइड के पद पर चलते रहने दिया। शिक्षा निदेशक से इस मामले पर वर्ष की समाप्ति तक पत्र-व्यवहार होता रहा।

सहायक मनोवैज्ञानिक के पदों पर तीन व्यक्तियों की कार्यसंचालनार्थ पदः-प्रति के मामले में अपना परामर्श देने के पूर्व आयोग ने दिसम्बर, १९६२ में शिक्षा निदेशक को लिखा कि उन पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरने के लिये पहले ही सितम्बर, १९६१ में मांगे गये अधियाचन को भेजने में वे शीघ्रता करें। मांगा गया अधि-याचन वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ जिसके फलस्वरूप सहायक मनोवैज्ञानिक के पदों पर दो व्यक्ति बिना आयोग के अनुमोदन के, क्रमशः ७ जुलाई, १९६० तथा १७ अगस्त, १९६१ से स्थानापन्न रूप से कार्य करते रहे। तीसरे व्यक्ति को, जो सहायक मनोवैज्ञानिक के पद पर २३ जून, १९६० से स्थानापन्न था, आयोग ने अक्तूबर, १९६२ में सीधी भर्ती द्वारा चुनकर वोकेशनल गाइड के पद पर नियुक्ति के लिये संस्तुत किया।

१०—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ९ के पैरा ४ में यह उल्लेख किया गया था कि दो मामलों में नियुक्ति प्राधिकारियों के विनिश्चय की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही थी। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उनमें से एक मामला आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर भेजा गया किन्तु प्रस्ताव में कोई औचित्य आयोग को नहीं दिखलाई पड़ा और उन्होंने ८ मार्च, १९६३ को उस मामले को मुख्य मंत्री के समक्ष रक्खा। इस मामले का विस्तृत विवरण नीचे पैरा १२ में दिया गया है। शेष एक मामले में नियुक्ति प्राधिकारी के विनिश्चय की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

११—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ९ के पैरा ५ में यह उल्लेख किया गया था कि एक सहायक अभियन्ता का मामला जिस पर न्यायालय में मुकदमा चल रहा था, उस वर्ष की समाप्ति तक भी नहीं निपटाया जा सका था, क्योंकि इस अभ्यर्थी के विषय में शासन से १९६१–६२ में कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई थी। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उक्त स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

१२—जैसा गतवर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ९ के पैरा ७ में लिखा गया था, शासन ने अप्रैल, १९५७ में, बिना आयोग से परामर्श किये, उत्तर प्रदेश सचिवालय में १६०–४०० रु० के वेतन–क्रम में अस्थायी आशुलिपिक के पद को धारण करने वाले एक व्यक्ति को २०० रु० मासिक प्रतिकर भत्ता तथा प्रदेश के बाहर (ध्रंगध्रा, सौराष्ट्र में) कार्य करने के लिये पूर्ण दैनिक भत्ता के साथ १७५–५०० रु० के वेतन–क्रम में उपक्षेत्रीय क्रय–विक्रय अधिकारी (नमक) के एक अस्थायी राज-पत्रित पद पर नियुक्त किया था। नवम्बर, १९५९ में आयोग ने परामर्श दिया था कि यदि यह संभावना हो कि पद की अवधि मार्च, १९६० से आगे बढ़ाई जा सकती है तो पद को विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के बाद नियमित ढंग से भरा जाना चाहिए। जनवरी, १९६३ में शासन ने आयोग के परामर्शानुसार नियमित ढंग से पद को भरने के लिये कार्यवाही करने के बजाय, मामले को फिर आयोग के पास भेजा, जिसमें यह कहा कि संबंधित व्यक्ति कई वर्षों से उप-क्षेत्रीय क्रय–विक्रय अधिकारी (नमक) के पद पर कार्य कर रहा है और उसने व्यापारियों, रेल के अधिकारियों, नमक आयुक्त तथा अन्य राज्यों के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करके इस राज्य की आव-श्यकतानुसार नमक की संपूर्ति को नियंत्रित करने में बहुमूल्य अनुभव प्राप्त कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय संकट के कारण, जब कि हर प्रकार की स्थिति का सामना करने के लिये और, आवश्यकता पड़ने पर, राशनिंग चालू कर देने के लिये शासन द्वारा सभी प्रारंभिक कदम उठाये जा रहे हैं, यह बड़ा कठिन मालूम पड़ता है कि किसी अन्य अनुभवी उप-क्षेत्रीय क्रय–विक्रय अधिकारी को नमक अधिकारी के पद पर कार्य करने के लिये भेजा जा सके और यह कि संबंधित व्यक्ति को उसके विद्यमान

पद से मुक्त करना और भी कठिन होगा। शासन ने यह भी कहा कि राज्य में नमक की संपूर्ति नियमित रूप से होती रहे इसके लिये इस समय संबंधित व्यक्ति के स्थान पर किसी नये अधिकारी को नियुक्ति करने का जोखिम लेना भी वांछनीय नहीं मालूम पड़ता है, क्योंकि किसी नये अधिकारी को आवश्यक सम्पर्क बढ़ाने के कार्य से परिचित होने में कुछ समय लग जायगा। इन परिस्थितियों में आयोग से अनुरोध किया गया था कि वे संबंधित व्यक्ति की उपक्षेत्रीय क्रय-विक्रय अधिकारी (नमक) के पद पर कार्यसंचालनार्थ नियुक्ति को २९ फरवरी, १९६४ तक के लिये अनुमोदित करें। आयोग को शासन के प्रस्ताव में कोई औचित्य नहीं दिखलाई पड़ा और उन्होंने ८ मार्च, १९६३ को इस मामले को मुख्य मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।

१३—१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ९ के पैरा ८ में निर्दिष्ट मामले के संबंध में प्रान्तीय क्रय-विक्रय अधिकारी (अनाज) के पद के लिये पदोन्नति द्वारा नियमित चुनाव करने हेतु एक निर्देश जुलाई, १९६२ में प्राप्त हुआ और यह मामला आयोग द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाया गया, देखिए परिशिष्ट ५ की मद संख्या २०।

१४—१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ९ के पैरा १० में यह उल्लेख किया गया था कि आयोग के सुझावानुसार संबंधित सहायक अभियन्ता की सेवाओं को समाप्त करने के संबंध में शासन के विनिश्चय की प्रतीक्षा उस वर्ष के अन्त तक की गई थी। शासन का विनिश्चय प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक भी नहीं प्राप्त हुआ।

१५—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में जिन कर्मचारियों की अनन्तिम नियुक्ति के आदेश आयोग को अप्रसारित किये गये थे, उनकी संख्या ९८९ थी। जिन नियुक्तियों के विषय में वर्ष में कोई सूचना नहीं मिली उनकी स्थिति का पता लगाने के लिये अनुस्मारक भेजे गये।

१६—गत वर्ष राज्य की विभिन्न अभियन्त्रण सेवाओं में आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर चुनाव करने की पद्धति को लागू करने का विनिश्चय किया गया था। परीक्षा में भर्ती होने की एक शर्त यह थी कि अनुमोदित सहायक अभियन्ताओं के लिये आयु सीमा ४० वर्ष रहेगी। इस विचार से कि जो सहायक अभियन्ता विभाग में नियुक्त कर लिये गये थे किन्तु आयोग का अनुमोदन जिन्हें अभी तक नहीं मिला था, उन्हें कोई हानि न हो, आयोग ने स्वायत्त शासन अभियन्त्रण विभाग के उन सभी अर्ह किन्तु अननुमोदित सहायक अभियन्ताओं (सिविल और विद्युत् तथा यांत्रिक दोनों) की कार्य संचालनार्थ नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया, जिनके सेवा अभिलेखों से शासन संतुष्ट थे और जो एक वर्ष से अधिक समय तक कार्य कर चुके थे अथवा जिनके एक वर्ष की अवधि के बाद ३१ दिसम्बर, १९६२ तक या नियमित रूप से चुने हुए अभ्यर्थियों द्वारा हटाये जाने तक, जो भी पहले हो, चलते रहने की आशा थी। मामले की आवश्यकता को देखते हुए, विशेष परिस्थिति में, ऐसे सहायक अभियन्ताओं के पूर्ण विवरण को विभाग से मांगे बिना ही अनुमोदन दे दिया गया।

१०—उत्तर प्रदेश शासन की सेवाओं में या पदों पर विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तरक्षेत्रीय खंडों के भूतपूर्व कर्मचारियों का विलीनीकरण।

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तरक्षेत्रीय खंडों के ३ कर्मचारियों (इनमें १९६१-६२ के न निपटाये गये दो मामले भी शामिल हैं) के

उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में अथवा पदों पर विलीनीकरण के मामलों पर विचार किया गया। इन मामलों का विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया हुआ है :

क्रम-संख्या	विलीनीकृत राज्य अथवा अन्तरक्षेत्रीय खंड का नाम	सेवा या पद जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५
१	तराई तथा भावर	पी० एम० एस० दो	१	विलीनीकरण के लिये अनुमोदित।
२	रामपुर	अधीनस्थ शिक्षा सेवा में सहायक अध्यापक	१	३० नवम्बर, १९६२ में मांगी गई कुछ सूचना के अभाव में निपटाया नहीं गया।
३	रामपुर	पी० एस० एम० एस०	१	२८ जून, १९५० से २३ मार्च, १९५९ तक की अस्थायी नियुक्ति अनुमोदित।

११—स्थानान्तरण द्वारा भर्ती

१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ११ के पैरा १ के उप पैरा (४) में निर्दिष्ट एक लम्बित मामले को छोड़कर प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग ने स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के किसी नये मामले पर विचार नहीं किया।

२—गतवर्षीय प्रतिवेदन के अध्याय ११ के पैरा १ के उप पैरा (४) में यह उल्लेख किया गया था कि बालिका विद्यालय की एक सहायक निरीक्षिका को निरीक्षण शाखा से अध्यापन शाखा में स्थानान्तरित करने की वांछनीयता के विषय में शिक्षा निदेशक की संस्तुतियां वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुई थीं। शिक्षा निदेशक ने इस मामले में अपनी राय अक्तूबर, १९६२ में भेजा। आयोग संबंधित सहायक निरीक्षिका की निरीक्षण शाखा से अध्यापन शाखा में नियुक्ति से सहमत नहीं हुए और शिक्षा निदेशक को तदनुसार सूचित किया।

३—१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय ११ के पैरा २ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि सांख्यिक के खाली पद को भरने के लिये जिस नये निर्देश को भेजने के लिये शासन ने जनवरी, १९६२ में कहा था, वह निर्देश उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ था। उस निर्देश की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक भी की जाती रही।

१२—पुष्टिकरण

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में कार्यालय ज्ञाप संख्या २९४९/२-बी—१००-५३, दिनांक १० दिसम्बर, १९५३ के अन्तर्गत शासन के नियुक्ति (ख) विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों के अधीन अस्थायी कर्मचारियों के पुष्टिकरण के जिन मामलों पर आयोग से

विचार करने का अनुरोध किया गया, उनमें परिशिष्ट ७ तथा ७–क के स्तम्भ (३) में दिखलाये गये ७८५ कर्मचारियों पर विचार करना पड़ा। इस संख्या में १ अप्रैल, १९६२ तक न निपटाये गये मामले भी शामिल हैं।

२––प्रतिवेदनाधीन वर्ष में ७० मामले जिनमें परिशिष्ट ७ में उल्लिखित ३८६ कर्मचारियों पर विचार किया गया था, आयोग द्वारा निपटाये गये, किन्तु ३९ मामले जिनमें परिशिष्ट ७–क में वर्णित ३९९ कर्मचारियों पर विचार करना था, इस वर्ष निपटाये नहीं जा सके और आगामी वर्ष के लिये शेष रहे। इनमें से कुछ मामले मांगी गई वांछित चारित्रावलियों तथा/अथवा सूचना के अभाव में निपटाये नहीं जा सके और कुछ मामले वर्ष की समाप्ति के समय प्राप्त होने के कारण नहीं निपटाये जा सके।

३––जिन ३८६ कर्मचारियों के मामले निपटाये गये, उनमें से १३ अभ्यर्थियों के पुष्टिकरण का, जो पहले ही पुष्ट कर दिये गये थे, कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया, २९९ पुष्टिकरण अथवा परीक्षणकाल पर स्थायी नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गये, २५ पुष्टिकरण के लिये अनुमोदित नहीं किये गये और १५ सेवा में चलते रहने के लिये भी अनुपयुक्त पाये गये। शेष ३४ कर्मचारियों के विषय में स्थिति इस प्रकार थी :

(१) दो अभ्यर्थी पहले ही दूसरे विभागों में पुष्ट कर दिये गये थे। अतः उनके पुष्टिकरण के मामलों पर विचार नहीं किया गया।

(२) एक अभ्यर्थी के मामले पर विचार नहीं किया गया क्योंकि वह साक्षात्कार में उपस्थित नहीं हुआ था।

(३) १२ अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार नहीं किया गया क्योंकि उन्होंने सुझाव दिया कि उनका पुष्टिकरण बिना आयोग के परामर्श के किया जा सकता है।

(४) १ अभ्यर्थी के मामले पर विचार नहीं किया गया क्योंकि उसके पुष्टि-करण के लिये जिस पुनरीक्षित प्रस्ताव को भेजने के लिये आयोग से वादा किया गया था, वह वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ था।

(५) १२ अभ्यर्थियों के बारे में निर्देश वापस ले लिया गया और पदों को विज्ञापित किया गया।

(६) १ अभ्यर्थी के मामले पर विचार नहीं किया गया क्योंकि यह सुझाव दिया गया कि जब तक फलोपयोगिता के निर्देशालय में उसके पुष्टिकरण का प्रश्न अन्तिम रूप से तय न हो जाय, तब तक उसके लिये एक रिक्ति आरक्षित कर दी जाय।

(७) ५ अभ्यर्थियों के विषय में यह सुझाव दिया गया कि वे पुष्टिकरण के लिये कुछ समय और रुकें।

४––१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १२ के पैरा ५ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि (क) अधीनस्थ कृषि सेवा के ग्रुप १ (हार्टीकल्चर) के एक पद पर स्थायी पदोन्नति के लिये अलग निर्देश तथा (ख) सीधी भर्ती द्वारा चुने हुए ३ अभ्यर्थियों की चरित्रावलियां तथा प्रविष्टियां उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्रात हुई थीं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में :

(१) अधीनस्थ कृषि सेवा के ग्रूप १ (हार्टीकल्चर) में ८ स्थायी पदों पर पदोन्नति के लिये नियमित चुनाव करने के हेतु एक अलग निदश प्राप्त हुआ, देखिए परिशिष्ट ५–क की मद संख्या ६।

(२) सीधी भर्ती द्वारा चुने गये ३ अभ्यर्थियों के मामले आयोग द्वारा निपटाये गये, देखिए परिशिष्ट ७ की मद संख्या ३।

५—१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १२ के पैरा ६ में यह उल्लेख किया गया था कि (क) आयोग ने सुझाव दिया था कि कृषि अभियन्ताओं तथा सहायक कृषि अभियन्ताओं के संवर्ग में पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों की संख्या निश्चित करके स्थायी पदोन्नति के लिये अलग से प्रस्ताव भेजे जायं तथा (ख) तीन स्थानापन्न कृषि अभियन्ताओं तथा १९ स्थानापन्न सहायक कृषि अभियन्ताओं की चरित्रावलियां तथा सीधी भर्ती द्वारा चुने गये कुछ अभ्यर्थियों के विषय में कुछ बातों का स्पष्टीकरण मांगा गया था, ताकि आयोग उनके पुष्टिकरण के बारे में परामर्श दे सकें। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में—

(१) शासन से सहायक कृषि अभियन्ता के पदों के लिये पदोन्नति द्वारा नियमित चुनाव करने के हेतु एक निर्देश प्राप्त हुआ, देखिए परिशिष्ट ५ की मद संख्या ६७।

(२) सीधी भर्ती द्वारा चुने गये २१ सहायक कृषि अभियन्ताओं के मामले आयोग द्वारा निपटाये गये, देखिए परिशिष्ट ७ की मद संख्या २६ तथा।

(३) कृषि अभियन्ता के स्थायी पदों पर पदोन्नति द्वारा नियमित चुनाव करने तथा सीधी भर्ती द्वारा चुने गये अभ्यर्थियों के पुष्टिकरण के लिये आवश्यक निर्देशों की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

६—१९६१—६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १२ के पैरा ७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि आयोग इस बात से सहमत हो गये थे कि सिंचाई, सार्वजनिक निर्माण, स्वायत्त शासन अभियन्त्रण तथा विद्युत् विभागों में ओवरसियर के अस्थायी पदों के लिये प्रारम्भ में आयोग द्वारा चुने गये अनुमोदित ओवरसियरों का पुष्टिकरण आयोग को अग्रेतर निर्देश भेजे बिना ही किया जा सकता है, यदि उनका कार्य संतोषजनक रहा हो। किन्तु सितम्बर, १९६२ में शासन ने अनुरोध किया कि ओवरसियर के पदों को आयोग के विचार—क्षेत्र में से निकालने के विषय में आयोग की संस्तुतियों पर जब तक विनिश्चय नहीं किया जाता है, तब तक आयोग द्वारा उक्त पदों के लिये चुनाव पुष्टिकरण की विद्यमान पद्धति चलती रहे।

१३—अपीलें तथा आनुशासनिक कार्यवाही के मामले

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अपीलों तथा आनुशासनिक कार्यवाही के मामलों की कुल संख्या जिन पर आयोग को विचार करना था, १०५ थीं। इनमें २० अपीलें तथा १४ आनुशासनिक कार्यवाही के मामले १९६१—६२ के थे, ४४ अपीलें तथा १९ आनुशासनिक कार्यवाही के मामले १९६२—६३ में प्राप्त हुए थे, १ अपील तथा २ आनुशासनिक कार्यवाही के वे मामले थे, जिनमें आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अपनी राय दी थी, किन्तु जो आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये थे और २ अपीलों तथा ३ आनुशासनिक कार्यवाही के मामले वे थे जिनमें आयोग ने पूर्व वर्षों में अपनी राय दी थी, किन्तु फिर भी प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग के पुनर्विचारार्थ लौटा दिये गये थे।

२—उपरिनिर्दिष्ट १०५ मामलों में से आयोग ने वर्ष में ६५ मामलों को अन्तिम रूप से निपटाया और ४० मामले आगामी वर्ष के लिये बच रहे। इन ४० मामलों में १२ मामले वे थे जिनमें आयोग ने मामलों पर प्रारम्भिक विचार करने के बाद कुछ कागज

पत्रों या सूचना की कमी पाई थी और जिनकी मांग की गई थी किन्तु जो वर्ष की समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुए थे। अतः वास्तव में ये मामले दूसरी ओर अर्थात् शासन के यहां पड़े रहे। इन १२ मामलों को छोड़कर आयोग के पास न निपटाये गये मामलों की संख्या २८ थी।

३--ऊपर पैरा २ में निर्दिष्ट ६५ मामलों में से ३८ मामलों में आयोग द्वारा दिये गये परामर्श को शासन ने मान लिया। शेष २७ मामलों में से १ मामले में आयोग का परामर्श आंशिक रूप से माना गया। इस मामले का सविस्तर विवरण पैरा ७ में दिया गया है। ३ मामले प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर भेजे गये और २३ मामलों में शासन के विनिश्चय की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

४--जो मामले आयोग द्वारा पूर्व वर्षों में निपटाये गये थे, उनमें से १९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १३ के पैरा ३ में निर्दिष्ट ३४ मामलों में आयोग के परामर्श पर शासन के विनिश्चय की प्रतीक्षा थी। इनमें से चार मामले प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये। इन ४ मामलों के विषय में ऊपर पैरा १ से ३ में पहले ही लिखा जा चुका है। शेष ३० मामलों में से २१ मामलों में आयोग का परामर्श यथाविधि मान लिया गया और ९ मामलों में आयोग के परामर्श पर शासन का विनिश्चय वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ।

५--१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १३ के पैरा ५ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि सेवा-निवृत्ति-वेतन को जब्त करने के एक मामले में आयोग द्वारा दिये गये कुछ सुझावों पर शासन की प्रति-क्रिया की सूचना उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं मिली थी। यह मामला प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी शासन के पास पड़ा रहा।

६--एक कर्मचारी के सत्य निष्ठता के प्रमाण-पत्र को रोक लेने का एक मामला आयोग के पास अक्तूबर, १९५५ में भेजा गया था। आयोग ने उस पर अपनी राय जून, १९५६ में ही दे दी थी। राय यह थी कि चूंकि कर्मचारी के विरुद्ध लगाये गये दोषा-रोप बहुत गंभीर थे इसलिये उसके विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जाय और यदि वह दोषी पाया जाय तो आयोग के परामर्श से उसको पर्याप्त दंड दिया जाय। कर्मचारी के विरुद्ध प्रारम्भ की गई वैभागिक कार्यवाही ७ वर्ष बीत जाने पर भी प्रतिवेदनाधीन वर्ष में पूरी नहीं की जा सकी थी। गत मार्च में इस मामले को मुख्य मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उन्होंने कृपा करके शीघ्र उत्तर दिया कि मामले की जांच हो रही है और आयोग को शीघ्र ही लिखा जायेगा।

७--एक आनुशासनिक मामले में, फरवरी, १९५९ में आयोग शासन से इस बात पर सहमत हुए थे कि संबंधित व्यक्ति सेवा से हटा दिये जाने का पात्र है और यह कि ५,५८६.७२ न० पै० की जो आर्थिक क्षति शासन को उठानी पड़ी थी उसके लिये २,००० रुपये उससे वसूल करना चाहिये। यह मामला जुलाई, १९६१ तक अनिर्णीत रहा और तब शासन ने आयोग के पुनर्विचारार्थ उसे उनके पास यह लिखते हुए फिर भेजा कि यदि संबंधित व्यक्ति को सेवा से हटाने के बजाय केवल उसकी वेतन-वृद्धि दो वर्ष की अवधि के लिये रोक दी जाय जिसका प्रभाव यह हो कि उसकी भावी वेतन वृद्धियां भी स्थगित रहें, तथा उससे क्षति पूर्ति के निमित्त २,००० रुपये देने को कहा जाय, तो उसे न्यायोचित दंड मिल जायगा। आयोग ने शासन के नये प्रस्ताव पर विचार किया किन्तु उन्हें अपनी पूर्व संस्तुतियों में परिवर्तन करने के लिये कोई नये तथ्य या परिस्थितियां नहीं मिलीं। और उन्होंने अगस्त, १९६१ में शासन को तदनुसार

सूचित किया। कई अनुस्मारकों को भेजने के बाद शासन ने अपने नये प्रस्ताव के अनु-सार जनवरी, १९६३ में आदेश जारी कर दिये। इस प्रकार इस मामले में आयोग का परामर्श आंशिक रूप से ही माना गया।

८--एक प्रकरण में यह प्रस्ताव किया गया था कि ३ वर्ष की अवधि के लिये वेतन को वेतन के कालमान में निम्नतम सोपान तक घटा दिया जाय। जुलाई, १९६१ में आयोग ने उसमें यह परामर्श दिया था कि संबंधित कर्मचारी प्रस्तावित दंड से कहीं अधिक दंड का पात्र था और यह कि सेवा से उसकी सेवा-वियुक्ति सर्वथा इष्टकर तथा न्ययोचित होगी। अतः उन्होंने यह संस्तुत किया था कि बढ़ाये हुए दंड को देने के लिये उसको सेवा-वियुक्ति की कारण-सूचना दी जाय। अप्रैल, १९६२ में शासन ने मामले को आयोग के पुनर्विचारार्थ यह कहते हुए फिर भेजा कि यद्यपि प्रकरण के तथ्यों के आधार पर कड़ी कार्यवाही करनी उचित होगी, किन्तु क्योंकि मामला ६ वर्ष पुराना हो चुका है और संबंधित कर्मचारी १ जुलाई, १९६२ को सेवा-निवृत्त हो जायगा, इसलिये सेवा-वियुक्ति का दन्ड बहुत कठोर होगा। इसके अतिरिक्त सेवावियुक्ति के विरुद्ध कारण-सूचना जारी करने से और अधिक विलम्ब होगा। जून, १९६२ में आयोग ने उत्तर दिया कि चूंकि कर्मचारी को १ जुलाई, १९६२ को सेवा-निवृत्त होना है, इसलिये ३ वर्ष के लिये निम्नतम सोपान तक वेतन को घटा देने के सम्बन्ध में शासन का मूल प्रस्ताव कार्यान्वित नहीं किया जा सकता था क्योंकि वेतन को घटाने का आदेश पूर्वगामी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता था। आयोग ने यह विचार व्यक्त किया कि कर्मचारी गम्भीर अपराध करने का दोषी था और शासन द्वारा दिये गये कारणों के आधार पर उसे छोड़ देना उचित नहीं होगा। आयोग ने यह भी सुझाव दिया कि जब तक इस मामले पर अन्तिम निर्णय न ले लिया जाय, तब तक कर्मचारी को निश्चित तिथि को सेवा-निवृत्त न होने दिया जाय और यह कि शासन को उसका सेवा-निवृत्ति वेतन घटाने या जब्त करने के सम्बन्ध में विशिष्ट आदेश जारी करने का पूरा अधिकार है। आयोग को इस मामले में उदारता दिखलाने का कोई आधार नहीं मिला।

अतः वे जुलाई, १९६१ में शासन को भेजी गई अपनी पूर्व संस्तुति पर दृढ़ रहे। किन्तु शासन ने ८ अगस्त, १९६२ को केवल इस आशय का आदेश जारी किया कि कर्मचारी को उसकी सेवा की शेष अवधि तक के लिये वेतन-क्रम के निम्नतम वेतन पर कर दिया जाय और दिसम्बर, १९६२ में आयोग को तदनुसार सूचित करते हुये यह भी लिखा कि असैनिक सेवा विनियमों के अनुच्छेद ४७० के अधीन कर्मचारी के सेवा निवृत्ति-वेतन को पर्याप्त रूप में घटा देने के निदेश विभागाध्यक्ष को दे दिये गये हैं। तदनन्तर मई, १९६३ में आयोग को यह भी सूचित किया गया कि कर्मचारी के मामले में अन्तिम रूप से विनिश्चय लेने के विचार से उसकी सेवा की अवधि दो मास अर्थात् ३० सितम्बर, १९६२ तक के लिये बढ़ा दी गई है। इस प्रकार ८ अगस्त, १९६२ के राज्यपाल के आदेश का आशय यह रहा कि कर्मचारी का वेतन १ मास १३ दिन के लिये ही घटाया गया था।

९---आयोग को निर्दिष्ट अपील के एक प्रकरण में सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के नियम २६ के निर्वचन के प्रश्न पर विचार करना पड़ा। नियम इस प्रकार है :

> "कोई सरकारी कर्मचारी अपनी सेवा या सेवा की शर्तों से उत्पन्न शिकायतों को दूर करने के लिये कष्ट निवारण की सामान्य सरकारी सरणियों का आश्रय लिये बिना किसी विधि न्यायालय की शरण लेकर न्याय पाने का प्रयत्न न करेगा, उन मामलों में भी जहां वैध रूप से ऐसा प्रतिकार ग्राह्य है।"

आयोग का मत यह था कि उपर्युक्त नियम का आशय स्पष्टतः यह है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी को कोई ऐसी शिकायत है, जो उसकी सेवा या सेवा की शर्तों से उत्पन्न हुई है तो उसे सामान्य सरकारी सरणियों द्वारा उस शिकायत को दूर करना

चाहिये और न्यायालय की ओर न भागना चाहिये। उनके विचार से नियम यह नहीं कहता है कि उन शिकायतों को दूर करने के लिये भी जो उसकी सेवा या सेवा की शर्तों से उत्पन्न नहीं हुये हैं, उसे विधि न्यायालय की शरण न लेनी चाहिये ।

१०--सेवा से वियुक्ति के एक आदेश के विरुद्ध एक कर्मचारी के पुनरीक्षण प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में आयोग ने यह कहा कि उस मामले में की गई विभागिक कार्यवाही में कुछ महत्वपूर्ण अनियमितताओं के कारण सेवा-वियुक्ति के आदेश को बने रहने देना सम्भव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उसी कारण से सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध उन्हीं दोषारोपों पर फिर से विभागिक कार्यवाही नहीं की जा सकती है, जिन पर दो बार पहले ही असफलता पूर्वक कार्यवाही की जा चुकी थी। उन्हें दुख हुआ कि विभागिक कार्यवाही करने में उत्तरदायी अधिकारियों की पर्याप्त सावधानी के अभाव में उन कार्यवाहियों को वर्षों बाद रद्द करना पड़ता है और दोषी कर्मचारियों को बहाल करके पूरी अवधि का पूरा वेतन देना पड़ता है। आयोग का विचार था कि जो अधिकारी आनुशासनिक कार्यवाही करते हैं, उन्हें कार्यवाही की प्रक्रिया से भलीभांति परिचित होना चाहिये और जो आवश्यक औपचारिकताओं का पालन नहीं करते हैं जिसके फल-स्वरूप शासन को आर्थिक क्षति पहुंचती है तथा उनके सम्मान को धक्का लगता है, उन्हें उनकी भूलों के लिये पर्याप्त दंड मिलना चाहिये। जनवरी, १९६३ में इसके विषय में मुख्य सचिव तथा मुख्य मंत्री को भी लिखा गया। फरवरी १९६३ में आयोग को उत्तर देते हुये शासन ने सूचित किया कि उस विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक अनुदेश पहले ही जारी किये जा चुके हैं। मुख्य मंत्री जी ने भी आयोग को यह आश्वासन देने की कृपा की कि यह सुनिश्चित करने के लिये कार्यवाही की जायगी कि भविष्य में दन्डाधिकारी ऐसी अनियमितताओं को न करें ।

११--आयोग को निर्दिष्ट अपील के एक प्रकरण में उन्होंने देखा कि विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया दिनांक ८ जून, १९५९ का मूल दन्डादेश कदाचित् ही एक आदेश था। वास्तव में यह अधीनस्थ अधिकारी को भेजा गया एक पत्र था, जिसमें यह कहा गया था कि अपीलकर्ता का स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं था और इसलिये, भावी वेतन वृद्धियों को स्थगित करते हुये तीन वर्ष के लिये उसकी वेतन-वृद्धियां रोक ली गई थीं। आयोग को ऐसा लगा कि विभागाध्यक्ष ने स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया था, क्योंकि आदेश में स्पष्टीकरण के असन्तोषजनक होने का कोई कारण नहीं दिया गया था। बाद में उसी विभागाध्यक्ष ने १९ मई, १९६० को अपेक्षाकृत एक लम्बा आदेश दिया था। तात्पर्य यह है कि विभागाध्यक्ष स्पष्टीकरणों तथा प्रतिनिवेदनों पर विचार करना जानते थे और जब चाहते थे, कर सकते थे। जिस ढंग से विभागाध्यक्ष ने ८ जून, १९५९ का अपना उपर्युक्त आदेश लिखा था, उस ढंग से यदि कोई न्यायिक आदेश लिखा जाता तो अपील प्राधिकारी उसे इस आधार पर तुरन्त रद्द कर देता कि आदेश को देखने से यह पता नहीं चलता है कि दन्डाधिकारी ने उस पर कुछ विचार भी किया है। न्यायिक कार्यवाही के फलस्वरूप दिये गये आदेश के लिये जो बात सच है, सम्भव है वही बात आनुशासनिक कार्यवाही में दिये गये आदेश के लिये सच न हो और यद्यपि एक अनवहित आदेश, जिसको देखने से यह प्रत्यक्ष हो जाता है कि आदेश देने वाले अधिकारी ने अपना दिमाग नहीं लगाया है, आनुशासनिक कार्यवाही में केवल उसी कारण से, रद्द न किया जा सके, फिर भी, आयोग के विचार से, आनुशासनिक कार्यवाही के मामलों में दिये गये आदेश सुबोध होने चाहिये। आदेश में विनिश्चय के कारण संक्षेप में दे देने चाहिये, ताकि पुनरीक्षण प्राधिकारी को यह पता चल सके कि आदेश देने के कारण क्या थे और अपील पर निर्णय लेने में उसे सहायता मिल सके। आयोग ने अपने उपर्युक्त विचार शासन को भेजे ताकि वे सभी सम्बन्धित अधिकारियों के सामान्य पथप्रदर्शन के लिये उनको सूचित करें। अभी तक शासन की प्रतिक्रिया का पता नहीं चला है ।

१२---१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १३ के पैरा ७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो आनुशासनिक कार्यवाहियों तथा अपीलों के मामलों को निपटाने में किये गये विलम्ब के सम्बन्ध में था। ऐसे ७ मामलों में यह कहा गया था कि जो कागज-पत्र अथवा सूचना मांगी गई थी, उसमें से कुछ उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुई थी। ये वांछित कागज-पत्र तथा सूचना प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्राप्त हुये।

ऊपर पैरा २ में निर्दिष्ट १२ मामलों में से, जिनमें आयोग ने कुछ वांछित कागज-पत्रों अथवा अग्रेतर सूचना की मांग की थी, दो मामले ऐसे थे, जिनमें प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति के दिन कागज-पत्रों को मांगे ६ महीने से अधिक का समय बीत चुका था, परन्तु कागज पत्रादि प्राप्त नहीं हुये थे।

१४---असाधारण पेंशन तथा उपदान

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में पद का जोखिम वाले कर्तव्यों का पालन करने के फलस्वरूप जिन सरकारी कर्मचारियों को चोट लगी थी उनसे अथवा जो मृत्यु के शिकार हुये थे उनके परिवार वालों से असाधारण पारिवारिक अथवा चोट पेंशन तथा/अथवा उपदान के कुल २८ मामले आयोग के परामर्श के लिये प्राप्त हुये। इनमें १९६१-६२ के अग्रेनीत ८ मामले हैं और १९६२-६३ में प्राप्त १८ नये मामले हैं, जिनकी सूची परिशिष्ट ८ में दी हुई है। इनके अतिरिक्त २ मामले वे हैं, जिनमें आयोग ने अपना परामर्श पहले दिया था, किन्तु जो उनके पुनर्विचारार्थ फिर भेजे गये थे।

२---उपर्युक्त २८ मामलों में, १६ पुलिस विभाग के थे, ४ राजस्व विभाग के, दो-दो सिंचाई तथा वन विभागों के तथा एक-एक सार्वजनिक निर्माण, कारागार, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा पशुपालन विभागों के थे।

३---उपर्युक्त २८ मामलों में से २१ मामले आयोग द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये। शेष ७ निपटाये नहीं जा सके।

४---प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये २१ मामलों में से ९ मामलों में शासन द्वारा जारी किये गये आदेश वर्ष के भीतर प्राप्त हो गये थे और उन सभी मामलों में आयोग का परामर्श मान लिया गया था। शेष १२ मामलों में से, ४ मामलों में शासन ने वर्ष की समाप्ति के बाद शीघ्र ही आदेश जारी कर दिये और ८ मामलों में शासनादेश प्रतीक्षित रहे।

५---दस मामले ऐसे थे, जिनमें आयोग ने पूर्व वर्षों में अपना परामर्श दिया था, किन्तु जिनके विषय में शासनादेश १९६१-६२ की समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुये थे। इनमें से दो मामले बाद में आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये थे, जिनके विषय में ऊपर पैरा १ में पहले ही लिखा जा चुका है। शेष ८ मामलों में से, केवल ४ मामलों में शासनादेश प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्राप्त हुये और ४ मामलों में शासनादेश प्रतीक्षित रहे।

६---एक प्रकरण में यह प्रतिवेदित किया गया था कि एक तहसीलदार जन-गणना कार्य के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देने के लिये एक गांव में गया हुआ था। दो दिन बाद उसी गांव में, वह स्नानागार में गया और लगभग ७ बजे प्रातः बेहोश होकर गिर पड़ा। गांव तहसील से दूर एक कोने में बसा हुआ था, जहां चैकित्सिक सहायता की व्यवस्था नहीं की जा सकती थी और १०-३० बजे पूर्वान्ह में तहसीलदार का स्वर्गवास हो गया। तत्पश्चात् उसकी विधवा ने असाधारण पेंशन की स्वीकृति के लिये प्रार्थना-पत्र दिया,

जिसका समर्थन उपायुक्त, आयुक्त तथा राजस्व परिषद् ने किया। किन्तु महालेखाकार का यह विचार था कि जिन परिस्थितियों में उपर्युक्त कर्मचारी की मृत्यु हुई थी, वे उत्तर प्रदेश असैनिक सेवाओं (असाधारण पेन्शन) की नियमावली के नियम ३(६) तथा ३(७) में परिभाषित "पद का जोखिम" अथवा "पद का विशेष जोखिम" पद के अन्तर्गत नहीं आती, अतः कोई पेन्शन ग्राह्य नहीं थी। उनके पास भेजे गये कागज-पत्रों का अवलोकन करने के बाद आयोग महालेखाकार के विचारों से सहमत हुये और जनवरी, १९६२ में शासन को परामर्श दिया कि स्वर्गीय तहसीलदार के आश्रितों को कोई असाधारण पेन्शन ग्राह्य नहीं है। शासन सहमत हुये, किन्तु जून, १९६२ में उन्होंने आयोग से पूछा कि यदि उपर्युक्त नियमों के नियम १४ के अन्तर्गत, जो राज्यपाल को उन परिस्थितियों में पेन्शन प्रदान करने का अधिकार देता है, जिनमें सामान्य नियमों के अन्तर्गत पेन्शन नहीं दी जा सकती, पेन्शन प्रदान की जाय तो क्या उन्हें कोई आपत्ति होगी। आयोग ने अपना विचार व्यक्त किया कि नियम १४ के अन्तर्गत पेन्शन प्रदान करना न्यायोचित न होगा, और बतलाया कि शासन के गृह (पुलिस-ख) विभाग ने अपने पत्र संख्या ५२९४-आर/आठ-बी--१०००(९)-'५५, दिनांक नवम्बर शून्य, १९५५ में निम्नलिखित कथन किया था :--

> "नियम १४ के उपबन्धों की शरण असामान्य रूप से कठोर प्रकरणों में ली जाती है, जिनमें सामान्य नियमों की प्रायः सभी अपेक्षाओं की पूर्ति तो हो जाती है, किन्तु कुछ तकनीकी कारणों से पेन्शन की स्वीकृति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा न हो तो सम्भव है कि शासन भारी वित्तीय उत्तरदायित्वों में फंस जायं, क्योंकि तब प्रकरण-प्रकरण में भेद करना कठिन हो जायगा ....।"

अतः आयोग ने परामर्श दिया कि जब तक शासन उक्त प्रकार के सभी मामलों में पेन्शन की स्वीकृति देने को तैयार न हों, तब तक उक्त मामले में पेन्शन प्रदान करना न्यायोचित न होगा, क्योंकि पूर्वोदाहरणों से सावधान रहना आवश्यक है, जो सम्भव है बाद में असुविधाजनक सिद्ध हों और जिनकी अवहेलना करना कठिन हो जाय। किन्तु आयोग की संस्तुतियों को शासन ने नहीं माना और उन्होंने ५ अप्रैल, १९६३ को उस मामले में नियम १४ के अन्तर्गत कुछ पेन्शन प्रदान करने के आदेश जारी कर दिये और आयोग से असहमत होने का कोई कारण नहीं बतलाया।

१५--वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के दावे

अपने सरकारी कर्तव्यों को करने के फलस्वरूप उनके विरुद्ध चलाये गये वादों में अपनी पैरवी करने के सम्बन्ध में सरकारी कर्मचारियों द्वारा किये गये वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के दावों की कुल संख्या ३० थी। इसमें १९६१-६२ के अग्रेनीत ४ मामले, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्राप्त २३ मामले, जिनका उल्लेख परिशिष्ट ९ में किया गया है, तथा ३ वे मामले थे जिनमें पहले शासन को परामर्श दिया गया था, किन्तु जो आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये थे।

२--उपर्युक्त ३० मामलों में, २३ पुलिस विभाग के, २ कारागार विभाग के तथा एक-एक सार्वजनिक निर्माण, सहकारिता वित्त, सिंचाई एवं आबकारी विभागों के थे।

३--उपर्युक्त ३० मामले में से, १३ मामले आयोग द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये। शेष १७ मामले निपटाये नहीं जा सके। इन १७ मामलों में से ६ मामलों में कुछ सूचना मांगी गई थी जो वर्ष की समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुई थी।

४——प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाये गये १३ मामलों में से एक, आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजा गया था, जो उपर्युक्त पैरा १ में निर्दिष्ट ३० मामलों में सम्मिलित है। शेष १२ मामलों में शासनादेशों की प्रतीक्षा वर्ष की समाप्ति तक की जाती रही।

५——१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १५ के पैरा ५ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि ६ मामलों में शासनादेशों की प्रतीक्षा उस वर्ष की समाप्ति तक की गई थी। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में उनमें से दो आयोग के पुनर्विचारार्थ उनके पास फिर भेजे गये थे। ये दो मामले उपर्युक्त पैरा १ में निर्दिष्ट ३० मामलों में सम्मिलित हैं। शेष ४ मामलों में शासनादेशों की प्रतीक्षा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में की जाती रही।

६——उपर्युक्त के अतिरिक्त, ४ अन्य मामलों में, जिनमें आयोग ने १९६१–६२ में परामर्श दिया था, शासनादेशों की प्रतीक्षा की जाती रही।

१६——सेवाओं तथा पदों के लिये नियम

प्रतिवेदनाधीन वर्ष मे ७८ ऐसे प्रकरण आये, जिनका सम्बन्ध विभिन्न सेवाओं तथा पदों पर भर्ती सम्बन्धी तथा/अथवा नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों सम्बन्धी नियमों या सिद्धान्तों से था। आयोग ने उनका परीक्षण करके अपनी आलोचनायें भेजीं या प्रस्तावित संशोधनों अथवा आसंशोधनों पर परामर्श दिया। न प्रकरणों का विवरण परिशिष्ट १० में दिया गया है। इनमें से ५६ मामलों (मद १–५६ में वर्णित) में आयोग का परामर्श प्रतिवेदनाधीन वर्ष में दिया गया। शेष २२ मामलों (मद ५७——७८ में वर्णित) में आयोग का परामर्श प्रतिवेदनाधीन वर्ष में नहीं भेजा जा सका।

२——निम्नलिखित नियमावलियों अथवा नियमों के संशोधनों को, जिनके आलेख्यों पर आयोग की आलोचनायें वर्ष के भीतर या पहले भेजी जा चुकी थीं, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अन्तिम रूप दिये जाने की सूचना प्राप्त हुई :

*(१) अधीनस्थ राजस्व अधिशासी सेवा (तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पेशकार) नियमावली के नियम १२ व १५ का संशोधन।

(२) अधीनस्थ राजस्व अधिशासी सेवा (तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पेशकार) नियमावली के नियम २४ व २७ का संशोधन।

(३) अधीनस्थ राजस्व अधिशासी सेवा (तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पेशकार) नियमावली के नियम २३ व २६ का संशोधन।

(४) अधीनस्थ राजस्व अधिशासी सेवा (तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पेशकार) नियमावली के नियम १७ का संशोधन।

---

*(१) देखिये शासनादेश संख्या ४३९७ (१)/आई–बी——१३७–टी–६०, दिनांक २० नवम्बर, १९६२ ई०।

(२) देखिये शासनादेश संख्या ४३९७(२)/आई–बी——१३७–टी–६०, दिनांक २० नवम्बर, १९६२ ई०।

(३) देखिये शासनादेश संख्या ४३९७/आई–बी——१३७–टी–६०, दिनांक २० नवम्बर, १९६२ ई०।

(४) देखिये शासनादेश संख्या ५५९२/आई–बी——१००–टी–६१, दिनांक ८ जनवरी, १९६३ ई०।

(५) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़क शाखा), अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा नियमावली, १९६१ के नियम १, २, ३, ४, ६, ७, ९, १०, १२, १३, १४, १५, १६, १७, २०, २४, २६, २७, २९ एवं परिशिष्ट क, ख, ग का संशोधन तथा नये नियमों ९-क, ११-क तथा ३० को जोड़ना ।

(६) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीनस्थ विद्युत अभियन्त्रण सेवा (विद्युत ओवरसियर्स) नियमावली, १९५२ के नियम ३, ७, ८, ९, ११, १४ का संशोधन तथा उस में नियम २८ को जोड़ना ।

(७) स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में सहायक अभियन्ता के पदों पर पदोन्नति के लिये ओवरसियरों की संनिरीक्षा उप परीक्षा की प्रक्रिया में शासन द्वारा किया गया संशोधन ।

(८) "लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती सम्बन्धी अनुदेश" के अनुदेश ४ व ६ में संशोधन ।

(९) मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के वैयक्तिक सहायक (लिपिक वर्गीय) के लिये नियमावली ।

(१०) स्वशासन अभियन्त्रण विभाग अधीनस्थ अभियंत्रण सेवा नियमावली, १९६२ ।

(११) सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश में सहायक अभियन्ता (यांत्रिक) के पद पर पदोन्नति के लिये अधीनस्थ विद्युत व यांत्रिक अभियन्त्रण सेवा के सदस्यों की अर्हकारी परीक्षा के लिये नियम ।

(१२) उत्तर प्रदेश ब्वायलरों तथा फैक्टरियों के निरीक्षकों की सेवा, क्लास एक, नियमावली के नियम ४ व ९ का संशोधन ।

(१३) उन सभी सेवाओं के नियमों में संशोधन, जिनमें भर्ती के हेतु परीक्षाओं अथवा चुनावों में बैठने के लिये विभागीय अभ्यर्थियों को आयु सीमा से छूट देने की व्यवस्था है (यदि अभ्यर्थी त्याग-पत्र दे दें तो छूट वापस ले ली जाय) ।

---

(५) देखिये विज्ञप्ति संख्या ४५०३-ई-बी-आर/२३-पी-डब्ल्यू-डी--१-ओ० एस० डी० (आर)-४९, दिनांक २७ अगस्त, १९६२ ई० ।

(६) देखिये विज्ञप्ति संख्या १५३०-ई-बी-आर०/२३-पी-डब्ल्यू-डी--८-ओ-एस-डी (आर)-४९, दिनांक २८ अप्रैल, १९६२ ई० ।

(७) देखिये शासनादेश संख्या २७३९/९-बी--४८६-सी-६१, दिनांक २४ अगस्त, १९६२ ई० ।

(८) देखिये नियुक्ति विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या ५१६/दो-बी--१८९-५३, दिनांक २३ जनवरी, १९६३ ई० ।

(९) देखिये विज्ञप्ति संख्या ५४९८-ई-बी-आर/२३-पी-डब्ल्यू-डी--६-ओ एस-डी (आर)-५४, दिनांक ६ दिसम्बर, १९६२ ई० ।

(१०) देखिये शासनादेश संख्या १४२५ (ii)/९-बी--७०-एम-ई-५४, दिनांक ७ जून, १९६२ ई० ।

(११) देखिये शासनादेश संख्या १०५२-ए/२३-आई-ए--२-ओ-एस-डी, (२)-५४, दिनांक १५ मार्च, १९६३ ई० ।

(१२) देखिये विज्ञप्ति संख्या १९३६ (एल)/३६-बी--९६-६०, दिनांक ३ नवम्बर, १९६२ ई० ।

(१३) देखिये नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या ६७५/२-बी--१९०-६१, दिनांक २३ मई, १९६२ ई० ।

(१४) उत्तर प्रदेश नगर महापालिका सेवा नियमावली, १९६२।

(१५) उत्तर प्रदेश नगर महापालिका सेवा (पदनाम, वेतन-क्रम, अर्हतायें, (भर्ती की विधि तथा सवारी भत्ता) आदेश, १९६३।

(१६) सहायक निबन्धक के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चुने गये अभ्यर्थियों तथा पदोन्नत कर्मचारियों के अनुपात को १ जनवरी, १९६२ से ५०:५० निश्चित करने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सहकारिता सेवा, क्लास दो, नियमावली में संशोधन।

(१७) उत्तर प्रदेश सहकारिता सेवा, क्लास दो, नियमावली के नियम ९ में एक नया परन्तुक जोड़ना ।

३--अगस्त १९६२ में आयोग ने शासन को सुझाव दिया कि आलेख्य नियमावलियों की संनिरीक्षा में समय तथा श्रम की बचत करने और आयोग एवं शासन दोनों के यहां सेवा नियमावलियों को अन्तिम रूप देने की सम्पूर्ण प्रक्रिया में गतिवृद्धि करने के विचार से भी सभी आलेख्य सेवा नियमावलियों अथवा नियमों के आलेख्य संशोधनों की तीन ऐसी प्रतियां आयोग के पास भेजी जानी चाहिये, जो पार्श्व में काफी जगह छोड़ते हुये द्विगुणान्तर देकर टंकित की गई हों, ताकि एक प्रति में छोटे मोटे संशोधन तथा आलोचनायें की जा सकें। यदि आयोग किसी विशेष आलेख्य नियम को संशोधित करके फिर से लिखने की आवश्यकता समझेंगे तो वे संशोधित आलेख्य की उक्त प्रति में यथास्थान अध्यारोपित कर देंगे और मूल आलेख्य को ज्यों का त्यों रहने देंगे। आयोग द्वारा अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के बाद आलेख्य सेवा नियमावली में किये जाने वाले परिवर्तन आलेख्य सेवा नियमावली की दूसरी और तीसरी प्रतियों में साफ-साफ लिख दिये जायेंगे। इन दो स्वच्छ प्रतियों में से एक शासन को भेज दी जायगी और दूसरी अग्रेतर निर्देश के लिये आयोग के कार्यालय में रख ली जायगी। यदि कोई बड़ी और महत्वपूर्ण आलोचना होगी तो उसे अग्रसारण पत्र में आसानी से लिखा जा सकता है। शासन इससे सहमत हुये और उन्होंने अक्टूबर १९६२ में सचिवालय के सभी विभागों को तदनुसार आवश्यक निर्देश जारी कर दिया।

---

(१४) देखिये विज्ञप्ति संख्या १७२-म(नि-१८)/११-सी-१ कार्य० (४)-५७, दिनांक १४ दिसम्बर, १९६२ ई०।

(१५) देखिये विज्ञप्ति संख्या १६-म/११-सी-२८-कार्य०-६२--दिनांक १ मार्च, १९६३ ई०।

(१६) देखिये शासनादेश संख्या २५०८-सी-१२-सी-बी/११८-६२, दिनांक १२ जुलाई, १९६२ ई०।

(१७) देखिये विज्ञप्ति संख्या २५३३-सी/१२-सी-बी--३९/६२, दिनांक १८ अक्तूबर, १९६२ ई०।

४—१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १६ के पैरा ३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि समिति अधिकारी के पद पर चुनाव सम्बन्धी तदर्थ सिद्धान्तों के पुनरीक्षित आलेख्य पर आयोग की आलोचनाओं के विषय में शासन का विनिश्चय उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ था। स मामले में शासन के विनिश्चय की प्रतीक्षा प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक भी की जाती रही।

५—१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १६ के पैरा ४ में निर्दिष्ट ४ सेवा नियमावलियों को प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी शासन अंतिम रूप नहीं दे सके।

१७—कृत्यों का परिसीमन विनियम

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निम्नलिखित पद आयोग के विचारक्षेत्र में रक्खे गये—

*१—राजकीय पालीटेक्निक, बख्शी का तालाब, लखनऊ में भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित तथा अंग्रेजी में कनिष्ठ व्याख्याता।

२—श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में २००—३५० रु० के वेतन-क्रम में मुख्य लेखा निरीक्षक।

३—उत्तर प्रदेश परिवहन संगठन में २००—४०० रु० तथा २००—३५० रु० के वेतन-क्रम में क्रमशः कर-अधीक्षक एवं यात्री-कर अधीक्षक के अधीनस्थ राजपत्रित पद।

४—शिक्षा प्रसार कार्यालय, इलाहाबाद में १२०—३०० रु० के वेतन-क्रम में सहायक कैमरामैन तथा २००—३०० रु० के वेतन-क्रम में आर्टिस्ट।

उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशक के अधीन—

५—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (ऋण तथा अनुदान)।

६—अधीक्षक (तकनीकी)।

७—प्रचार अधिकारी (एच० एल०)।

८—संख्याधिकारी (एच० एल०)।

९—योजना अधिकारी (भांडार)।

१०—अधीक्षक (आई० टी० एम०)।

११—ज्येष्ठ विश्लेषक।

---

*१—देखिए शासनादेश संख्या ४२४७/२६—४३६-६१, दिनांक २१ दिसम्बर, १९६२।

२—देखिए शासनादेश सं० ३६०४ (एल)/३६-बी—४५९-६१, दिनांक [illegible] अक्तूबर, १९६२।

३—देखिए शासनादेश सं० ३६४-ए-२/३०-ए—८९-एम-६२, दिनांक १३ मार्च, १९६३।

४—देखिए शासनादेश सं० [illegible]/१५, दिनांक २७ [illegible], [illegible]।

५—११—देखिए शासनादेश संख्या ११२३ (आई)/१८-ए—१८७-६१, दिनांक [illegible] मई, १९६२।

१२—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (सी० पी०)।

१३—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (गुणचिन्हांकन)।

१४—संख्याधिकारी।

१५—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (ऊन)।

१६—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (गुड़)।

१७—प्राविधिक अधिकारी (अम्बर खादी)।

१८—प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण तथा लेखा)।

१९—प्रभागीय उद्योग अधिकारी (चिकन)।

२०—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (चमड़ा)।

२१—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (आई०डी०)।

२२—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक।

२३—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (सी)।

२४—जिला उद्योग अधिकारी (ग्रेड दो)।

२५—श्रम कल्याण अधिकारी।

२६—अधीक्षक खुर्जा मृद्भाण्ड।

२७—प्रसार एवं प्रचार अधिकारी।

२८—प्रसार अधिकारी (दरियां)।

२९—धिकारी अधीक्षक (नान–फेरस)।

३०—प्रभारी प्रबन्धक, राजकीय कम्बल फैक्ट्री।

३१—बिजिनेस मैनेजर (ऊन)।

३२—प्रबन्धक, औद्योगिक आस्थान (तकनीकी)।

३३—तकनीकी प्रबन्धक (पावरलूम)।

३४—मेटलर्जिस्ट।

३५—यांत्रिक तथा विद्युत् अभियन्ता।

३६—प्रसार अधिकारी (दस्तकारी)।

३७—प्रबन्धक (तकनीकी, पी० पी० फुटवियर)।

३८—प्रबन्धक, गैस प्लांट।

३९—धर्मशाला अधीक्षक (डब्ल्यू० एन०)।

४०—तकनीकी प्रबन्धक (पावरलूम)।

४१—अधीक्षक, प्लास्टिक वस्तुएं।

४२—अधीक्षक, हस्तनिर्मित कागज योजना।

४३—प्रभागीय उद्योग अधीक्षक (टी० सी०)।

४४—अधिकारी प्रबन्धक (सैन्ड वाशिंग प्लांट)।

---

*१२—४४—देखिए शासनादेश संख्या १११३ (१)/१८-ए--१४७-६१, दिनांक ३० मई, १९६२।

*४५—पाइलाट प्रोजेक्ट अधिकारी (हस्तशिल्प सहकारी समितियां)।
४६—संख्याधिकारी (योजना)।
४७—सहायक विकास अधिकारी (खिलौने)।
४८—आइवरी इनले एक्सपर्ट।
४९—डिजाइन प्रचार अधिकारी।
५०—प्रयागीय उद्योग अधीक्षक (एच० एल०)।
५१—प्रयागीय उद्योग अधीक्षक (बार्डर)।
५२—शाल, गलीचा आदि की विकास योजना के प्रबन्धक।
५३—प्रयागीय उद्योग अधीक्षक (कम्बल)।
५४—प्रयागीय उद्योग अधीक्षक (लेखा)।
५५—सहायक सर्वे अधिकारी-सहित-सम्पादक, तथा
५६—प्रदर्शिनी-सहित-प्रचार अधिकारी।
५७—उ०प्र० सैनिक विद्यालय के अध्यापन पद, जो उ० प्र० लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियमों के विनियम ४ (क) के अन्तर्गत नहीं आते।
५८—औद्योगिक प्रशिक्षण विद्यालय में २००—३५० ० के वेतन-क्रम में फोरमैन।
५९—राजकीय दन्त अस्पतालों से सम्बद्ध दांत के सर्जन।

२—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग के परामर्श से निम्नलिखित पद उनके विचार क्षेत्र में से निकाल दिये गये :—

पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन-क्रम
राजकीय पालीटैक्निक बख्शी-का-तालाब, लखनऊ में—		
†१—विद्युत तथा यांत्रिक अभियन्त्रण में डिमान्स्ट्रेटर	२	१२०—३०० ०।
२—रेखा-चित्र (ड्राइंग) अनुदेशक (अभियन्त्रण)	१	१२०—३०० रु०।
३—(१) राजकीय केंद्रीय वस्त्र संस्थान, कानपुर में—		
[१] छपाई सहायक	१	१२०—३०० रु०।
[२] बुनाई डिमान्स्ट्रेटर	१	२००—३५० रु०।
[३] अभियंत्रण में डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—३०० रु०।

*४५-५६—देखिये शासना देश संख्या १११३ (१)/१८-ए-१४७/६१, दिनांक ३० मई, १९६२ ई०।

५७—देखिये शासनादेश संख्या १२२४-एस-एस/तीन—६-एम-एस-६०, दिनांक २९ सितम्बर, १९६२ ई०।

५८—देखिये—शासनादेश संख्या २७१८ (ई०)/३६-बी-७९१ (ई०)/५८, दिनांक ११ अक्तूबर, १९६२ ई०।

५९—देखिये शासनादेश संख्या १००९०-ए/वी-डी-११/६१, दिनांक २ नवम्बर, १९६२ ई०।

†१—२—देखिए शासनादेश संख्या ०४२४७/२६—४३६-६१, दिनांक २१ दिसम्बर, १९६२।

३—देखिए शासनादेश संख्या ९४९-ई-डी/१८-डी—४०६-ई-डी-६०, दिनांक २ अप्रैल, १९६२।

पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन-क्रम
[४] कताई में डिमान्स्ट्रेटर	१	२००—३५० रु० ।
[५] मशीन में डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—२०० रु० ।
[६] कार्डिंग में ड्राइंग डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—३०० रु० ।
[७] हैंडलूम में ड्राइंग डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—३०० रु० ।
[८] रंगाई में ड्राइंग डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—३०० रु० ।
[९] प्रिंटिंग में ड्राइंग डिमान्स्ट्रेटर	१	१२०—३०० रु० ।
[१०] मर्सराईजिंग तथा ब्लीचिंग में ड्राइंग डिमांस्ट्रेटर ।	१	१२०—३०० रु० ।
(२) राजकीय चर्म संस्थान, कानपुर में—		
[१] इन्स्ट्रक्टर, लेदर वर्किग	१	१२०—३०० रु० ।
[२] मशीन ग्लास इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[३] टैनिंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
(३) राजकीय पालीटेक्निक, लखनऊ में—		
[१] सेकन्ड टेक्निकल मास्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[२] प्रथम सहायक अध्यापक	१	१२०—३०० रु० ।
[३] अनुदेशक	१	१२०—३०० रु० ।
[४] पावर हाउस वर्किंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[५] सीनियर ड्राइंग इन्स्ट्रक्टर	२	२००—४५० रु० ।
[६] ड्राफ्ट्समैन ट्रेन्ड	६	१२०—२५० रु० ।
(४) राजकीय काष्ठ-शिल्प विद्यालय, इलाहाबाद में—		
[१] सहायक कैबिनेट इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[२] इन्स्ट्रक्टर	२	१२०—३०० रु० ।
[३] मास्टर डिजाइनर	१	१२०—३०० रु० ।
(५) बी० पी० के० राजकीय पालीटेक्निक, वाराणसी में—		
[१] जूनियर इन्स्ट्रक्टर	३	१२०—३०० रु० ।
[२] कास्टिंग तथा क्ले माडलिंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[३] डाफ्ट्समैन	१	१२०—२५० रु० ।

पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन-क्रम
(६) राजकीय केन्द्रीय काष्ठ शिल्प विद्यालय, बरेली में—		
[१] सहायक कैबिनेट इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
७) राजकीय पालीटैक्निक, गोरखपुर में—		
[१] द्वितीय अध्यापक	१	१२०—३०० रु० ।
[२] तृतीय अध्यापक	१	१२०—३०० रु० ।
[३] पावर हाउस इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[४] सीनियर ड्राइंग इन्स्ट्रक्टर	२	२००—४५० रु० ।
५—ड्राफ्ट्समैन ट्रेन्ड	६	१२०—२५० रु० ।
(८) राजकीय औद्योगिक तथा प्राविधिक संस्थान, गोरखपुर में—		
[१] प्रथम मोटर मैकेनिक इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[२] प्रथम ट्रैक्टर मेकेनिक इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
[३] प्रथम इलेक्ट्रीशियन इन्स्ट्रक्टर	१	१२०—३०० रु० ।
(९) राजकीय जूनियर टेक्निकल स्कूल, झांसी में—		
[१] वर्कशाप इन्स्ट्रक्टर	८	१२०—३०० रु० ।
[२] मेकेनिकल इंजीनियरिंग ड्राफ्ट्समैन	१	१२०—२५० रु०।
(१०) राजकीय औद्योगिक तथा प्राविधिक संस्थान, मेरठ में—		
[१] मास्टर आटोमोबाइल	१	१२०—३०० रु० ।
[२] मास्टर जनरल मेकेनिक्स	१	१२०—३०० रु० ।
[३] वर्कशाप चार्जमैन	३	१२०—३०० रु० ।
[४] इलेक्ट्रीशियन	१	१२०—३०० रु० ।
[५] ब्लैकस्मिथी हाईक्लास	१	१२०—२५० रु० ।
[६] मास्टर इलेक्ट्रोप्लेटिंग	१	१२०—३०० रु० ।
[७] मास्टर इलेक्ट्रिकल वायरिंग तथा आर्मेचर बाइंडिंग	१	१२०—३०० रु० ।
[८] मोल्डर हाई क्लास	१	१२०—३०० रु० ।
[९] सोल्डरिंग तथा वेल्डिंग मेकेनिक	१	१२०—३०० रु० ।

पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन-क्रम
[१०] कार्पेन्टर हाई क्लास	१	१२०--३०० रु० ।
[११] मास्टर शीट मेटल	१	१२०--३०० रु० ।
(११) राजकीय जूनियर टेक्निकल स्कूल, दौराला (मेरठ) में--		
[१] मेकेनिकल इंजीनियरिंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--३०० रु० ।
[२] वर्कशाप इंस्ट्रक्टर	८	१२०--३०० रु० ।
(१२) राजकीय औद्योगिक तथा प्राविधिक संस्थान, देहरादून में--		
[१] सहायक फोरमैन	१	१२०--३०० रु० ।
[२] आटोमोबाइल इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--३०० रु० ।
[३] इलेक्ट्रिक इन्सपेक्टर	१	१२०--३०० रु० ।
(१३) राजकीय औद्योगिक तथा प्राविधिक संस्थान, चरखारी (हमीरपुर) में--		
[१] ज्येष्ठ सिलाई अनुदेशक	१	१२०--३०० रु० ।
(१४) राजकीय चर्म विद्यालय, फतेहपुर में--		
[१] सीनियर इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--३०० रु० ।
[२] लेबोरेटरी सहायक	१	१२०--३०० रु० ।
[३] शूमेकिंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--३०० रु० ।
[४] हस्तनिर्मित चर्म-वस्तु निदेशक	१	१२०--३०० रु० ।
(१५) राजकीय जूनियर टेक्निकल स्कूल, गाजीपुर में--		
[१] वर्कशाप इन्स्ट्रक्टर	४ ५	१२०--३०० रु० । १२०--३०० रु० ।
[२] पावर हाउस इंचार्ज	१	१२०--३०० रु० ।
[३] मेकेनिकल इंजीनियरिंग ड्राफ्ट्समैन	१	१२०--२५० रु० ।
(१६) राजकीय जूनियर टेक्निकल स्कूल, जौनपुर में--		
[१] वर्कशाप इन्स्ट्रक्टर	८	१२०--३०० रु० ।
[२] मेकेनिकल इंजीनियरिंग ड्राफ्ट्समैन	१	१२०--२५० रु० ।

पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन-क्रम
(१७) राजकीय औद्योगिक तथा प्राविधिक संस्थान, लखनऊ में--		
[१] प्रथम अनुदेशक	४	१२०--३०० रु० ।
[२] अनुदेशक	६	१२०--३०० रु० ।
(१८) उत्तर क्षेत्रीय मुद्रण औद्योगिक विद्यालय, इलाहाबाद में--		
[१] हैन्ड कम्पोजिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[२] लेटर प्रेस प्रिंटिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[३] प्लेट मेकिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[४] डुप्लीकेटिंग प्रासेसेज	१	१२०--३०० रु० ।
[५] पैकेजिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[६] आर्ट वर्क	१	१२०--३०० रु० ।
[७] फोटो एन्ग्रेविंग	१	१२०--३०० रु० ।
[८] बाइंडिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[९] लिथो प्रिंटिंग	१	१२०--३०० रु० ।
[१०] लिनो टाइप, तथा	१	१२०--३०० रु० ।
[११] मोनोटाइप में डिमांस्ट्रेटर	१	१२०--३०० रु० ।
[१२] मशीनिस्ट ऐन्ड रि[illegible]िंग इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--[illegible] रु० ।
[१३] ड्राफ्ट्समैन	१	१२०--[illegible] रु० ।
(१९) राजकीय पालीटेक्निक, झांसी तथा बरेली में--		
[१] पावर हाउस इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--[illegible] रु० ।
[२] जूनियर इन्स्ट्रक्टर	२	१२०--[illegible] रु० ।
[३] लेबोरेटरी इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--[illegible] रु० ।
[४] जूनियर ड्राइंग इन्स्ट्रक्टर	१	२००--[illegible] रु० ।
(२०) सेठ गंगा सागर जाटिया पालीटेक्निक, खुर्जा में--		
[१] वर्कशाप इन्स्ट्रक्टर	२	१२०--३[illegible] रु० ।
[२] सर्वे इन्स्ट्रक्टर	१	१२०--३[illegible] रु० ।
(२१) राजकीय जूनियर टेक्निकल स्कूल, इलाहाबाद में--		
[१] वर्कशाप इन्स्ट्रक्टर	८	१२०--[illegible] रु० ।
[२] मेकेनिकल इंजीनियरिंग ड्राफ्ट्समैन	१	१२०--[illegible] रु० ।

३—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १७ के [illegible]रा ४ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि शिक्षा प्रसार कार्यालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के विभिन्न पदों को आयोग के विचार–क्षेत्र में रखने के लिये शासनादेश उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुए थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष मे २००—३०० रु० के वेतन–क्रम में आर्टिस्ट तथा १२०—३०० रु० के वेतन–क्रम में सहायक कैमरामैन के पदों को आयोग के विचार–क्षेत्र मे रखने के आदेश प्राप्त हुए, किन्तु शेष पदों के संबंध में शासनादेशों की प्रतीक्षा इस वर्ष भी की जाती रही।

४—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १७ के पैरा ५ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि प्रधानाचार्य तथा ज्येष्ठ अनुदेशकों के पदों पर आयोग के परामर्श से भर्ती करने से संबंधित मामला जुलाई, १९५८ से लगातार शासन के विचाराधीन था। उस मामले में शासन का विनिश्चय प्रतिवेदनाधीन वर्ष के अन्त तक भी प्रतीक्षित रहा।

५—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १७ के [illegible]रा ६ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उस मामले में मुख्य मंत्री से उस वर्ष की समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ था। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक भी स्थिति वैसी ही रही।

६—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १७ के [illegible]रा ७ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि आयोग ने यह सुझाव दिया था कि सूचना निदेशक के पद के लिये सेवा नियमावली आयोग के परामर्श से बनाई जाय, जिसमें यह व्यवस्था की जाय कि पद के लिये चुनाव भारतीय प्रशासनिक सेवा के किसी अधिकारी को नियुक्त करके, अथवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती द्वारा किया जायगा और यह कि वर्ष की समाप्ति तक शासन का कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ था। प्रति–वेदनाधीन वर्ष में मामला शासन के विचाराधीन रहा और वर्ष की समाप्ति तक उसका विनिश्चय नहीं प्राप्त हुआ।

७—१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १७ के पैरा ८ की ओर ध्यान आक–र्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि "उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, १९५४ से अनुबद्ध सूची" के पद ४ के नीचे की टिप्पणी को निकाल देने के संबंध में कोई आदेश उस वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुए थे। नवम्बर, १९६२ में सचिव, विधानमंडल, उत्तरप्रदेश ने आयोग को सूचित [illegible]किया कि सभापति, विधान परिषद तथा अध्यक्ष, विधान सभा ने विनिश्चय किया है [illegible]क विद्यमान स्थिति में विधान परिषद् तथा विधानसभा दोनों क सचिवालयों के कर्मचारि–[illegible]र्ग आयोग के विचार क्षेत्र से बाहर हैं। किन्तु आयोग इस विचार से सहमत नहीं हुए हैं और इस मामले पर मुख्यमंत्री से विचार विमर्श कर रहे हैं।

१८—नगर महापालिकाय

प्रतिवेदनाधीन वर्ष, अर्थात् १९६२–६३, नगर महापालिका सेवा इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ बिन्दु के रूप में विख्यात होगा, क्योंकि इस वर्ष दो महत्वपूर्ण विधानों का निर्माण किया गया। विधान ये हैं :—

(१) उत्तरप्रदेश महापालिका सेवा नियमावली, १९६२, जो विज्ञप्ति संख्या १७३ म० (नि०–१८)/११–सी—१–कार्प–(४)–५७, दिनांक १४ दिसम्बर, १९६२ म प्रकाशित की गयी थी, तथा

(२) उत्तर प्रदेश महापालिका सेवा (पद नाम, वेतन-क्रम, अर्हतायें, भर्ती की विधि तथा सवारी भत्ता) आदेश, १९६३, जो विज्ञप्ति संख्या १६-में/११-सी--२८-कार्प-६२, दिनांक १ मार्च, १९६३ में प्रकाशित किया गया था।

जैसा गत वर्षीय प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया था, ऊपर (१) के पुनरीक्षित आलेख्य पर आयोग की आलोचना जून, १९६१ में भेज दी गई थी। ऊपर (२) के विषय में आदेश का आलेख्य आयोग के परामर्श के लिये ५ जनवरी, १९६३ को भेजा गया था। उस पर आयोग की आलोचना ३१ जनवरी, १९६३ को भेज दी गई थी।

२--१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १८ के पैरा २ में यह उल्लेख किया गया था कि आयोग ने १९६१-६२ में नगर महापालिका, कानपुर के लिये सहायक अभियन्ता (असैनिक) के तीन तथा अधिशासी अभियन्ता (असैनिक) के तीन पदों को विज्ञापित किया था। उपर्युक्त पदों के लिये चुनाव कार्य प्रतिवेदनाधीन वर्ष में सम्पन्न किया गया, देखिए परिशिष्ट ३ की मदसंख्या २३७ तथा ४२०। सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पदों के लिये १५ आवेदन थे और वे सब साक्षात्कार के लिये बुलाये गये थे, किन्तु केवल ६ उपस्थित हुए। आयोग ने ४ जनवरी, १९६३ को उनका साक्षात्कार करके तीन को नियुक्ति के लिये संस्तुत किया। अधिशासी अभियन्ता (असैनिक) के पदों के लिये कुल ५ अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र भेजा था। उनमें से ४ साक्षात्कार के लिये बुलाये गये और वे सभी उपस्थित हुए। किन्तु चारों में से कोई नियुक्ति के लिये उपयुक्त नहीं पाया गया। आयोग ने मुख्य नगर अधिकारी, कानपुर को सुझाव दिया कि उपयुक्त पदों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के उपयुक्त अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाय और इस विषय में विनिश्चय होने तक उक्त पदों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के उपयुक्त सेवा निवृत्त अधिकारी आयोग के परामर्श से नियुक्त किये जायें। जनवरी, १९६३ में आयोग ने शासन के स्वायत्त शासन विभाग को यह भी सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग की सेवाओं के संवर्ग में वृद्धि करके महापालिकाओं के अधीन पदों को भी सम्मिलित करने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाय। मुख्य नगर अधिकारी, कानपुर तथा शासन के विनिश्चयों की प्रतीक्षा प्रतिवेदनाधीन वर्ष के अन्त तक की जाती रही।

३--१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १८ के पैरा ३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि नगर महापालिका, वाराणसी के लिये लेखा परीक्षक का पद उस वर्ष नहीं विज्ञापित किया जा सका था, क्योंकि आयु-सीमा तथा अर्हताओं में आशोधन के प्रश्न पर शासन विचार कर रहे थे। आयु सीमा तथा अर्हताओं का निर्धारण तो अब हो गया है, देखिए उपर्युक्त पैरा १ में निर्दिष्ट विज्ञप्ति। किन्तु वह विज्ञप्ति १ मार्च, १९६३ को जारी हुई थी, इसलिये उक्त पद के लिये चुनाव प्रतिवेदनाधीन वर्ष में पूरा नहीं किया जा सका।

४--१९६१--६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १८ के पैरा ४ में यह उल्लेख किया गया था कि नगर महापालिका, लखनऊ में वांछित सूचना उस वर्ष की समाप्ति तक भी नहीं भेजी थी। नवम्बर, १९६२ में मुख्य नगर अधिकारी, लखनऊ ने आयोग को सूचित किया कि जब नगर महापालिका के लिये नियमावली अन्तिम रूप से प्रकाशित हो जायगी, तभी वह महापालिका उत्तर प्रदेश नगर महापालिका अधिनियम, १९५९, के अनुसार पदों को सृजित कर सकेगी और तभी महापालिका को यह भी मालूम होगा कि किस विधि से लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायगा। उन्होंने यह भी कहा कि उपर्युक्त सेवा नियमावली के बन जाने पर नगर महापालिका, लखनऊ, आयोग के पास निर्देश भेजेगी। मुख्य नगर अधिकारी, लखनऊ ने यह भी बतलाया कि विद्यमान

पद अधिनियम की धारा ५७७ के अधीन चल रहे हैं और यह कि अतिरिक्त पद धारा १०८ के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसार सृजित किये जा रहे हैं। जनवरी, १९६३ में मुख्य नगर अधिकारी, लखनऊ को सूचित किया गया कि यह सही है कि "विहित विधि के अनुसार (इन दि मैनर प्रेस्क्राइब्ड)" शब्द उत्तर प्रदेश नगर महापालिका अधिनियम, १९५९ की धारा १०७ की उपधाराओं (१) व (२) दोनों में प्रयुक्त किये गये हैं। यह भी सही है कि महापालिकाओं द्वारा सृजित तथा आयोग के विचार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिये नियमित चुनाव आयोग द्वारा तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि नियमावली का निर्माण अन्तिम रूप से नहीं हो जाता है और आयोग से परामर्श लेने की प्रक्रिया शासन द्वारा विहित नहीं कर दी जाती है। किन्तु उपर्युक्त प्रकार के पदों पर स्थानापन्न तथा अस्थायी नियुक्तियों के संबंध में स्थिति बिल्कुल भिन्न है। वे नियुक्तियां धारा १०८ के अधीन की जाती हैं जो धारा १०७ के उपबन्धों के अधीन नहीं है, और जिसमें "विहित विधि के अनुसार" शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है। धारा १०८ में स्पष्ट उल्लेख है कि धारा १०७ में कुछ भी लिखा होने पर भी, आयोग के परामर्श के बिना किसी भी स्थानापन्न या अस्थायी नियुक्ति को एक वर्ष की अवधि से अधिक समय तक न चलते रहने देना चाहिये और न ऐसी कोई नियुक्ति करनी ही चाहिये जिसके एक वर्ष से अधिक समय तक चलते रहने की संभावना हो। अतः यह स्पष्ट है कि उक्त धारा के अधीन परामर्श करने के लिये धारा ११३ के अधीन निर्मित किये जाने वाली नियमावलियों के अन्तिमीकरण अथवा धारा १०७ में निर्दिष्ट प्रक्रिया के निर्धारण की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। उनके इस कथन के संदर्भ में कि लखनऊ नगर महापालिका में अतिरिक्त पदों का धारा १०८ के अधीन प्रदत्त अधिकारों का अनुसरण करके सृजित किया जा रहा है और यह कि कुछ पद एक वर्ष से अधिक समय से चलते आ रहे हैं, किन्तु उनके संबंध में आयोग को निर्देश नहीं भेजा जा सका है, मुख्य नगर अधिकारी, लखनऊ को बतलाया गया कि धारा १०८ का उससे कोई संबंध नहीं है। धारा १०८ में धारा १०६ के अधीन सृजित पदों पर अस्थायी नियुक्ति करने का अधिकार मात्र दिया गया है। ऊपर स्पष्ट की गई स्थिति के विचार से, मुख्य नगर महापालिका, लखनऊ से उन सभी व्यक्तियों की नियुक्तियों के नियमितकरण के लिये निर्देश भेजने का अनुरोध किया गया, जो धारा १०८ के अधीन आयोग द्वारा नियमित चुनाव होने तक नियुक्त किये गये थे और जिनकी नियुक्ति की अवधि एक वर्ष से अधिक हो गई थी या हो जाने वाली थी। किन्तु वांछित निर्देश प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुआ था।

५—अगस्त, १९६२ में मुख्य नगर अधिकारी, इलाहाबाद से उन सभी व्यक्तियों की नियुक्तियों के नियमितकरण के लिये निर्देश भेजने का अनुरोध किया गया, जो धारा १०८ के अधीन आयोग द्वारा नियमित चुनाव होने तक नियुक्त किये गये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक निर्देश नहीं प्राप्त हुआ था, किन्तु मार्च, १९६३ में नगर महापालिका, इलाहाबाद के लिये सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पद पर सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के हेतु एक अधियाचन हुआ।

६—अगस्त, १९६२ में मुख्य नगर अधिकारी, वाराणसी ने आयोग को सूचित किया कि धारा १०६ के अधीन नगर महापालिका, वाराणसी में कोई पद सृजित नहीं किया गया था।

७—जनवरी, १९६३ में मुख्य नगर अधिकारी, कानपुर से उन सभी व्यक्तियों की नियुक्तियों के नियमितकरण के लिये निर्देश भेजने का अनुरोध किया गया, जो धारा १०८ के अधीन आयोग द्वारा नियमित चुनाव होने तक नियुक्त किये गये थे। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक वांछित निर्देश नहीं प्राप्त हुआ।

८--अगस्त, १९६२ में मुख्य नगर अधिकारी, कानपुर ने नगर महापालिका, कानपुर के २१०-३०० ० के वेतन क्रम में कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति द्वारा नियमित चुनाव करने के लिये आयोग से अनुरोध किया। किन्तु अक्तूबर, १९६२ में उन्होंने अपना निर्देश वापस ले लिया। पर, जनवरी, १९६३ में उन्होंने उपर्युक्त पद पर पदोन्नति द्वारा चुनाव करने का फिर अनुरोध किया। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक आयोग चुनाव कार्य सम्पन्न न कर सके।

९--फरवरी, १९६३ में मुख्य नगर अधिकारी, कानपुर ने नगर महापालिका, कानपुर के (१) नगर अभियन्ता (जलकल) तथा (२) सहायक अभियन्ता (जलकल) के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के लिये एक निर्देश आयोग के पास भेजा। ये पद वर्ष की समाप्ति तक विज्ञापित नहीं किये जा सके।

१०--फरवरी, १९६३ में मुख्य नगर अधिकारी, वाराणसी से नगर महापालिका, वाराणसी के नगर अभियन्ता (विकास) के पद पर सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के लिये एक निर्देश प्राप्त हुआ। चूंकि पर्याप्त विवरण नहीं प्राप्त हुए थे, इसलिये मार्च, १९६३ में मुख्य नगर अधिकारी, वाराणसी से उक्त पद के लिये विहित प्रपत्र में अर्थना भेजने का अनुरोध किया गया।

११--मार्च, १९६३ में कानपुर तथा आगरा महापालिकाओं के लिये--(१) जलकल तथा (२) सीवेज पम्पिंग स्टेशन में सहायक अभियन्ता के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के हेतु एक निर्देश प्राप्त हुआ। किन्तु वर्ष की समाप्ति तक ये पद विज्ञापित नहीं किये जा सके।

१६--प्रकीर्ण निर्देश

शासन के अधीन विभिन्न सेवाओं और पदों के चुनाव के लिये डिग्रियों और डिप्लोमाओं की मान्यता, सेवा निवृत्त अधिकारियों की एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये पुनर्नियुक्ति, ज्येष्ठता निर्धारण प्रतिनिवेदन, सेवा नियमों से मुक्ति, आयोग के विचार-क्षेत्र के अंतर्गत सेवाओं और पदों के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा भेजे गये वार्षिक परिलेख (ऐनुअल रिटर्न्स) आदि से संबंधित ९० अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण निर्देशों की सूची परिशिष्ट ११ में दी हुई है।

२--जिन अर्हताओं के विषय में आयोग से १९६२--६३ में या पूर्व वर्षों में परामर्श किया गया था, उनमें से निम्नलिखित अर्हताओं की प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्रत्येक के सामने अंकित कार्यों के लिये मान्यता प्रदान की गई :--

क्रम-संख्या	तिथि जब मान्यता के आदेश जारी किये गये	अर्हता	कार्य, जिसके लिये मान्यता दी गई
१	२	३	४
१	२७-७-६१ (शासनादेश की प्रतिलिपि आयोग के कार्यालय में १०-८-६२ को प्राप्त हुई।)	बी० एस-सी० (एजी०) तथा बी० एस-सी० (कृषि तथा उद्यानकर्म)	एल० टी० कोर्स पास करने के बाद शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश में सहायक अध्यापक, कृषि। उद्यान कर्म के पदों पर चुनाव के लिये।

१	२		३	४
२	९–५–६२	...	मिशिगन विश्वविद्यालय (संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा प्रदत्त असैनिक अभियन्त्रण में बैचलर आफ साइंस	उत्तर प्रदेश अभियन्त्रण सेवा, सिंचाई विभाग में सहायक अभियन्ता (असैनिक) के पदों पर चुनाव के लिये ।
३	८–१–६३	..	प्राविधिक शिक्षा के लिये अखिल भारतीय परिषद् द्वारा प्रदत्त असैनिक अभियंत्रण में नेशनल सर्टिफिकेट	नगर तथा ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश में ओवरसियर तथा/सर्वे सहायक के पदों पर चुनाव के लिये ।
४	१६–२–६३	..	रायल इंडियन नेवी का हायर एजूकेशनल टेस्ट	राज्य सरकार के अधीन सेवाओं में अथवा पदों पर नियुक्ति के लिये उत्तर प्रदेश माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाई स्कूल परीक्षा ।
५	१२–१०–६२	..	असैनिक अभियन्त्रण में नेशनल डिप्लोमा	सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश की उत्तर प्रदेश अभियन्त्रण सेवा, जूनियर स्केल में चुनाव के लिये ।
६	१२–१०–६२		यांत्रिक अभियंत्रण में नेशनल डिप्लोमा	उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग में सहायक अभियन्ता (विद्युत्) तथा (यांत्रिक) के पदों पर चुनाव के लिये ।
७	१२–१०–६२		असैनिक अभियन्त्रण में नेशनल सर्टिफिकेट	अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा (ओवरसियर), सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिये ।
८	१२–१०–६२		विद्युत् अभियन्त्रण में नेशनल सर्टिफिकेट	अधीनस्थ अभियन्त्रण सेवा (विद्युत् ओवरसियर), सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिये ।

१	२	३	४
९	१२-१०-६२	प्राविधिक शिक्षा के लिये अखिल भारतीय परिषद् द्वारा प्रदत्त यांत्रिक अभियन्त्रण में नेशनल सर्टिफिकेट	अधीक्षक (विद्युत तथा यांत्रिक), सार्वजनिक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के पदों पर चुनाव के लिये।
१०	९-५-६२	इंडियन स्कूल आफ पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स डिप्लोमा	राज्य सरकार के अधीन सेवाओं में तथा पदों पर नियुक्ति के लिये किसी मान्यताप्राप्त विश्व-विद्यालय की पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स डिग्री।

३--१९६१-६२ के प्रतिवेदन के अध्याय १९ के पैरा ४ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि परिवहन विभाग में कुछ सामान्य प्रबन्धकों की पारस्परिक ज्येष्ठता के निश्चयन के विषय में शासन का अन्तिम विनिश्चय आयोग के पास इस वर्ष की समाप्ति तक नहीं भेजा गया था। प्रतिवेदनाधीन वर्ष की समाप्ति तक भी शासन के अन्तिम आदेश की प्रतीक्षा की जाती रही।

४--आयोग ने १९५९ में ली गई परीक्षा के आधार पर अनुसूचित जाति के एक अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा के लिये उपयुक्त घोषित किया था। उस अभ्यर्थी को राजकीय स्वास्थ्य परीक्षक परिषद् ने दृष्टि दोष के कारण दो बार स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुपयुक्त पाया। पर शासन ने आयोग के परामर्श से उस अभ्यर्थी के प्रकरण को बहुत ही विशेष प्रकरण मानकर उसे नियम २० से मुक्त करने के विचार से नियमावली के नियम ३२ के अधीन उसे अनन्तिम रूप से ६ मास के लिये इस शर्त पर नियुक्त किया कि उस अवधि के बीत जाने पर वह स्वास्थ्य परिषद् के समक्ष प्रस्तुत होगा। तदनन्तर संबंधित कर्मचारी ने अनुरोध किया कि नियम को शिथिल करके उसे सेवा मे मुंसिफ के पद पर नियुक्त करने के लिये स्वास्थ्य परीक्षा से मुक्त कर दिया जाय। यह प्रार्थना स्वीकार नहीं की गई। पर शासन ने इस बीच १९५८ में एक पुनरीक्षित आदेश निकाल कर चाक्षुष स्तर को गिरा दिया और उक्त कर्मचारी की परीक्षा तीसरी बार स्वास्थ्य परिषद् द्वारा ली गई, किन्तु वह फिर पुनरीक्षित स्तर के अनुसार भी अनुपयुक्त पाया गया। तदनन्तर उसकी सेवायें समाप्त कर दी गईं। पर अभ्यर्थी ने प्रार्थना किया कि शासन द्वारा निर्धारित चाक्षुष स्तर से उसे मुक्त कर दिया जाय और सेवा में बने रहने दिया जाय। शासन ने उसके पक्ष में नियम को शिथिल करना संभव न समझा, किन्तु चूंकि वह ४ वर्ष की सेवा पहले ही कर चुका था और चूंकि १९५७ की परीक्षा में अनुसूचित जाति का कोई भी अभ्यर्थी न्यायिक अधिकारी के पदों के लिये उत्तीर्ण नहीं हुआ था, इसलिये शासन ने उसके मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया और उसे १० अक्तूबर, १९५८ से एक अस्थायी न्यायिक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। उन्होंने उसी वर्ष अक्तूबर में आयोग से उसकी अस्थायी नियुक्ति को अनुमोदित करने का अनुरोध

किया। आयोग ने इस मामले पर विचार किया और यह मत व्यक्त किया कि न्यायिक अधिकारियों के लिये मुंसिफों के लिये अपेक्षित चाक्षुष स्तर से उच्चतर स्तर पर बल देना चाहिये क्योंकि न्यायिक अधिकारियों को प्रथमश्रेणी के दन्डाधिकारीय अधिकारों का प्रयोग करना पड़ता है और वे प्रायः दंडाधिकारी कर्त्तव्यों पर लगा दिये जाते हैं। आयोग ने यह भी कहा कि उनकी आलोचना के हेतु भेजे गये न्यायिक अधिकारी सेवा नियमावली के आलेख्य में "शारीरिक उपयुक्तता" तथा "स्वास्थ्य परीक्षा के विनियम" के विषय में ठीक वही नियम हैं, जो उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा के लिये हैं। मूल नियम (फंडा-मेंटल रूल) १० के अधीन शासन की सेवा में प्रवेश पाने के लिये चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना एक सामान्य शर्त है और उस नियम के संबंध में राज्यपाल के आदेशों के अधीन :—

> "एक बार जब किसी व्यक्ति से शासन की सेवा में प्रवेश पाने हेतु स्वस्थता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिये कहा जाता है और वह परीक्षा के बाद वस्तुतः स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुपयुक्त घोषित कर दिया जाता है, तब नियुक्ति प्राधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि वह अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करके प्रस्तुत प्रमाण-पत्र की उपेक्षा कर दे।"

मार्च, १९५९ में आयोग ने तदनुसार शासन को सूचित करते हुए उक्त कर्म-चारी की न्यायिक अधिकारी के पद पर नियुक्ति से सहमत होने में अपनी असमर्थता प्रकट की। यह मामला लगभग दो वर्ष तक शासन के विचाराधीन रहा और मार्च, १९६१ में उन्होंने आयोग को सूचित किया कि शासन ने न्यायिक अधिकारी के रूप में उक्त कर्मचारी की सेवाओं को एक मास की नोटिस देने के बाद समाप्त कर देने का विनिश्चय कर लिया है। जून, १९६१ में आयोग को सूचित किया गया कि कर्मचारी ने फिर प्रतिनिवेदन किया है, जो शासन के विचाराधीन है। जून, १९६१ में शासन ने उसके मामले को अनुकम्पा के आधारपर आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर भेजा, क्योंकि दृष्टि दोष के कारण न्यायिक अधिकारी के रूप में उस कर्म-चारी के कार्य में कोई कमी नहीं आई थी और दूसरे ४१ वर्ष की आयु पार कर जाने के कारण उसके लिये अब और कोई व्यवसाय करना कठिन हो जायगा। दिसम्बर, १९६१ में आयोग ने उस अधिकारी की चरित्रावली तथा स्वास्थ्य परिषद् के प्रतिवेदन, जिसमें पुनरीक्षित स्तर के अनुसार उसको अनुपयुक्त घोषित किया गया था, को देखने के लिये मांगा। जनवरी, १९६२ में आयोग के पास उपयुक्त कागज-पत्र भेजे गये। आयोग के विचार से उस कर्मचारी के पक्ष में शारीरिक स्वस्थता की शर्तों को शिथिल करने का कोई आधार नहीं था और न कोई असामान्य परिस्थितियां हो थीं। वह कर्मचारी अब तक शासन की सेवा में इसलिये बना रहा कि शासन उसको सेवाओं से प्रमुक्त करने में हिचक रहे थे। वह अब भी अपनी वकालत प्रारम्भ कर सकता था और बेंच का उसका अनुभव उसके लिये बड़ा उपयोगी सिद्ध होगा। फरवरी, १९६२ में आयोग ने शासन को तदनुसार सूचित किया और एक बार फिर उस कर्मचारी का अस्थायी न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा में बने रहने देने से सहमत होने में अपनी असमर्थता प्रकट की। किन्तु शासन ने आयोग का परामर्श नहीं माना और अगस्त, १९६२ में आयोग को सूचित किया कि राज्यपाल द्वारा स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने संबंधी शर्त से मुक्त किये जाने पर उसे अस्थायी न्यायिक अधिकारी के रूप में चलते रहने की अनुमति दे दी गई है। आयोग के विचार से शारीरिक निर्बलता से मुक्त करने का यह आदेश एक नई बात थी जो भयास्पद थी। अतः उन्होंने सितम्बर, १९६२ में शासन को तदनुसार लिखा।

२०—अन्य विषय

अतिरिक्त कार्य—सदा की भांति आयोग ने इस वर्ष भी संघ लोक सेवा आयोग की ओर से इलाहाबाद केन्द्र में निम्नलिखित परीक्षाओं के संचालन तथा उनकी देख-रेख का प्रबन्ध किया :—

(क) इंडियन मिलिटरी अकादमी परीक्षा, अप्रैल, १९६२।

(ख) आशुलिपिक परीक्षा, अप्रैल, १९६२।

(ग) एयर फोर्स फ्लाइंग कालेज परीक्षा, अप्रैल, १९६२।

(घ) टंकन उप परीक्षा, अप्रैल, १९६२।

(च) नेशनल डिफेंस अकादमी परीक्षा, मई, १९६२।

(छ) स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा, जून, १९६२।

(ज) टंकन उपपरीक्षा, जून, १९६२।

(झ) दिसम्बर, १९६१ में ली गई क्लर्क्स ग्रेड परीक्षा के संबंध में टंकन उप परीक्षा।

(ट) इंडियन नेवी परीक्षा, जुलाई, १९६२।

(ठ) आर्मी मेडिकल कोर परीक्षा, जुलाई, १९६२।

(ड) इंजीनियरिंग सर्विसेज (एलेक्ट्रानिक्स), परीक्षा, १९६२।

(ढ) भारतीय प्रशासन सेवा आदि परीक्षा, १९६२।

(त) अभियन्त्रण सेवा परीक्षा १९६२।

(थ) एयर फोर्स फ्लाइंग कालेज परीक्षा, नवम्बर, १९६२।

(द) इंडियन मिलिटरी अकादमी परीक्षा, नवम्बर, १९६२।

(ध) असिस्टेन्ट्स ग्रेड परीक्षा, दिसम्बर, १९६२।

(न) दिसम्बर, १९६१ में ली गई क्लर्क्स ग्रेड परीक्षा के संबंध में पूरक टंकन उप परीक्षा।

(प) इंडियन नेवी परीक्षा, दिसम्बर, १९६२।

(फ) नेशनल डिफेन्स अकादमी परीक्षा दिसम्बर, १९६२।

(ब) क्लर्क्स ग्रेड परीक्षा, दिसम्बर, १९६२।

(भ) टंकन उप परीक्षा, जनवरी, १९६३।

२—अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही—गन्ना विभाग में लेखा परीक्षा के पद के लिये एक अभ्यर्थी ने अपने मूल हाई स्कूल परीक्षा प्रमाण-पत्र में अपनी जन्म तिथि में अनधिकृत परिवर्तन कर दिया था। आयोग ने उसको अपने सभी भावी परीक्षाओं तथा चुनावों से प्रतिवारित कर दिया और उसका हाई स्कूल प्रमाण-पत्र जब्त कर लिया। चूंकि वह गन्ना विभाग में पहले ही से कार्य कर रहा था, इसलिये गन्ना विभाग को भी उसके विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाही करने के लिये परामर्श दिया गया।

सहायक निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तर प्रदेश के पद के लिये एक अभ्यर्थी ने बी० काम० परीक्षा में प्राप्त अपनी श्रेणी के विषय में जानबूझ कर अपूर्ण सूचना दी थी। निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तर प्रदेश से, जिसके अधीन वह कार्य कर रहा था उसका स्पष्टीकरण मांगने तथा उसके विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाही करने के लिये क

गया। निबन्धक ने अभ्यर्थी से उसका स्पष्टीकरण मांगा, जिसको उन्होंने असन्तोषजनक पाया और अभ्यर्थी को आयोग को गलत एवं अपूर्ण सूचना देने के लिये चेतावनी दी तथा ऐसे मामलों में भविष्य में अधिक सावधानी बरतने के लिये कहा।

तीन अभ्यर्थी---सहायक बिक्री कर अधिकारी/मनोरंजन कर निरीक्षक के पदों के चुनाव के लिये सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के दो तथा नायब तहसीलदार के पदों के चुनाव के लिये प्रतियोगिता परीक्षा का एक अभ्यर्थी---आयोग द्वारा अपने सभी भावी परीक्षाओं तथा चुनावों से प्रतिबारित कर दिये गये, क्योंकि उन्होंने उन परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग किया था। उपयुक्त परीक्षाओं के लिये उनकी अभ्यर्थिता भी निरस्त कर दी गई।

३---<u>यह सुझाव कि आयोग की संस्तुति पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा एक बार नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों को बार-बार आवेदन-पत्र न भेजना पड़े</u>---मार्च, १९६३ में आयोग ने शिक्षा निदेशक को लिखा कि उन्होंने एल० टी० ग्रेड में सामान्य विज्ञान में सहायक अध्यापक के पदों पर नियुक्त करने के लिये ५ अभ्यर्थियों को मुख्य सूची तथा ४ को आरक्षित सूची में संस्तुत किया था। आदेशों की जो प्रतिलिपि आयोग को पृष्ठांकित की गई थी उससे पता चला कि आयोग द्वारा संस्तुत नवों अभ्यर्थी नियुक्त कर दिये गये थे, किन्तु आरक्षित सूची में संस्तुत अभ्यर्थियों को यह निदेश दिया गया था कि जब कभी आयोग एल० टी० ग्रेड में सहायक अध्यापक के पदों को विज्ञापित करें तब वे फिर आयोग के समक्ष प्रस्तुत हों। आयोग ने कहा कि आयोग की संस्तुति पर नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा एक बार नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों को बारबार आयोग के पास आवेदन-पत्र भेजने की आवश्यकता नहीं है। जितनी संस्तुत रिक्तियां हैं उतने अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्राधिकारी मुख्य तथा आरक्षित सूचियों में से नियुक्त कर सकते हैं। यदि वर्ष के भीतर कुछ और रिक्तियां हों तो आयोग का अनुमोदन लेकर अतिरिक्त अभ्यर्थियों को भी संस्तुति करने के एक वर्ष के भीतर नियुक्त किया जा सकता है। ऐसे मामले में जो अतिरिक्त अभ्यर्थी नियुक्त किये जायं उनको फिर से आयोग के पास आवेदनपत्र भेजने की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार शिक्षा निदेशक से अनुरोध किया गया कि वे भविष्य में मार्ग प्रदर्शन के लिये इसको नोट कर लें ताकि ऐसे अभ्यर्थियों को कठिनाई न उठानी पड़े। शिक्षा निदेशक से यह भी कहा गया कि उपर्युक्त मामले में यदि चुनाव के पहले रिक्तियों की बढ़ी हुई संख्या, अर्थात्, ५ की जगह ९, आयोग को बतला दी गई होती तो वे सभी अभ्यर्थी जो आरक्षित सूची में संस्तुत किये गये थे, मुख्य सूची में संस्तुत किये जाते और तब वे सभी बातों के लिये नियमित रूप से चुने हुए अभ्यर्थी माने जाते। आयोग की संस्तुति पाने पर भी यदि उन्होंने रिक्तियों की बढ़ी हुई संख्या को बतला कर आयोग से उन रिक्तियों के लिये अभ्यर्थियों को संस्तुत करने का अनुरोध किया होता तो आयोग आरक्षित सूची के अभ्यर्थियों को नियमित रूप से चुने हुए अभ्यर्थियों की भांति नियुक्त करने के लिये संस्तुत करते।

४---<u>यह सुझाव कि किसी पद के पदधारी के अधिवर्ष वय प्राप्त कर लेने पर उसकी सेवा अवधि में वृद्धि की स्वीकृति देने के साथ ही उस पद के नियमित चुनाव के लिये आयोग को निर्देश भेजना चाहिये</u>---जून, १९६२ में आयोग ने उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को सुझाव दिया कि नियुक्ति प्राधिकारियों को यह हृदयंगम करा दिया

जाय कि किसी पद के पदधारी के अधिवर्ष वय प्राप्त कर लेने पर उसकी सेवा अवधि में वृद्धि की स्वीकृति देने के साथ ही उस पद के नियमित चुनाव के लिये आयोग को निर्देश भेज देना चाहिये । शासन आयोग के सुझाव से सहमत हुए और उन्होंने नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या २८२०/२–बी––७७–६२, दिनांक १७ अक्टूबर, १९६२ में सभी संबंधित अधिकारियों को तदनुसार आदेश जारी किया ।

५––प्राविधिक परामर्शदाताओं द्वारा समयनिष्ठता तथा परिधान संबंधी शिष्टाचार का पालन––आयोग के अनुरोध पर शासन ने नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या २८१९/२–बी––६८–६२, दिनांक २० दिसम्बर, १९६२ में प्राविधिक परामर्शदाताओं द्वारा समयनिष्ठता तथा परिधान संबंधी शिष्टाचार के पालन के संबंध में निम्नलिखित अनुदेश जारी किये :

> "लोक सेवा आयोग ने शासन को सूचित किया है कि साक्षात्कार के साथ आयोग की सहायता के लिये नियुक्त प्राविधिक परामर्शदाता कभी–कभी समय निष्ठता तथा परिधान संबंधी शिष्टाचार का यथाविधि पालन नहीं करते हैं । इससे साक्षात्कारों की भरी सूची ही अस्त व्यस्त नहीं हो जाती है, बल्कि कुछ हद तक आयोग के गौरव को भी क्षति पहुंचती है ।

२––किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने कर्त्तव्यों के पालन में समय निष्ठता का कठोरता से पालन करने की आवश्यकता पर जितना ही बल दिया जाय थोड़ा है । भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अनुरोध पर शासन ने भी "असैनिक अधिकारियों के लिये परिधान" के संबंध में अनुदेश जारी किये हैं । विहित कार्यालय परिधान एक छोटा बन्द गले का कोट तथा पतलून है, यह आवश्यक नहीं है कि दोनों एक ही रंग के हों । प्रत्येक वसन सफेद, भूरा या अन्य किसी हल्के रंग का होना चाहिये । चटक या भड़कीले रंगों से बचना चाहिये । गर्मी में बुशशर्ट पहनी जा सकती है। प्राविधिक परामर्शदाताओं से साक्षात्कारों में आयोग की सहायता करते समय इन्हीं अनुदेशों के अनुसार परिधान पहनने की अपेक्षा की जाती है । कृपया इन अनुदेशों से सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दें।"

६––१९६१–६२ के प्रतिवेदन के अध्याय २० के पैरा ३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उस मामले में उस वर्ष की समाप्ति तक शिक्षा निदेशक या तीसरे अध्यापक से कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ था । जनवरी, १९६३ में शिक्षा निदेशक ने आयोग के सूचनार्थ तीसरे अध्यापक के उत्तर को अग्रसारित किया । साथ ही अपने उस परिपत्र की एक प्रतिलिपि भी भेजी जिसको उन्होंने सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजा था और जिसमें इसबात पर जोर दिया गया था कि खेल खेलने संबंधी प्रमाण–पत्रों को देते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिये । उन्होंने संबंधित अध्यापकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही से भी अवगत कराया । तदनन्तर यह प्रकरण समाप्त कर दिया गया ।

२१––सामान्य कथ्य तथा निष्कर्षीय वक्तव्य

कार्य का भार––प्रतिवेदनाधीन वर्ष, १९६२–६३ में आयोग द्वारा किये गए कार्य पर एक विहंगम दृष्टि डालने के लिये परिशिष्ट १ में दिया गया समेकित विवरण देखा जा सकता है । उसमें दिये गए अंकों की तुलना १९५६–५७ से १९५८–५९ के तीन वर्षों के वार्षिक औसत के अंकों से करने पर, जिनके आधार पर आयोग ने अपने कर्मचारिवर्ग की आवश्यकता का हिसाब लगाया था, पता चलता है कि

आयोग के कार्य में निरन्तर वृद्धि होती रही है। नीचे वास्तविक आंकड़े दिये जाते हैं :

संख्या	विवरण	तीन वर्षों, १९५६–५७ से १९५८–५९ का वार्षिक औसत	१९६१–६२ के वास्तविक आंकड़े	१९६२–६३ के वास्तविक आंकड़े	स्तम्भ ३ में दिखलाये अंकों पर वृद्धि का प्रतिशत
१	२	३	४	५	६
					प्रतिशत
१	प्रतियोगिता परीक्षा एवं केवल साक्षात्कार द्वारा दोनों प्रकार के चुनावों के संबंध में निपटाये गये आवेदन–पत्रों की संख्या	२६,२१३	३९,०१८	४४,५९७	७०.१
२	चुने तथा संस्तुत किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	२,८८०	२,९८५	५,८८०	१०४.२
३	उन प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या, जिनके विषय में संबंधित वर्ष में चुनाव नहीं किया जा सका अर्थात् जो अनुवर्ती वर्ष के लिये छोड़ दिये गये (ऊपर मद १ में निर्दिष्ट मामले के संबंध में)	८,७२३	२७,४७९	२१,३४५	१४४.७
४	उन अभ्यर्थियों की संख्या, जिन पर बिना विज्ञापन के भर्ती के, पदोन्नति या स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के और पुष्टिकरण के अथवा अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के संबंध में विचार किया गया	२,३४६	५,०७७	४,९८३	११२.४

१	२	३	४	५	६
					प्रतिशत
५	उन अभ्यर्थियों की संख्या, जिनके मामले वर्ष की समाप्ति तक नहीं निपटाये गये थे (ऊपर मद संख्या ४ में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में)	२,५४०*	५,०६०*	७,७२८*	*२०४.२

यह देखकर उत्साह बढ़ता है कि मद संख्या १ व २ में जितना कार्य निपटाया हुआ दिखलाया गया है वह गत वर्ष अर्थात् १९६१–६२ में निपटाये गये कार्य से बहुत अधिक है और स्तम्भ ३ में दिखलाये गये औसत से तो कहीं अधिक है। इसका कारण यह है कि शासन ने १९५९ में समय-समय पर कर्मचारिवर्ग की वृद्धि की स्वीकृति दी थी। अनुवर्ती वर्ष के लिये बच रहे आवेदन–पत्रों की संख्या १९६१–६२ में २७,४७९ से घटकर १९६२–६३ में २१,३४५ रह गई। यह भी अच्छा लक्षण है, किन्तु यह स्पष्ट है कि २१,३४५ की संख्या भी १९५६–५७ से १९५८–५९ के तीन वर्षों की औसत संख्या ८,७२३ से कहीं अधिक है। विज्ञापित पदों की संख्या और आवेदकों की संख्या में सर्वत्र वृद्धि होने के कारण न निपटाये गये कार्यों में कुछ वृद्धि होना तो स्वाभाविक है। किन्तु १४४·७ प्रतिशत वृद्धि का होना इस बात का द्योतक है कि कर्मचारियों की संख्या भी बढ़नी चाहिये, पर इस विषय का प्रस्ताव शासन के यहां बहुत दिनों से पड़ा है, जिससे कार्य एवं दक्षता को हानि पहुंच रही है। मद संख्या २ पर एक दृष्टि डालने से पता चलता है कि गत चार वर्षों में आयोग द्वारा चुने और संस्तुत किये गये अभ्यर्थियों की संख्या दूने से अधिक हो गई है।

ऊपर की मद संख्या ४ व ५ से पता चलता है कि बिना विज्ञापन की भर्ती के, पदोन्नति या स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के और पुष्टिकरण के अथवा अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण से सम्बन्धित अभ्यर्थियों का जहां तक सम्बन्ध है, उन अभ्यर्थियों की संख्या, अर्थात् ४९८३, जिन पर वर्ष में विचार किया गया और जिनके मामलों को निपटाया गया, उन अभ्यर्थियों की संख्या अर्थात् ७७२८ से कम है, जिनके मामले निपटाये नहीं जा सके। इसका कारण कुछ अंश तक यह है कि चरित्रावलियों के अभाव में पदोन्नति तथा नियमितकरण आदि के बहुत से मामले निपटाये नहीं जा सके, और कुछ अंश तक यह है कि सामान्य विभाग के कर्मचारिवर्ग को, जिन्हें ऐसे कार्य करने पड़ते हैं, कई अन्य मामलों को भी निपटाना पड़ा था, जो परिशिष्ट १ में "३––प्रकीर्ण" शीर्षक के अन्तर्गत मद संख्या (२) से (७) में दिखलाये गये हैं। फिर भी इन अंकों से पता चलता है कि उस उप विभाग में गत चार वर्षों में काम तिगुना बढ़ गया है।

२––ऊपर पैरा १ के विवरण में मद संख्या १ से ३ में दिये हुये अंक पृष्ठ ५२–क पर ग्राफ संख्या १ में दिखलाये गये हैं, और मद संख्या ४ व ५ के अंक पृष्ठ ५२–ख पर ग्राफ संख्या २ में दिखलाये गये हैं। इन ग्राफों पर एक नजर डालने से कार्य में भारी वृद्धि का पता चल जाता है।

३––कार्यालय के लिये स्थान––प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग का पूरा कार्यालय १०, स्टैनली रोड, इलाहाबाद पर स्थित भवन में, जहां पहले अधिकारी प्रशिक्षण विद्यालय था, चला गया। वह भवन बहुत पुराना है और उसके एक पूरे के पूरे पार्श्व

*पदोन्नति द्वारा चुनाव से संबंधित अंकों (मद संख्या ५ के सामने) को छोड़कर सभी अंक वास्तविक हैं। पदोन्नति के संबंध में अंक इस धारणा पर दिये गये हैं कि प्रत्येक रिक्ति के लिये लगभग ३ अभ्यर्थियों पर विचार करना पड़ता होगा।

में कई दरारें पड़ गई हैं। उसका एक भाग असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। अतः उसको गिरा कर उसके स्थान पर एक नया भवन निर्माण करना आवश्यक होगा।

४---सामान्य कथ्य---विभिन्न सेवाओं तथा पदों के लिये चुनाव तथा पदोन्नति दोनों प्रकार से भर्ती में चरित्रावलियों का महत्वपूर्ण स्थान रहता है, इस तथ्य पर जोर देना अनावश्यक है। चुनावों के मामले में, आयोग अपने समक्ष उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की चरित्रावलियों के अभाव में, अपनी संस्तुतियों के सम्बन्ध में अन्तिम रूप से निश्चय नहीं कर पाते। इन मामलों में इस प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है कि किसी सेवा विशेष या पद विशेष के लिये प्राप्त आवेदन-पत्रों की संनिरीक्षा समाप्त होते ही नियुक्ति प्राधिकारियों से साक्षात्कार में बुलाये गये अभ्यर्थियों की चरित्रावलियों को भेजने का अनुरोध किया जाता है अर्थात् यह मांग किसी अभ्यर्थी विशेष के साक्षात्कार की वास्तविक तिथि से महीनों पहले की जाती है। इतना होने पर भी कुछ मामलों में अपेक्षित चरित्रावलियां समय पर नहीं प्राप्त हुई थीं और कुछ मामलों में तो साक्षात्कार की तिथि के महीनों बाद भी नहीं प्राप्त हुई थीं। इससे स्वभावतः साक्षात्कार के परिणाम का निर्णय करने में देर हो जाती है। यदि नियुक्ति प्राधिकारी इस ओर अधिक ध्यान दें और सम्बन्धित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की तिथि से काफी पहले उनकी चरित्रावलियां भेज दिया करें तो आयोग उनके कृतज्ञ होंगे।

५---आयोग यह भी देखते हैं कि नियुक्ति प्राधिकारी अपने अधीन कार्य करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदनपत्रों को समय के भीतर अग्रसारित नहीं करते हैं और न वे इस बात की ही सूचना देते हैं कि उन्होंने उन अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्रों को रोक लिया है, जिनको वे छोड़ नहीं सकते हैं। आयोग को उनके लिये प्रायः मांग करनी पड़ती है। इससे आयोग अनिश्चितावस्था में पड़े रहते हैं और संस्तुतियों को अन्तिम रूप से निश्चय करने में भी विलम्ब होता है।

६---राज्य में प्राविधिक शिक्षा के हेतु अध्यापन एवं प्रशासनिक पदों के लिये वास्तव में उपयुक्त अभ्यर्थियों को पाने में आयोग ने सदैव कठिनाई का अनुभव किया है। इस कठिनाई को हल करने के विचार से आयोग ने पहले ही शासन को यह सुझाव दिया है कि ऐसे सभी पद राज्य की विभिन्न अभियन्त्रण चिकित्सा इत्यादि सेवाओं के संवर्गों में विलीन कर दिये जायें, जहां से शैक्षिक रुचि वाले उपयुक्त व्यक्ति समय-समय पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जा सकें। यह जानकर सन्तोष होता है कि शासन ने सिद्धान्त रूप से यह स्वीकार कर लिया है कि सम्प्रति विभिन्न विभागों में फैले हुये प्राविधिक या व्यावसायिक अर्हताओं की अपेक्षा रखने वाले छिट-फुट पदों को अन्य विभागों में समान पदों के विस्तारित संवर्गों में विलीन कर दिया जाय। आयोग का विचार है कि ऐसी सेवाओं के विशाल संवर्गों में से उपयुक्त अभ्यर्थियों को पाने में कोई कठिनाई न होगी, विशेषतः जब कि इन संस्थाओं की आवश्यकताओं के हिसाब से उनके संवर्गों में वृद्धि कर दी जायगी। यद्यपि विभिन्न अध्यापन एवं प्रशासनिक पदों के वेतन-क्रम काफी अच्छे कर दिये गये हैं, फिर भी लोग उधर आकर्षित नहीं होते हैं, क्योंकि पदोन्नति के अवसर अवरुद्ध हैं और क्षेत्र कार्यों में प्राप्त अन्य सुविधाओं का वहां अभाव है।

एक मामले में आयोग ने शासन को प्राविधिक शिक्षा के लिये प्रशिक्षण-क्रम प्रारम्भ करने का सुझाव दिया और कहा कि रुड़की विश्वविद्यालय तथा/अथवा मोती लाल नेहरू अभियन्त्रण महाविद्यालय, इलाहाबाद से अनुरोध किया जाय कि वे कक्षा खोल दें और उसमें नियमित अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों तथा अल्पकालिक नवीकरण पाठ्यक्रमों दोनों की व्यवस्था करें।

७--आयोग ने, हाल में, एक विज्ञापन निकाल कर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा (ग्रेड दो) में चिकित्सा अधिकारी के ६२ पदों के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये। उस विज्ञापन के उत्तर में केवल एक अभ्यर्थी ने आवेदन-पत्र भेजा। वह साक्षात्कार के लिये बुलाया गया पर आया नहीं। इससे यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उस सेवा में कोई भी आकर्षण नहीं है। अतः आयोग ने सुझाव दिया कि शासन उस सेवा को अधिक आकर्षक बनाने तथा/अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्य के लिये विशिष्ट पाठ्यक्रम चलाने का उपाय ढूढ़ें। शासन को सुझाव दिया गया कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिये एक ऐसा नया पाठ्य-क्रम चलाने की वांछनीयता पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें, जिसमें चैकित्सिक विषयों का केवल उतना ही ज्ञान कराया जाय जितना बीमारियों तथा महामारियों को रोकने के कार्य में कर्मचारियों के लिये उपयोगी हो। यह अब और अधिक आवश्यक हो गया है क्योंकि कुछ अस्पताल ऐसे पड़े हैं जिनमें कोई अर्ह चिकित्सक है ही नहीं। इसके अतिरिक्त सेना की बढ़ती हुई मांग को भी पूरा करना है।

८--सम्प्रति आयोग पदों और सेवाओं--प्राविधिक तथा अप्राविधिक दोनों--की एक बड़ी संख्या के लिये चुनाव करने के हेतु कोई प्रतियोगिता परीक्षा नहीं लेते हैं। प्रत्युत वे विज्ञापन निकाल कर अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करते हैं, उनमें से प्रमाण-पत्रों आदि में दी हुई अर्हताओं के आधार पर प्रत्यक्षतः उपयुक्त समझे जाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलाते हैं और तब अन्तिम चुनाव करते हैं। ऐसे प्रकरणों में और विशेषतः उन सेवाओं और पदों के चुनाव में, जिनके लिये केवल सामान्य अर्हतायें निर्धारित रहती हैं, काफी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी केवल इस कारण छांट दिये जाते हैं कि वे विश्वविद्यालय की परीक्षा अच्छी श्रेणी में नहीं उत्तीर्ण किये रहते हैं। इस विधि से अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक छंटनी करने पर कभी-कभी उन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो जाता है जो वास्तव में प्रतिभा-सम्पन्न तो रहते हैं किन्तु बीमारी आदि कुछ कारणों से, जिन पर उनका वश नहीं चलता है, केवल द्वितीय श्रेणी प्राप्त किये रहते हैं। इस तथ्य के अतिरिक्त उपर्युक्त विधि में विभिन्न अध्यापन संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाओं के विभिन्न स्तरों पर विचार नहीं किया जाता है और ऐसी संस्थाओं की संख्या इधर बहुत बढ़ गई है तथा जैसे-जैसे नई-नई संस्थायें समय-समय पर खुलती जा रही हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या भी उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। एक समान स्तर से अभ्यर्थियों की सापेक्षिक योग्यताओं का मूल्यांकन करने के विचार से आयोग ने मई, १९६२ में अपने विचार-क्षेत्र की विभिन्न सेवाओं तथा पदों के चुनाव के लिये सम्मिलित परीक्षाओं की एक विस्तृत योजना बना कर शासन के मुख्य सचिव को भेजा। उस योजना पर मुख्य सचिव के कक्ष में २२ दिसम्बर, १९६२ की एक बैठक में मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, शासन के विभिन्न विभागों के सचिवों तथा आयोग के सचिव के बीच विचार-बिमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष ने की थी। जिन सेवाओं के लिये अभी तक साक्षात्कार के आधार पर चुनाव किया जाता है उनके लिये चुनाव के हेतु प्रतियोगिता परीक्षाओं को चालू करने और यथासम्भव इन परीक्षाओं को सम्मिलित करने के आयोग के प्रस्ताव को सिद्धान्त रूप से स्वीकार कर लिया गया। यह भी विनिश्चय किया गया कि इस योजना को कार्यान्वित करने के लिये सेवा नियमावलियों में संशोधन करने के हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाय।

९--विद्यमान परिपाटी के अनुसार आयोग नियुक्ति प्राधिकारियों तथा शासन, जैसी कि स्थिति हो, से चुनावों के समय उनकी सहायता करने के लिये उपयुक्त प्राविधिक परामर्शदाताओं को मनोनीत करने का अनुरोध करते हैं। किन्तु यह देखा गया है कि कभी-कभी पदों के महत्व तथा उनके लिये वांछित प्रकार की अर्हताओं के अनुरूप प्राविधिक परामर्शदाताओं का चुनाव नहीं किया जाता है। कभी-कभी तो

प्राविधिक परामर्शदाता विभागीय प्रतिनिधि मात्र बन कर आते हैं, जो आयोग के लिये सहायक नहीं के बराबर होते हैं। आयोग को आशा है कि शासन तथा नियुक्ति प्राधिकारी आयोग की सहायता के लिये प्राविधिक परामर्शदाताओं का चुनाव करते समय इसका ध्यान रक्खेंगे।

१०—आयोग के देखने में आया है कि विभिन्न परीक्षा समितियां तथा विश्वविद्यालय भिन्न-भिन्न रूप से परीक्षा लेते हैं और जहां चुनाव केवल साक्षात्कार के आधार पर किये जाते हैं वहां स्तरों की भिन्नता से कुछ अभ्यर्थियों को हानि हो जाती है। कुछ विश्वविद्यालयों में ४५ प्रतिशत या अधिक अंक योग पाने पर विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किये जाते हैं, जब कि कुछ विश्वविद्यालयों में इसके लिये ४८ प्रतिशत के न्यूनतम अंक योग की अपेक्षा की जाती है। यह ठीक है कि सभी जगह शिक्षा के स्तरों में एकरूपता लाना आसान नहीं है किन्तु एक समान स्तर लागू करके विभिन्न विश्वविद्यालयों में भिन्न-भिन्न प्रतिशत अंक प्राप्त करने के आधार पर जो भेद किया जाता है, उसे तो सम्भवतः दूर किया ही जा सकता है।

११—आयोग शिक्षा संस्थाओं के लिये अध्यापकों, व्याख्याताओं तथा प्राध्यापकों के पदों पर अभ्यर्थियों को संस्तुत करने में बड़ी कठिनाई का अनुभव कर रहे हैं। उनका विचार है कि अच्छे विद्यार्थी इन पदों के लिये आवेदन-पत्र देना बेकार समझते हैं। अतः यही उपयुक्त समय है जब शासन को चाहिये कि वे इस प्रश्न पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें ताकि इन पदों के लिये अच्छे विद्यार्थी आकर्षित हों। ऐसा करने के लिये वेतन का उपयुक्त पुनरीक्षण करके शिक्षण संस्थाओं में कार्य करने वाले अध्यापकों को अन्य सुविधाओं को प्रदान किया जा सकता है।

१२—आयोग यह देखते हैं कि उनके पास पदोन्नति के मामले नियमित रूप से नहीं भेजे जाते ह और कभी-कभी नियुक्ति प्राधिकारी केवल ज्येष्ठता के आधार पर तदर्थ पदोन्नति कर देते हैं। ऐसे चुनावों में कभी-कभी वर्षों की देरी हो जाती है, जिसका परिणाम यह होता है कि नियमित चुनाव होने पर—विशेषतः श्रेष्ठता के आधार पर, जब तदर्थ पदोन्नति पाये हुये अभ्यर्थी नहीं चुने जाते हैं तो उन्हें प्रत्यावर्तित होना पड़ता है, जिससे सेवाओं में बड़ा असन्तोष फैलता है। अतः आयोग फिर अनुरोध करते हैं कि सेवाओं में सन्तोष तथा दक्षता के हित में यह आवश्यक है कि पदोन्नति के मामले उनके पास नियमित रूप से भेजे जाया करें।

१३—एक ही सेवा में पदोन्नति के मामले, जैसे सहायक अभियन्ता से अधिशासी अभियन्ता के पद पर पदोन्नति तथा ऐसे अन्य पदोन्नति के मामले, आयोग के पास इस कारण से नहीं भेजे जाते हैं कि ये एक ही सेवा के अन्तर्गत पदोन्नति के मामले हैं। आयोग की यह दृढ़ धारणा है कि जब कर्त्तव्यों के प्रकार तथा वेतन-क्रम बदल जाते हैं, जैसा कि उपरिनिर्दिष्ट मामले में हैं, तब आयोग से परामर्श लेना चाहिये। 'सेवा' शब्द की परिभाषा कहीं नहीं दी हुई है और प्रायः मनमानी विनिश्चय करके विभिन्न पदों का वर्गीकरण करके उनको एक ही सेवा के अन्तर्गत दिखला दिया जाता है। आयोग का विचार है कि अवर पदक्रम (पुराना क्लास दो) से प्रवर पद क्रम (पुराना क्लास एक) में पदोन्नति में जब कर्त्तव्यों के प्रकार तथा वेतन-क्रम में स्पष्ट परिवर्तन हो जाता है, तब इसे एक ही सेवा में पदोन्नति की संज्ञा नहीं दी जा सकती है तथा सेवा की दक्षता को बनाये रखने एवं उसे सन्तुष्ट रखने के लिये यह आवश्यक है कि इस प्रकार की पदोन्नत के सभी मामले उनके पास भेजे जायें।

१४—आयोग देखते हैं कि एक सेवा से दूसरी सेवा में पदोन्नति किये गये अधिकारियों के प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उनका विचार है कि सेवान्तर्गत प्रशिक्षण (इन सर्विस ट्रेनिंग) की एक योजना का श्रीगणेश तुरन्त कर दिया जाना चाहिये। विशे-

षतः उन अधिकारियों के लिये जो निम्न श्रेणी से उच्चतर श्रेणी में पदोन्नत किये जाते हैं। यह उनके लिये और भी आवश्यक है जो किसी अधीनस्थ सेवा से राज्य सेवा में पदोन्नति पाते हैं, जिसमें अधिकारियों को लेखा नियमावली, आनुशासनिक कार्यवाही प्रक्रिया आदि में प्रशिक्षण देना वांछनीय है।

१५--उच्चतर न्यायिक सेवा में चुनाव का प्रश्न भी अभी तक नहीं तय हो पाया है। आयोग का सदा से यह विचार रहा है कि अन्य सेवाओं की भांति उच्चतर न्यायिक सेवा के लिये भी आयोग द्वारा चुनाव किया जाना चाहिये, क्योंकि राज्य की विभिन्न सेवाओं के लिये चुनाव करना उनका संविधि कर्त्तव्य है। किन्तु इस प्रश्न पर अभी तक विचार विमर्श से आगे कोई प्रगति नहीं हुई है ।

१६--उपसंहार--आयोग को संतोष है कि केवल थोड़े से मामलों को छोड़कर, जिनका उल्लेख इस प्रतिवेदन में किया गया है, शासन तथा अन्य नियुक्ति प्राधिकारियों ने भारतीय संविधान एवं लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियमों के उप-बन्धों का समुचित रूप से पालन किया और आयोग के परामर्शों को भी यथाविधि मान लिया। आयोग मुख्य मंत्री के विशेष रूप से कृतज्ञ है कि जो मामले उनके समक्ष रक्खे गये, उन पर उन्होंने शीघ्र समुचित कार्यवाही की।

आज्ञा से,

इलाहाबाद :   पूरन चन्द्र पान्डे,

दिनांक २६ नवम्बर, १९६३ ई०।   सचिव।

परिशिष्ट

परिशिष्ट १

आयोग द्वारा १९६२–६३ वर्ष के अन्तर्गत किये गये कार्यों की सूची

१—परीक्षा द्वारा भर्ती—

(१)	ली गई परीक्षाओं की संख्या	१४
(२)	प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या	१३,८२१
(३)	अभ्यर्थियों की संख्या, जिन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई	१२,६६२
(४)	अभ्यर्थियों की संख्या, जो परीक्षा में बैठे ...	९,९७३
(५)	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या ..	१,०३७
(६)	चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या ..	३८९

२—साक्षात्कार के उपरान्त चुनाव द्वारा भर्ती—

(१)	निकाले गये विज्ञापनों की संख्या	६५४
(२)	विज्ञापित पदों की संख्या, जिनके लिये :	
	(क) चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया	५,३४९
	(ख) चुनाव वर्ष के अन्त तक नहीं किया जा सका ...	१,९५७
(३)	आवेदन–पत्रों की संख्या, जिनके लिये :	
	(क) चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया	३०,७७६
	(ख) चुनाव वर्ष के अन्त तक नहीं किया जा सका ...	२१,३४५
(४)	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	१०,८७०
(५)	चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	५,४९१

३—विविध विवरण—

(१)	अभ्यर्थियों की संख्या, जिनके सम्बन्ध में निम्नलिखित मामलों पर विचार किया गया :—	
	(क) बिना विज्ञापन के भर्ती	१३६
	(ख) पदोन्नति	३,४५०
	(ग) अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण	१,०१०
	(घ) स्थानान्तरण द्वारा भर्ती	१
	(ङ) पुष्टिकरण ...	३८६
(२)	विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तर्क्षेत्रीय खण्डों के उन कर्मचारियों की संख्या, जिन पर राज्य सेवाओं में विलीन करने के लिये विचार किया गया	१
(३)	निबटाये गये अपील के तथा आनुशासनिक मामले ...	६५
(४)	निबटाये गये असाधारण पेन्शन तथा/अथवा उपदान के मामले ...	२१
(५)	निबटाये गये वैद्य व्ययों के प्रत्यर्पण के मामले ...	१३
(६)	नियमावलियां तथा नियमावलियों के संशोधन, जिन पर विचार किया गया	७८
(७)	अन्य महत्वपूर्ण प्रकीर्ण निर्देश, जिन पर विचार किया गया ...	९०

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा मे बैठे हुये अभ्यर्थियो की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१	अधीनस्थ राजस्व (अधिशासी) सेवा में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिये सम्मिलित परीक्षा, १९६१						(१) आयोग का परीक्षा भवन
	(१) नायब तहसीलदार	३०	२,०४१	१,८७६	१,५८०	२३,२४ एवं २५ नवम्बर, १९६१	(२) एन० ए० एस० कालेज, मेरठ
	(२) पेशकार	३					(३) राजकीय पालीटेक्निक एवं प्राविधिक संस्थान, गोरखपुर
	(३) कलेक्शन नायब तहसीलदार	२०					

१९६२-६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श-दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
श्री शिव चरन लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक एवं सेवा आयोग	१५, १६, १७, १८ २१, २२ २३, २४ एवं २५ मई, १९६२	...	...	...	...	*तहसीलदार के पद पर अनुसूचित जाति के एक अभ्यर्थी तथा पेशकार के पद पर एक सामान्य अभ्यर्थी की नियुक्ति के आदेशों की प्रतीक्षा थी।
(२) श्री बी० एल० शर्मा, प्रधानाचार्य					(१)-२९ (२)-२ (३)-शून्य†	†कलेक्शन नायब तहसीलदार आदि पदों के चुनाव के लिये अधियाचन आयोग *के पास आ जाने के बाद कलेक्शन नायब तहसीलदार के पदों की स्थिति बदल गई।
(३) श्री एम० वी० रामाराव प्रधानाचार्य	...	२६३	७			अस्थायी पद, जिनके लिये चुनाव किये गये थे, स्थायी हो गये और नायब तहसीलदार तथा कलेक्शन नायब तहसीलदार के संवर्ग ५ नवम्बर, १९६२ से एक में मिला दिये गये। विलीनीकरण हो जाने पर कलेक्शन नायब तहसीलदार के पद

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
२	उ०प्र० असैनिक (न्यायिक) सेवा, १९६१	१६‡	६०६	५०८	३७६	२७ व २८ नवम्बर, १९६१	लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद

२—(क्रमशः)

१९६२-६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श-दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
						अब नियमित नायब तहसीलदार के सम्मिलित संवर्ग के अंग हो गये हैं। इन परिस्थितियों में यह निश्चय किया गया कि कलेक्शन नायब तहसीलदार के पदों के लिये संस्तुत अभ्यर्थियों को नियमित नायब तहसीलदार के स्थायी पदों पर नियुक्त किया जाय। इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेशों की प्रतीक्षा है।
श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना, स० सचिव, लो० से० आयोग, उ० प्र०	९, १०, ११ व १२ अप्रैल, १९६२	न्यायाधीश श्री बी० जी० ओक, आई० सी० एस०, हाई कोर्ट, इलाहाबाद	६७	२१	२१	‡रिक्तियों की संख्या बाद में बढ़कर १६ से २१ हो गई और सभी संस्तुत अभ्यर्थी नियुक्त कर दिये गये।

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा——						
३	(१) उ० प्र० असैनिक (अधिशासी) सेवा	१२	१,६२७	१,३८०	१,०२२	५, ६, ७, ८, ९, ११ १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २१, २२ व २३ दिसम्बर, १९६१	(१) लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद (२) सिनेट हाल, प्रयाग विश्वविद्यालय
	(२) उ० प्र० पुलिस सेवा	१२					
	(३) उ० प्र० वित्त तथा लेखा सेवा	११					
	(४) उ० प्र० बिक्री-कर अधिकारी सेवा	२					
	(५) उ० प्र० परिवहन संगठन म सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी	२					

२—(क्रमशः)

१९६२—६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श-दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये गए अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री मु० सक्सेना स० सचिव तथा (२) श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र० (३) श्री जे० ई० कर्न्स, अधीक्षक, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	२८, २९, ३० व ३१ मई, १९६२ तथा १, ४, ५, ६, ७, ८, ११, १२, १४, १५ व १८ जून, १९६२	सर्वश्री एच० के० कर तथा ए० एस० गुप्त उप-कारागार महानिरीक्षक, उ०प्र० केवल उ० प्र० पुलिस सेवा के लिये। श्री कर २८ मई से १ जून तक और श्री गुप्त ४ से १२ जून, १९६२ तक रहे।	२६०	(१) (२)} ३१ (५) (३) (४)} ३२	(१)-१२ (२)—८ (३)—शून्य (४)—,, (५)—,,	बाद में इस परीक्षा के आधार पर क्षेत्रीय लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां तथा पंचायत के पद के लिये एक अभ्यर्थी का चुनाव करने का निश्चय हुआ। तद-नुसार इस पद के लिये भी एक अभ्यर्थी संस्तुत किया गया, जो स्तम्भ १३ में दिखलाये गये ३२ अभ्यर्थियों में शामिल है। उ० प्र० असैनिक (अधिशासी) सेवा की सभी रिक्तियों तथा उ० प्र० पुलिस सेवा की केवल ८ रिक्तियों के लिये नियुक्ति आदेश प्राप्त हुये और शेष रिक्तियों के संबंध में आदेश अब भी प्रतीक्षित हैं।

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
४	सहकारिता लेखा परीक्षा संगठन में पुनरीक्षित वेतनक्रम में नियुक्ति के लिये लेखा परीक्षकों की अर्हकारी उपपरीक्षा	...	१७८	१७८	१३५	१३ व १४ फरवरी, १९६२	लोक सेवा आयोग परीक्षाभवन इलाहाबाद
५	लोक सेवा आयोग, उ० प्र० के कार्यालय में वैयक्तिक सहायक	२	१३	११	८	२६ व २७ मार्च, १९६२	तदैव
६	लोक सेवा आयोग, उ० प्र० के कार्यालय में विभागीय अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित प्रवर वर्ग सहायक	३	२१	१८	१८	तदैव	तदैव
७	उ० प्र० अधीनस्थ सब-रजिस्ट्रार सेवा में सब-रजिस्ट्रार	२१	२२३	१९४	१४२	१,२ व ३ मई १९६२	लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद

२—(क्रमशः)

१९६२–६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श-दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	...	...	..	३०	३०	..
श्री मुनी-श्वरानन्द सक्सेना, स०सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	१७ मई, १९६२	...	२	२	२	...
श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	...	..	..	९	९	बाद में रिक्तियों की संख्या बढ़ कर ३ से ९ हो गई।
श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	१ व ३ अगस्त, १९६२	...	४	२१	२१	

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती--

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
८	सहायक बिक्री-कर अधिकारी/ मनोरंजन कर निरीक्षक	३७ ४	२,७४७	२,५१९	२,०४४	१७, १८ व १९ मई, १९६२	(१) एन० ए० एस० महाविद्यालय, मेरठ (२) सेन्ट जान्स महाविद्यालय, आगरा (३) बरेली महाविद्यालय, बरेली (४) डी० ए० वी० महाविद्यालय, कानपुर (५) लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ (६) राजकीय पालीटेक्निक तथा प्राविधिक संस्थान, गोरखपुर (७) लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद

२—(क्रमशः)

१९६२–६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गये अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री बी० एल० शर्मा, प्रधानाचार्य (२) श्री ए० सी० शर्मा, प्राध्यापक (३) श्री पी० एस० सुन्दरम, प्रधानाचार्य (४) श्री एस०पी० सिंह, प्रधानाचार्य (५) डा० सी० एन० ठाकोर, प्रधानाचार्य (६) श्री एम० बी० रामाराव, प्रधानाचार्य (७) श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	५,६,७, ८,९,१२ १३,१४, १५,१६, १९,२०, २१,२२ व २३ नवम्बर, १९६२	..	३०१	७६	..	मनोरंजन कर निरीक्षक के पदों की रिक्तियां बाद में ४ से १६ हो गयीं। वास्तविक नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित रहे।

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
९	आशुलिपिक— (१) उ० प्र० सचिवालय में (२) लोक सेवा आयोग, उ० प्र० के कार्यालय में	 ४३ १	२९५	२७८	२१०	२२,२३ व २४ मई, १९६२	लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ
१०	फारेस्ट रेंजर्स कोर्स, १९६२-६४	१०	३२२	३०४	२५२	२५,२६ व २७ मई, १९६२	लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद
११	विभागीय अभ्यर्थियों की पदोन्नति से खंड विकास अधिकारी	२४२	१,६८७	१,६६३	१,५४८	३० व ३१ मई, १९६२	(१) एन० ए० एस० कालेज, मेरठ (२) विद्यान्त हिन्दू डिग्री कालेज, लखनऊ (३) राजकीय पालीटेक्निक तथा प्राविधिक संस्थान, गोरखपुर (४) लोक सेवा-आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद ।

२—(क्रमशः)

१९६२–६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श–दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
डा० सी० एम० ठाकोर, प्रधानाचार्य	..	..	..	५९	३६	७ अभ्यर्थियों के विषय में नियुक्ति आदेश प्रतीक्षित रहे ।
श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	१९,२०, २८,२९ व ३० नवम्बर, १९६२	श्री बी० एन० चतुर्वेदी वन पाल, दक्षिण वृत्त	६९	१६	१०	
(१) श्री बी० एल० शर्मा, प्रधानाचार्य (२) श्री जी० एल० दीक्षित, उपप्रधानाचार्य, (३) श्री एस० डी० दुबे, प्रभारी प्रधानाचार्य, (४) श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..	..	..	..	..	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व उपपरीक्षा नहीं ली जा सकी ।

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती—

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१२	वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९६३—६५	८	१९०	१४९	९७	२५, २६, २७, २८ व ३० जुलाई, १९६२	लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, उ० प्र०, इलाहाबाद
१३	निम्नलिखित पदों के चुनाव के लिये सम्मिलित परीक्षा—						
	[१] उ० प्र० सचिवालय के लिये—						
	(१) प्रवर वर्ग सहायक	बा—६० वि०—६०					(१) आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
	(२) अवर वर्ग सहायक	बा०—३०	२,२४३	२,०९४	१,८६९	२६, २७ व २८ सितम्बर, १९६२	(२) विद्यान्त हिन्दू कालेज, लखनऊ
	(३) अवर वर्ग सहायक (अस्थायी पद)	बा०—१५०					
	[२] उ० प्र० लोक सेवा आयोग कार्यालय के लिये—						(३) अग्रवाल विद्यालय, महाविद्यालय, लखनऊ
	(१) प्रवर वर्ग सहायक	बा—१					(४) लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद
	(२) अवर वर्ग सहायक	बा—३					

२—(क्रमशः)

१९६२–६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्श-दाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
श्री मुनी श्वरानन्द सक्सेना, स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	८ व ९ नवम्बर, १९६२	श्री एस० एम० सिब्टैन, वन-पाल, पश्चिमी वृत्त	०	११	८	...
(१) श्री टी० पी० मित्तल, उपनिबंधक, (२) श्री एस० सी० मुकर्जी, प्रधानाचार्य, (३) श्री आर० प्रसाद, प्रधानाचार्य (४) श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..	..	..	..	...	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में संस्तुतियां नहीं भेजी जा सकीं।

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१४	उ० प्र० अधीनस्थ आबकारी सेवा में आबकारी निरीक्षक	७	२६०	१८०	११७	३, ४ व ५ अक्टूबर, १९६२	लोक सेवा-आयोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद
१५	उ०प्र०अभियन्ता सेवा में निम्नलिखित पदों के चुनाव के लिये सम्मिलित परीक्षाः—						
	(१) उ० प्र० सा० नि० वि० में सहायक अभियन्ता (असैनिक)	१३०					
	(२) उ० प्र० सिंचाई विभाग में सहायक अभियन्ता (असैनिक)	२५६					
	(३) उ० प्र० स्वायत्त शासन अभियन्त्रण विभाग में सहायक अभियन्ता (असैनिक)	३९	९१८	८४५	३६६	८, ९, १०, १२, १३, १४ व १५ नवम्बर, १९६२	तदेव
	(४) उ० प्र० सिंचाई विभाग में सहायक अभियन्ता (यांत्रिक)	१४					
	(५) उ० प्र० सा० नि० वि० में सहायक अभियन्ता (विद्युत् एवं यांत्रिक)	१३					
	(६) उ० प्र० स्वायत्त शासन अभियन्त्रण विभाग में सहायक अभियन्ता (विद्युत् एवं यांत्रिक)	३					

२—(क्रमशः)

१९६२–६३

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्शदाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
श्री शि० च० लाल गुप्त, अ० स० सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..	...	...	...	..	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व उप-परीक्षा नहीं ली जा सकीं।
[illegible] कृ० शर्मा, उप-सचिव लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..					

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१६	(१) उ० प्र० असैनिक (न्यायिक) सेवा (२) उ० प्र० न्यायिक अधिकारी सेवा के लिये सम्मिलित परीक्षा	२५ २५	१,१२४	९९८	७५९	२३,२४ व २५ नवम्बर, १९६२	(१) लोक सेवा आयोग परीक्षा भवन इलाहाबाद (२) अधिकारी प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद
१७	अधीनस्थ राजस्व (अधिशासी) सेवा में निम्नलिखित पदों के चुनाव के लिये सम्मिलित परीक्षा:--						(१) एन० ए० एस० कालेज, मेरठ (२) आगरा कालेज, आगरा
	(१) नायब तहसीलदार (२) पेशकार	३७ ४	२,०५२	१,८९५	१,४६९	२८,२९ व ३० नवम्बर, १९६२	(३) विद्यान्त हिन्दू डिग्री कालेज, लखनऊ

२

भर्ती

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि	प्राविधिक परामर्शदाता का नाम, यदि कोई हो	साक्षात्कार हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या	संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	नियुक्त किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४	१५
(१) श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना, स०सचिव, लोक सेवा आयोग, उ०प्र० (२) श्री के० कृ० शर्मा, उप-सचिव लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	...	...	..	..	...	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व उपपरीक्षा नहीं ली जा सकी ।
(१) श्री बी०एल० शर्मा, प्रधानाचार्य, (२) श्री आर० के० चतुर्वेदी, प्राध्यापक तथा अध्यक्ष, गणित विभाग (३) श्री जी० एल० दीक्षित, उपप्रधानाचार्य	..	..	..	.		

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा मे बैठे हुये अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
१८	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा--						
	(१) उ० प्र० असैनिक (अधिशासी) सेवा	२५					
	(२) उ०प्र० पुलिस सेवा	२०	१,७२६	१,५१७	१,०८१	५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २१ तथा २२ दिसम्बर, १९६२	(१) लोक सेवायोग परीक्षा भवन, इलाहाबाद (२) सिनेट हाल, प्रयाग विश्व-विद्यालय
